औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित | www.navbihartime.com | बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 350
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
25 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1963:** अफ्रीकी देशों को एकजुट करने के इरादे से 32 देशों ने अफ्रीकी संघ का गठन किया।
**1998:** यूरोपीय संघ के सदस्य देश परमाणु परीक्षणों के कारण भारत पर प्रतिबंध न लगाने के लिए सहमत हुए।
**2008:** नासा द्वारा भेजा गया रोबॉट आज ही के दिन मंगल ग्रह पर उतरा।
**2013:** जापान के युइशिरो मिडरा ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने का रिकार्ड बनाया।

**जिन्दगी में अगर खुशी चाहिए तो पैसों को जेब में रखना दिमाग में नहीं।**

## नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री का राज्यों को सुझाव

# टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नीति आयोग की बैठक आयोजित की गयी। गवर्निंग काउंसिल की बैठक का विषय 'विकसित राज्य के लिए विकसित भारत 2047' था। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। यह 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। वहां सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचे उपलब्ध कराने चाहिए। एक राज्य- एक वैश्विक गंतव्य। इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून और नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। हमें इस तरह काम करना चाहिए कि लागू की गई नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव ला सकें। जब लोग बदलाव महसूस करते हैं, तभी यह बदलाव मजबूत होता है और बदलाव को एक आंदोलन में बदल देता है। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक बड़ा अवसर है। हमें एक लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए- 2047 तक भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। अगर हम इन तर्ज पर काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

# दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को दो दिन के दौरे पर दिल्ली गए। वह रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। साथ ही पीएम मोदी की अध्यक्षता में होने वाली एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के काम-काज की समीक्षा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार की ओर से राज्यों में जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उसे लेकर मुख्यमंत्रियों से फीडबैक लिया जायेगा। इसी को लेकर पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीच भी चर्चा होगी। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि रविवार को जो बैठक है, उसी के लिए आए हैं। पहले जो समय था वो थोड़ा आगे और बढ़ सकता है। उधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली पहुंचने के पहले ही पोस्टरों के जरिए बड़ा संदेश देने की कोशिश की गई है। दिल्ली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह जलवा बड़े बड़े नेताओं के साथ लगे पोस्टरों में देखा जा रहा है। एनडीए शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मिलेंगे जो बिहार विधानसभा चुनावों के पहले एनडीए की एकजुटता का बड़ा संकेत होगा। सूत्रों की मानें तो एनडीए शासित मुख्यमंत्रियों की बैठक में 4-5 प्रस्ताव भी लाए जा सकते हैं। बैठक में बिहार विधानसभा चुनावों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श होने की संभावना है। प्रवासी बिहारियों को प्रोत्साहित कर चुनाव में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### फायरिंग अभ्यास के दौरान युवक को मारी गोली

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** गया जी में सेना के फायरिंग अभ्यास के दौरान बीघी गांव का युवक वीरेंद्र मांझी अचानक प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गया, जिस वजह से उसको गोली लग गई। उसे गंभीर हालत में मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां उसका इलाज चल रहा है। हालांकि उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### हार्ट अटैक से बीएसएफ जवान की गई जान

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बिदुपुर थाना क्षेत्र के साहदुल्लपुर चकफरीद मधुरापुर गांव निवासी बीएसएफ जवान राजू कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जवान राजू जम्मू-कश्मीर में तैनात थे और अपने चाचा चंद्रदीप राय के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 17 मई को ड्यूटी से छुट्टी लेकर घर आए थे।

### मकान में आग लगने से मां-बेटे की मौत

**सिवान(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के आंदर बाजार में शनिवार सुबह गैस रिसाव के कारण एक मकान में भीषण आग लग गई। घटना में नाश्ता बना रही महिला और उसके 12 वर्षीय बेटे की जिंदा जलने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान मदेशिलापुर गांव निवासी अजीत सिंह की पत्नी सरिता देवी (30) और उनके पुत्र अर्जुन कुमार (12) के रूप में हुई है।

### 20 साल से फरार दो नक्सली धराये

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जमुई पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियान में दो दशक से फरार चल रहे दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गुरूदयाल यादव उर्फ गुरूसहाय यादव और कैलू यादव उर्फ नुनेश्वर यादव को उसके पैतृक गांव पहाड़पुर थाना के चरकापत्थर से पकड़ा गया है। दोनों नक्सलियों पर साल 2005 में सोनो थाना में दर्ज मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 353, 307, 414, 121 के साथ आर्म्स एक्ट और सीएलए एक्ट की धाराएं लगी हैं। ये दोनों भूमिगत होकर अपनी गतिविधियां चला रहे थे।

### कुख्यात गुरुदेव मंडल पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** नवगछिया में रंगरा थाना क्षेत्र के मुरली सोनैया धार के पास शुक्रवार की देर रात एसटीएफ और जिला पुलिस की टीम ने एनकाउंटर में कुख्यात अपराधी गुरुदेव मंडल उर्फ फूफा को मार गिराया है। 2022 में गुरुदेव डीएसपी पर फायरिंग कर के भागा था। इसमें डीएसपी बाल-बाल बचे थे। एनकाउंटर के दौरान गुरुदेव के सीने और पैर में गोली लगी, जिसके बाद इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रंगरा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के अधार पर यह कार्रवाई की है।

# बिहार नगर निकायों के उपचुनाव की तारीखों का ऐलान

## 28 जून को होगा मतदान, मतगणना 30 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के नगर निकायों के उपचुनाव के लिए 28 जून को मतदान होगा। शनिवार को राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया। साथ ही, छह नगर निकायों पूर्वी चंपारण के नगर पंचायत मेहसी और पकड़ीदयाल, रोहतास के नगर पंचायत कोचस, पटना के नगर पंचायत खुशरूपुर और नौबतपुर तथा नगर पंचायत विक्रम में आम चुनाव होगा। इसके तहत तीन सीटों वार्ड पार्षद, उप मुख्य पार्षद और मुख्य पार्षद का चुनाव होगा। इसके लिए भी 28 जून को मतदान होगा और 30 जून को वोटों की गिनती होगी। मालूम हो कि उपचुनाव के तहत मुख्य पार्षद के 3, उपमुख्य पार्षद के 3 और वार्ड पार्षद की 45 सीटों के लिए मतदान होगा। उपचुनाव वाले नगर निकायों में नगर परिषद बांका, नगर पंचायत मैरवा (सीवान) और नगर पंचायत खिजरसराय (गया) के मुख्य पार्षद का पद शामिल हैं। इसके अलावा नगर परिषद बोधगया के उप मुख्य पार्षद के रिक्त पद पर भी उप चुनाव होगा। अन्य नगरपालिका क्षेत्र में वार्ड सदस्यों के रिक्त पदों पर उप चुनाव कराया जाएगा। नगर निकायों में आम चुनाव एवं उपचुनाव को लेकर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो चुका है। इसके बाद उपचुनाव का कार्यक्रम जारी किया गया है।

## बक्सर में अपराधियों ने एक ही परिवार के पांच लोगों पर बरसाईं गोलियां

# तीन भाइयों की मौत, दो गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बक्सर।** राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में शनिवार सुबह अपराधियों ने एक ही परिवार के पांच लोगों को भून डाला। इसमें तीन सगे भाइयों की मौत हो गई। वहीं दो लोगों की हालत गंभीर है। वारदात के बाद इलाके में सनसनी मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों और परिजनों ने घटना के विरोध में जमकर बवाल किया। लोगों ने ट्रक लगाकर सड़क जाम कर दिया। लोग हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने में जुट गई है। मरने वालों की पहचान विनोद सिंह यादव, सुनील सिंह यादव और वीरेंद्र सिंह यादव के रूप में हुई है। स्थनीय लोगों का कहना है कि अहियापुर गांव के विनोद सिंह यादव और सुनील सिंह यादव का शुक्रवार को गांव के ही कुछ लोगों से गिट्टी-बालू के व्यवसाय को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद आज सुबह लगभग पांच बजे नहर के पास तीनों टहल रहे थे। इसी बीच कार से कुछ अपराधी आए और गोलीबारी करने लगे। इसमें तीनों भाइयों को गोली मार दी। इन्हें बचाने आए परिवार के अन्य सदस्यों को भी गोली मार दी। इस घटना में विनोद सिंह यादव और सुनील सिंह यादव की मौत हो गई जबकि वीरेंद्र सिंह यादव, पुंज सिंह यादव समेत तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल कोचस स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें बनारस रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान वीरेंद्र सिंह यादव की भी मौत हो गई है। प्रशासन ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है। एक अन्य घायल पुंज सिंह यादव की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद अहियापुर गांव में मातम पसरा हुआ है और ग्रामीण सहमे हुए हैं। इधर, राजपुर थानेदार संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि यह पूर्व से चली आ रही दुश्मनी का परिणाम है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी शुभम आर्य और सदर एसडीपीओ धीरज कुमार भी मौके पर पहुंचे। एसपी ने कहा कि सूचना मिली कि दो गाड़ियों से अपराधी आए थे। इन लोगों ने ही वारदात को अंजाम दिया है। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। एसडीपीओ को निर्देश दिया गया है कि विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तार करें। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अंचल कार्यालय का डाटा ऑपरेटर घूस लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** सासाराम सदर अंचल कार्यालय से शनिवार को भ्रष्टाचार का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पटना से आई निगरानी विभाग की एक टीम ने सदर अंचल कार्यालय में कार्यरत डाटा ऑपरेटर आकाश कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोप है कि डाटा ऑपरेटर आकाश कुमार द्वारा भूमि के दाखिल खारिज को लेकर एक लाख दस हजार रुपए की मांग की गई थी। इसके आलोक में पीड़ित के शिकायत पर निगरानी विभाग की टीम ने आज रिश्वत की रकम के साथ डाटा ऑपरेटर को गिरफ्तार कर अपने साथ पटना ले गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला सदर अंचल के मिर्ज़ापुर मौजा में लगभग डेढ़ बीघे भूमि को लेकर बताया जाता है। मामले में सासाराम के प्रतापगंज मोहल्ला निवासी पंकज कुमार ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर डीसीएलआर कोर्ट में मेरे द्वारा एक अपील की गई थी, जिसमें विवादित भूमि का म्यूटेशन रद्द करने के लिए आदेश पारित था और इसी आदेश के आलोक में सासाराम अंचल कार्यालय में दो बार आवेदन दिया, लेकिन अंचलाधिकारी द्वारा बार-बार डाटा ऑपरेटर से मिलने की बात कही गई। उन्होंने बताया कि जब डाटा ऑपरेटर आकाश कुमार से बात हुई तो उन्होंने दाखिल-खारिज के लिए एक लाख दस हजार रुपए की मांग की। वहीं इन लोगों द्वारा बार-बार पैसे के लिए दबाव बनाया गया, जिसके बाद मैंने इसकी सूचना निगरानी विभाग को दी। निगरानी विभाग की इस कार्रवाई से अंचल कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है। कार्रवाई के संदर्भ में निगरानी विभाग के डीएसपी अमरेंद्र प्रसाद विद्यार्थी ने बताया कि सासाराम अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज के लिए रिश्वत मांगे जाने को लेकर पीड़ित पंकज कुमार द्वारा एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। विभाग द्वारा शिकायत का सत्यापन कर एक धावा दल का गठन किया गया और आज डाटा ऑपरेटर आकाश कुमार को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। यह भी बताया कि पूरे मामले में अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों के संलिप्तता की जांच की जाएगी।

## तीन लाख रुपये घूस लेते अंचल निरीक्षक गिरफ्तार

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में निगरानी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। जयनगर अंचल के अंचल निरीक्षक अजय कुमार मंडल को टीम ने तीन लाख रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अजय कुमार मंडल ने दाखिल-खारिज के लिए 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में की थी। इसी शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई हुई। इधर, अंचल निरीक्षक की गिरफ्तारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। निगरानी की टीम अजय कुमार मंडल को लेकर पटना रवाना हो गई। आरोपित को उसके चित्रगुप्त नगर कॉलोनी जयनगर स्थित किराए के मकान से गिरफ्तार किया गया। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार जयनगर निवासी इन्द्रजीत कुमार ने ब्यूरो में दाखिल-खारिज करने के एवज में रिश्वत की मांग को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी।

**BAYC Institute** स्थापित 1972
**बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज**
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




**DIPLOMA COURSE**
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

**BACHELOR DEGREE COURSE**
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

**MASTER DEGREE COURSE**
MD (Acu Yoga) | MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS


**PROFESSIONAL COURSE**
BLIS | MLIS | BBA | MBA

**TRADITIONAL COURSE**
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

# सशक्त बनकर उभरी बिहार की महिलाएं : श्रवण कुमार

**पुष्पांकर / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार ऐसा पहला राज्य है, जहां जीविका की दीदियों का अपना बैंक हो गया है और अब दीदियों को पैसे के लिए किसी के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने शनिवार को जिले के खरीक प्रखंड में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की महिलाओं के उत्थान के लिए बिहार सरकार कई कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच की वजह से आज समूचे बिहार में जीविका दीदियों के संगठन का जाल फैला हुआ है और इसके माध्यम से महिलाएं आज सशक्त बनकर उभरी हैं। श्री कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से जीविका की शुरुआत की थी। आज पूरे राज्य में 10 लाख 36 हजार से ज्यादा स्वयं सहायत समूहों का गठन किया जा चुका है। आज समूह से जुड़ी दीदियां कितनी तरक्की कर कर रही है। पहले महिलाएं घर से बाहर से भी नहीं निकलती थीं। लेकिन अब महिलाएं घर से बाहर निकलकर सभी तरह के काम कर रही है। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि हाल में राज्य मंत्रिपरिषद ने दीदियों के लिए दो फैसले लिए हैं। पहला तो जीविका निधि के रूप में जीविका के लिए एक अलग सहकारी बैंक बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय की साफ सफाई का काम जीविका दीदियों को दिया गया है। इससे जीविका दीदियों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलने की संभावना है। कार्यक्रम में उपस्थित जीविका दीदी संगठन की कई महिलाओं अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ आज वे कितनी आगे बढ़ी है। अंजना कुमारी ने कहा कि समूह से ऋण लेकर उन्होंने मसाला और खाद्य प्रसंस्करण उद्यम की स्थापना की। आज वह अपने उद्यम सफलतापूर्वक संचालित करते हुए प्रतिमाह 12 से 15 हजार रुपए की आय अर्जित कर रही है।

## कोचिंग में पढ़ाने वाले सरकारी शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षक निजी ट्यूशन या कोचिंग में नहीं पढ़ा सकते हैं। यदि कोई शिक्षक ट्यूशन या कोचिंग में पढ़ाएंगे तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि स्कूल अवधि के बाद बच्चे प्राइवेट शिक्षक से ट्यूशन ले सकते हैं। शिक्षा की बात : हर शनिवार के 15 वें एपिसोड में शिक्षकों के प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि गर्मी छुट्टी के बाद स्कूलों में छात्र-छात्राओं की बायोमेट्रिक हाजिरी बनेगी। इसमें छात्र-छात्राओं के चेहरे को स्कैन कर हाजिरी बनायी जाएगी। इस पर विचार किया जाएगा कि गर्मी छुट्टी में सरकारी स्कूल के बच्चों को स्थानीय कलाकार म्यूजिक, आर्ट, क्राफ्ट आदि का प्रशिक्षण स्थानीय कलाकारों से दिलायी जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में एक लाख 30 हजार शिक्षकों का जिला में तबादला कर दिया गया है।

# महिलाओं एवं किशोरियों के प्रजनन स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने पर दिया जा रहा जोर : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि महिलाओं और किशोरियों के प्रजनन स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता जागरुकता संबंधी आयोजन किए जा रहे हैं। उसी क्रम में 28 मई को किशोरियों एवं महिलाओं में स्वच्छता का ख्याल रखने के प्रति राज्य में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जागरूकता कार्यक्रम 28 एवं 30 मई को पटना के दो स्कूलों (राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गर्दनीबाग व राजकीय कन्या मध्य विद्यालय अदालतगंज) में आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त राज्य के 26 जिलों के एक-एक विद्यालय एवं जिलों द्वारा चयनित किन्ही 3 प्रखंडों के एक- एक विद्यालय में 26 मई से 31 मई 2025 तक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इस दौरान समुदाय के बीच मासिक धर्म देखभाल, मासिक स्वच्छता एवं उस दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी। सभी जागरूकता कार्यक्रम राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित होगी। श्री पांडेय ने कहा कि महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता पर किशोरियों और महिलाओं को जागरूक करना बहुत आवश्यक है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों को किया जाएगा जिसमें शैक्षणिक कार्यशाला एवं सेमिनार, रैली, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण के साथ विद्यालयों में जागरूकता सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान से जुड़कर छात्राएं न केवल स्वयं जागरूक होंगी बल्कि समाज में भी सकारात्मक संदेश पहुंचाएंगी। श्री पांडेय ने कहा कि महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए सरकार की ओर से हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। महिला स्वच्छता एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है। अस्वच्छता इसकी सबसे बड़ी दुश्मन बन सकती है। राज्य में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत महिलाओं और किशोरियों को स्वच्छता के लिए अस्पताल स्तर पर उचित सलाह प्रदान करायी जाती है। सरकार स्वस्थ बिहार की परिकल्पना में किशोरी एवं महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य को प्राथमिकता से शामिल करने की दिशा में प्रतिबद्ध है।

## 3218 छात्राओं ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में लिया एडमिशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नये सत्र में एडमिशन के लिए 3500 का लक्ष्य रखा गया है। जिले के 33 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अब तक 3218 छात्राओं ने विभिन्न क्लास में एडमिशन लिया है। इसमें टाइप 4 श्रेणी के स्कूलों में कक्षा 9वीं और 11वीं, टाइप वन श्रेणी के स्कूलों में कक्षा छह, टाइप 3 श्रेणी के स्कूलों में कक्षा छह, नौ और 11वीं में कुल 3218 छात्राओं ने एडमिशन लिया है। जिले के कुल 33 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 31 मई तक 3500 एडमिशन का लक्ष्य रखा गया है। 31 मई तक कक्षा छह और 9वीं में इच्छुक छात्राएं एडमिशन ले सकती हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं को निशुल्क आवासीय सुविधा के साथ ही प्रति माह हेल्थ चेकअप, मेडिकल इंशोरेंस, प्रतिमाह 100 रुपये स्टाइपेंड मनी और स्टेशनरी के साथ ही यूनिफॉर्म की सुविधा प्रदान किया जाता है।

## विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक संतुलन के महत्व के प्रति किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चयनित स्वयंसेवकों ने विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी (शाखा- पटना) द्वारा आयोजित 'युवा नेतृत्व कार्यशाला' में अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। कार्यशाला में सभी नामित स्वयंसेवक समय पर उपस्थित हुए और उन्होंने पूरे मनोयोग से विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की। कार्यशाला की शुरुआत प्रातः 7 बजे योगाभ्यास सत्र से हुई जिसमें विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक संतुलन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इसके उपरांत आयोजित समूह चर्चा (ग्रुप डिस्कशन) सत्र में नेतृत्व, नैतिक मूल्य और राष्ट्रीय चेतना जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया जिससे प्रतिभागियों के चिंतन और दृष्टिकोण में परिपक्वता आई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सजगता और सकारात्मक दृष्टिकोण का संचार करना था। छात्रों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सभी सत्रों में सक्रिय सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार साव ने कहा ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उन्हें एक जागरूक और उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी करते हैं। बी. डी. कॉलेज, पटना से कार्यशाला में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों में जानवी यादव, सपना सिंह, नेहा कुमारी, रेशमी कुमारी, दीप्ती कर्ण, जयश्री, अलीशा कुमारी, इशिता रतन सिंह, गौरव कुमार, इशिका रॉय, टाइशन कुमारी सिंह, उज्ज्वल कुमार दूबे, विकास कुमार, अमित कुमार ठाकुर और अमन कुमार साहनी शामिल थे।

## आयुर्वेद के महान चिकित्सक वैद्यनाथ ओझा की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जाने माने समाज सेवी, आयुर्वेदाचार्य एवं स्वतंत्रता सेनानी वैद्यनाथ ओझा की 34वीं पुण्यतिथि संचारनगर खगौल में 'वैद्यनाथ जानकी सामाजिक सेवा संस्थान' के तत्वावधान में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ ओझा की अध्यक्षता में मनाई गई।

इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था 'वैद्यनाथ ओझा एवं राजनीति'। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अमरेंद्र नाथ ओझा ने बताया कि स्वर्गीय वैद्यनाथ ओझा के नजरों में राज नीति का सीधा संबंध जन सेवा और विचारों की शुद्धता से होनी चाहिए, लेकिन आज राजनीति पतन की ओर अग्रसर है जिसके मूल में रजनीतिज्ञों की पदलोलुपता, स्वार्थपरायणता तथा अनैतिकता है। संगोष्ठी के परिचर्चा में भाग लेते हुए संस्थान के संरक्षक और बिहार प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत पुरूषोतम ओझा ने स्वर्गीय ओझा जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका रहन सहन और दिनचर्या से एक ओर जहां उनके विचारों की ऊंचाई और जनसेवा की भावना स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है वही दूसरी ओर राजनीति भी सच्चे अर्थों में परिभाषित होती है। अपने विचारों को व्यक्त करते हुए बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट विनीत रंजन ने बताया कि अपने जीवन में उनके आचरण को अपना लेने मात्र से ही हम राजनीति सहित अन्य क्षेत्रों में भी सुचिता को प्राप्त कर सकते हैं। संगोष्ठी में भाग लेने और श्रद्धांजलि देने वालों में नन्द कुमार चौबे, उमाशंकर पाठक, बंटी कुमार, श्रीमती आशा, श्रीमति प्रमिला, अयान्श आदि प्रमुख थे।

## डकैती करने वाले गिरोह के सात अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फतुहा थाना की पुलिस ने घर में घुसकर हथियार के बल पर डकैती की बड़ी घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के सात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग ने पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में फतुहा के गौरेया स्थान निवासी अभिषेक कुमार, गोविंदपुर निवासी रोहित कुमार उर्फ छेदी, फतुहा निवासी गोलू, रॉकी पांडेय, मनीष राज, नदी थाना क्षेत्र के ध्रुव व चंदन (दोनों भाई) शामिल हैं। पूछताछ के बाद फतुहा के ही रहने वाले मां काली ज्वेलर्स दुकानदार मनीष राज को भी गिरफ्तार किया गया है।

## तेजप्रताप ने किया 12 साल पुराने प्यार का इजहार, गर्लफ्रेंड अनुष्का के साथ तस्वीर शेयर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजनीति के गलियारों में चौंकाने वाली खबरें आम होती हैं, लेकिन जब ये खबर दिल से जुड़ी हो तो वो सुर्खियां बन जाती है। इस बार सुर्खियों में हैं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और बिहार के चर्चित विधायक तेजप्रताप यादव। उन्होंने शनिवार शाम एक ऐसा पोस्ट किया जिसने सियासी हलकों को नहीं, बल्कि दिलों को हिला दिया। तेजप्रताप यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर अपनी गर्लफ्रेंड अनुष्का यादव के साथ एक प्यारी सी तस्वीर साझा की और लिखा-'मैं तेज प्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं उनका नाम अनुष्का यादव है! हम दोनों पिछले 12 सालों से एक दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हमलोग पिछले 12 सालों से एक रिलेशनशिप में रह रहे हैं। मैं बहुत दिनों से आपलोगों से यह बात कहना चाहता था, पर समझ नहीं आ रहा था कैसे कहूं?' तेजप्रताप का यह खुलासा किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं लगा–जहां एक राजनेता, जिसके निजी जीवन को लेकर पहले भी कई बार चर्चाएं हो चुकी हैं, अचानक 12 साल पुराने रिश्ते की घोषणा करता है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने जो तस्वीर शेयर की है, उसमें दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही है। हालांकि तेजप्रताप की शादी और फिर तलाक को लेकर बीते वर्षों में खूब विवाद और चर्चा रही, ऐसे में उनका यह खुलासा कि वे 12 साल से अनुष्का के साथ रिलेशन में हैं लोगों की रूचि का विषय बन गया। राजनीति के मैदान में अक्सर तेज रफ्तार और तीखे तेवर दिखाने वाले तेजप्रताप इस बार बेहद नरम और भावुक अंदाज में नजर आए। उन्होंने यह भी लिखा कि उन्हें बहुत दिनों से इस बात को बताने की इच्छा थी, लेकिन कहने का तरीका नहीं सूझ रहा था। अब जब उन्होंने कह दिया है तो सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है–कोई उन्हें बधाइयां दे रहा है तो कोई पुराने किस्सों की याद दिला रहा है। तेजप्रताप के इस इजहार-ए-मोहब्बत ने यह साबित कर दिया है कि राजनीति की धूल भरी गलियों में भी दिल धड़कते हैं और कभी-कभी 12 साल तक चुपचाप।

## साइबर बदमाशों ने आर्मी ऑफिसर बन की 1.28 लाख की ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** साइबर बदमाशों ने नालंदा निवासी रवि कुमार को आर्मी ऑफिसर बन कर 1.28 लाख रुपये की ठगी कर ली। उन लोगों ने फोन कर रवि को बताया कि वह दानापुर में पोस्टेड है और उसका ट्रांसफर कश्मीर हो गया है। इसके कारण वह अपना सामान बेचना चाहता है। इसके बाद उसने सामान का फोटो भेजा और 1.28 लाख पर बात फाइनल हुई। रवि ने उसे 1.28 लाख रुपया दे दिया। इसके बाद साइबर बदमाशों ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। इसके बाद रवि कुमार ने साइबर थाने में केस दर्ज करा दिया है। बाढ़ निवासी रूबी देवी को साइबर बदमाशों ने बैंक अधिकारी बनकर झांसे में लिया और बताया कि आपका बैंक अकाउंट बंद हो गया है। इसके बाद खाता चालू करने मोबाइल फोन का स्क्रीन शॉट शेयर करने को कहा। रूबी ने वैसे ही किया और उनका मोबाइल फोन हैक कर बदमाशों ने खाते से 80 हजार रुपये की निकासी कर ली।

## विश्वकर्मा समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक में राजनीतिक भागीदारी और रैली पर होगी चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव भिखारी शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 25 मई को पटना के बेली रोड स्थित होटल बुद्धा रेसीडेंसी में महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्यभर से विश्वकर्मा समाज के सुचारू रूप से कार्यरत संगठनों के प्रमुख, महासंघ के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, सोशलएक्टिविस्ट, जनप्रतिनिधिगण, कर्मवीर युवा एवं मातृत्व शक्ति भाग लेंगे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिकोण से जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा गांधी मैदान में एक विशाल रैली आयोजित करने जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। भिखारी शर्मा ने विश्वकर्मा समाज के सभी लोगों से अधिकतम संख्या में उपस्थित होकर इस निर्णायक चर्चा में भाग लेने की अपील की है।

## गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में हनुमान जी का चोला पूजन, प्रो. रणवीर नंदन ने निभाई परंपरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के प्रतिष्ठित गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी परिसर में शनिवार को हनुमान जी के चोला पूजन का आयोजन हुआ। यह पूजन पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणवीर नंदन की अगुवाई में सम्पन्न हुआ जो हर शनिवार इस आध्यात्मिक परंपरा को निभाते हैं। हनुमान जी की यह प्रतिमा गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में लगभग 125 वर्षों से स्थापित है। चोला पूजन की यह परंपरा इस मंदिर की पहचान बन चुकी है जिसे श्रद्धालु विशेष श्रद्धा और विश्वास के साथ निभाते हैं। इस अवसर पर हनुमान जी के पूरे विग्रह पर सिंदूर और चमेली के तेल का लेप चढ़ाया गया, उन्हें नया जनेऊ पहनाया गया और विशेष पूजन विधि से आरती सम्पन्न की गई। प्रो. रणवीर नंदन ने बताया कि हनुमान जी को चोला चढ़ाने से मानसिक, शारीरिक शक्ति में वृद्धि होती है और व्यक्ति ग्रहों के अशुभ प्रभाव, बीमारियों तथा नकारात्मक ऊर्जा से मुक्त होता है। उनके अनुसार मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी की पूजा करना विशेष फलदायक माना जाता है और चोला पूजन उसमें अत्यंत शुभ है। पूर्व विधान पार्षद और शिक्षाविद प्रो. रणवीर नंदन न केवल राजनीतिक बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में भी सक्रिय रहते हैं। हर शनिवार वे इस चोला पूजन में स्वयं भाग लेते हैं जो उन्हें सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी सेवा और निष्ठा के प्रतीक हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में इस तरह की साधना हमें संतुलन और शक्ति देती है। गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में चोला पूजन सिर्फ एक धार्मिक रस्म नहीं बल्कि सामाजिक एकता, अध्यात्म और सनातन परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम है। प्रो. रणवीर नंदन जैसे लोकसेवकों की उपस्थिति इस परंपरा को एक नई ऊंचाई देती है।

## भारत के उद्यमियों के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म टाइड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** टाइड, भारत का एक अग्रणी बिजनेस मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म है जो देशभर के छोटे और मझोले कारोबारों (एमएसएमई) को उनके पैसे, कागजात, बिजनेस एडमिन और भुगतानों को एक ही मोबाइल ऐप से मैनेज करने की सुविधा देता है। चाहे कोई कारोबारी अपना व्यापार शुरू कर रहा हो या पहले से एक बढ़ता हुआ बिजनेस चला रहा हो - टाइड उनके लिए काम को तेज, आसान और स्मार्ट बनाता है। इस ऐप की सबसे बड़ी खासियत है इसका सरल और सहज इंटरफेस जिसे पहली बार स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले भी आसानी से चला सकते हैं। यह ऐप खास तौर पर स्थानीय व्यापारियों और सेवा प्रदाताओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है जिससे वे प्रक्रियाओं की उलझनों से मुक्त होकर सीधे व्यापार की वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर सके। गुरजोधपाल सिंह, सीईओ, टाइड (इंडिया) ने कहा, भारत की विकास यात्रा छोटे कारोबारों के योगदान के बिना अधूरी है। एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, खासकर बिहार जैसे राज्यों में जहां जमीनी स्तर पर उद्यमिता तेजी से बढ़ रही है। टाइड के जरिए हम इन उद्यमियों को ऐसे डिजिटल टूल्स दे रहे हैं जो उनके कारोबार को तेज, आसान और अधिक सुलभ बनाते हैं जो काम पहले हफ्तों में होता था, अब कुछ ही मिनटों में हो जाता है। सही संसाधनों से सशक्त होकर ये कारोबारी भारत की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## कानूनी शिकंजे में फंसे राजद से कांग्रेस किनारा कर ले तो आश्चर्य नहीं : संतोष सुमन

### लैंड फॉर जॉब स्कैम के धन शोधन मामले में दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेने पर फैसला सुरक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में कानूनी शिकंजे में कसते जा रहे राजद सुप्रीमो से कांग्रेस किनारा कर ले तो आश्चर्य नहीं होगा। राजद को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने जब लालू यादव को बचाने के लिए अध्यादेश लाया था, तो उसे राहुल गांधी ने कैसे फाड़ कर फेंक दिया था? उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लालू यादव की मुश्किलें बढ़ने वाली है। इसकी छाया से राजद व महागठबंधन की राजनीति अछूती नहीं रहेगी। शनिवार को दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ कथित भूमि के बदले नौकरी (लैंड फॉर जॉब स्कैम) घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेने पर फैसला सुरक्षित रख लिया। इस मामले में पूरा लालू परिवार आरोपित है। श्री सुमन ने कहा कि विशेष न्यायाधीश ने ईडी की दलीलें सुनने के बाद आगामी 3 जून के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट को 14 मई को सूचित किया गया था कि एजेंसी को कथित घोटाले में लालू यादव पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी मिल गई है। आरोप है कि यह कथित घोटाला लालू यादव के केंद्रीय रेल मंत्री रहने के दौरान हुआ था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसी महीने 8 मई को धन शोधन मामले में लालू यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी थी।

## भगवान अनंतनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जैन समाज द्वारा भगवान अनंतनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पर्व जैन धर्म के 14वें तीर्थंकर भगवान अनंतनाथ की दिव्य आत्मा के महान क्षणों जन्म और तप आरंभ की स्मृति में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। पटना जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के चौदहवें तीर्थंकर भगवान अनंतनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान अनंतनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया. भगवान अनंतनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कदमकुआं, मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह आदि दिगंबर जैन मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा एवं मंगल आरती किया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अभिषेक, पूजा जिनेश जैन एवं अन्य द्वारा तथा मुरादपुर जैन चैत्यालय में अभिषेक शांतिधारा सुबोध फंटी ने किया। मौके पर बिहार राज्य दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में शांतिधारा एवं मंगल आरती काफी अधिक श्रधालुओं द्वारा किया गया। जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि भगवान अनंतनाथ का जन्म श्रावण शुक्ला पंचमी के दिन अयोध्या नगरी में हुआ था। वे राजा सिन्हनंदन और रानी श्री देवी के पुत्र थे। जन्म के समय ही अनेक अलौकिक घटनाएं घटीं जिससे ज्ञात हुआ कि यह आत्मा विशेष है। उन्होंने सम्यक दर्शन और वैराग्य को अपनाते हुए राजपाट त्याग कर तपस्या आरंभ की थी। तप कल्याणक उनके आत्मकल्याण की दिशा में प्रथम कदम था जो जैन अनुयायियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। भगवान अनंतनाथ के जीवन चरित्र, उनके उपदेशों और तपस्या की महिमा पर प्रवचन दिए। इस अवसर पर समाज के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति-भाव से पूजन-अर्चन कर पुण्य अर्जित किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य भगवान के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना और आत्मशुद्धि की प्रेरणा देना रहा।

## भोजपुरी में अच्छे शब्द चयन, शुद्ध भाषा और सकारात्मक विषयों को मिले बढ़ावा : चेतना

### शुद्ध भाषा, अच्छा संदेश और सामाजिक सरोकारों वाली फिल्मों को मिलेगी प्राथमिकता : मोतीलाल प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राजधानी पटना के प्रतिष्ठित होटल मौर्या में आज एक ऐतिहासिक पहल के तहत स्कमाखी एंटरटेनमेंट प्रा. लि. और चेतना झाम द्वारा पहली बार 'महा प्रेस कांफ्रेंस' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भोजपुरी सिनेमा के उत्थान, भाषा की गरिमा की रक्षा और पारिवारिक, साफ-सुथरी फिल्मों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा मंत्री मोतीलाल प्रसाद, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह और फिल्म निर्माता चेतना झाम विशेष रूप से उपस्थित रहे। चेतना झाम ने कहा भोजपुरी सिनेमा को राष्ट्रपिता डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गौरवपूर्ण शुरुआत दी थी, लेकिन अब उसकी गरिमा लुप्त होती जा रही है। जरूरत है अच्छे शब्द चयन, शुद्ध भाषा और सकारात्मक विषयों की। मेरी नई फिल्म 'अनमोल घड़ी' की शूटिंग पूरे बिहार में होगी। हमारा ध्येय साफ-सुथरी, प्रेरणादायक और युवाओं को जोड़ने वाली फिल्में बनाना है। चेतना झाम ने यह भी कहा कि थियेटरों और हॉल मालिकों से मिलकर भोजपुरी फिल्मों को प्राथमिकता देने पर बातचीत की जाए और इसका रोडमैप तैयार किया जाए। मौके पर कला, संस्कृति एवं युवा मंत्री मोतीलाल प्रसाद ने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार क्षेत्रीय भाषाओं, विशेषकर भोजपुरी में बनने वाली गुणवत्तापूर्ण फिल्मों को पूर्ण सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा अगर किसी फिल्म की 75% शूटिंग बिहार में होती है तो उसे 4 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी मिलेगी। भोजपुरी हमारी मातृभाषा है, इसे अश्लीलता से नहीं, उत्कृष्टता से जोड़ा जाना चाहिए। शुद्ध भाषा, अच्छा संदेश और सामाजिक सरोकारों वाली फिल्में सरकार की प्राथमिकता हैं। वहीं, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में कला, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया हम फिल्म मेकर्स को सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गयाजी, वाल्मीकिनगर, वैशाली जैसे ऐतिहासिक स्थलों को शूटिंग के लिए तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी की प्रगति यात्रा के दौरान स्वीकृत 800 करोड़ की योजनाएं राज्य में पर्यटन और संस्कृति को मजबूती देने के लिए कार्यरत हैं।

## पायलट प्रोजेक्ट के तहत चिंहित प्रखंडों में मध्याह्न भोजन कार्य से मुक्त हुए प्रधानाध्यापक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकारी स्कूलों में चलने वाले मध्याह्न भोजन योजना कार्य से प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक को दूर रखने की बात कही गयी थी। जिले के चिह्नित किये गये प्रखंडों में मध्याह्न भोजन कार्य से प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक को मुक्त रखना शुरू कर दिया गया है। मध्याह्न भोजन निदेशालय ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस नये नियम पर काम शुरू कर दिया है। विभाग की ओर से राज्य के 10 जिलों में मध्याह्न भोजन योजना का संचालन व्यवस्थापक व सहायक व्यवस्थापक के माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चलाया जा रहा है। इस नयी व्यवस्था का मूल्यांकन कराया गया था। इससे यह जानकारी मिली की प्रधानाध्यापक या प्रधान शिक्षक का अधिक समय मध्याह्न भोजन योजना में लग रहा है। इससे विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधि प्रभावित हो रही है। निदेशालय ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रधानाध्यापक या प्रधान शिक्षक को मध्याह्न भोजन योजना से अलग रखने का निर्णय लिया गया था, ताकि शिक्षण कार्य प्रभावित न हो और बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा सके। पायलट प्रोजेक्ट के तहत खुसरूपुर प्रखंड में प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षकों की जगह किसी अन्य शिक्षक को इस कार्य में लगाया जायेगा। यह पायलट प्रोजेक्ट पर चिन्हित प्रखंडों के स्कूलों में 13 जून तक लागू रहेगी। जिन प्रखंड के स्कूलों में यह व्यवस्था लागू की गयी है, वहां मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित सारी रिपोर्ट इ-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड करना है। जिला शिक्षा कार्यालय ने विभाग से आदेश प्राप्त होने के बाद इस नयी व्यवस्था से संबंधित प्रमाण पत्र प्रभारी शिक्षक को मध्याह्न भोजन से संबंधित प्रमाण पत्र या प्रतिवेदन संधारित करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही प्रमाण पत्र के अतिरिक्त प्रत्येक दिन सभी कक्षाओं के बच्चों की फोटो खींच कर उसे भी संधारित करने का निर्देश दिया है।

# जहां से अपहरण की फिरौती मांगी जाती थी आज वहां से हो रहा विकास : मंत्री डा. सुनील कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** मंत्री डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा पटना के जिस एक अणे मार्ग से अपहरण की फिरौती मांगी जाती थी आज वहां से बिहार के विकास की गाथा लिखी जा रही है। प्रधानमंत्री के 30 मई को विक्रमगंज में होने वाली सभा में भारी संख्या में भीड़ जुटाने को लेकर कैमूर पहुंचे बिहार सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा कहा लालू जी के राज में जिस बिहार के एक अणे मार्ग से अपहरण की फिरौती मांगी जाती थी आज वहीं से बिहार के विकास की गाथा लिखी जा रही है। कैमूर में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ सुनील कुमार ने कहा मजबूत संकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक विशाल सभा शाहाबाद के दिल में बिक्रमगंज 30 मई को होने जा रहा है। उसी के लिए मैं क्षेत्र में घूम रहा हूं क्योंकि वह पूरे बिहार को बहुत बड़ी सौगात देंगे जिसमें कई सड़कों का शिलान्यास, कई योजनाओं का उद्घाटन, पटना एयरपोर्ट का उद्घाटन, पटना से एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे जो सासाराम तक आएगी उसी में हम लोग कैमूर आए हुए हैं।

इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग पाकिस्तान नहीं करने दी इसके सवाल पर मंत्री ने कहा पहलगाम हमले के बाद बिहार में प्रधानमंत्री जी आए थे उन्होंने भाषण में कहा था उनके एक-एक बूंद का हिसाब लूंगा। चार दिन में पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया जो पाकिस्तान का स्थिति हुआ और दुनिया देखी जैसी घटना उन्होंने किया है हमारे प्रधानमंत्री जरूर लेंगे।

संयुक्त डेडीकेशन ऑपरेशन सिंदूर के बाद विदेश में भेजने पर मंत्री ने कहा हमने सभी पार्टी के लोगों को डेलिगेशन में शामिल करके भेजा है। देश हित की बात थी। देश ने जो कार्रवाई किया वह पूरे देश दुनिया को बताना है। हमने सभी पार्टियों को बुलाया, अगर कांग्रेस को दिक्कत शशि थरूर से हो रहा है तो मैं कुछ कह नहीं सकता। यह तो वही लोग बता सकते हैं। तेजस्वी यादव द्वारा अपने ट्विटर पर एनडीए सरकार को घुटने पर लाने का लिखने पर मंत्री ने कहा तेजस्वी यादव से पूछना चाहिए कि 15 साल से उनके पिताजी की सरकार थी एक अणे मार्ग से पहले रंगदारी मांगी जाती थी, अब इस अणे मार्ग से नीतीश कुमार बिहार के विकास की गाथा लिखते हैं।

## आयुष्मान कार्ड गरीबों के लिए वरदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** आयुष्मान कार्ड गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस कार्ड से कोई भी गरीब एक वित्तीय वर्ष में पांच लाख तक का अपना इलाज मुफ्त करा सकता है। जिले में बहुत ऐसे गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले लोग हैं जिनका आयुष्मान कार्ड अभी भी नहीं बन पाया है। इन गरीबों के प्रति सरकार गंभीर है। सरकार के निर्देश पर 26 से 28 मई तक जिले के पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। इसी के मद्देनजर सदर अस्पताल, सासाराम से सिविल सर्जन डॉ. मणिरंजन ने जागरूकता-रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. मणिरंजन ने बताया कि जागरूकता रथ में ध्वनि-यंत्र लगा हुआ है जिसके जरिए यह रथ जिले में घूम-घूमकर आयुष्मान कार्ड से वंचित लोगों को कार्ड बनाने के लिए प्रेरित करेगा। सीएस के अनुसार तीन दिवसीय विशेष शिविर में जिले में कुल एक लाख पैंतीस हजार लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## रोहतास सिविल सर्जन के खिलाफ जांच शुरू

### डीएम के निर्देश पर दायर परिवाद की सुनवाई करेंगे एडीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर मणिराज रंजन के खिलाफ दायर एक परिवाद के आलोक में रोहतास जिलाधिकारी उदिता सिंह ने टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी सुबोध कुमार सीएस के खिलाफ दायर किये गए परिवाद की सुनवाई करेंगे तथा इस संदर्भ में एडीएम ने अपने कार्यालय कक्ष में आगामी तीन जून को परिवादी को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने को कहा है। राज्यपाल के कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही बता दें कि बीते दिनों जिले के विक्रमगंज में हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आरोप है कि राज्यपाल के कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से न तो कोई मेडिकल टीम गठित की गई और न हीं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई। इसके अलावा कार्यक्रम के लिए उपलब्ध कराए गए एंबुलेंस के चादर भी फटे हुए थे और राज्यपाल के कार्यक्रम को एक शिशु रोग विशेषज्ञ के भरोसे छोड़ दिया गया। मामले में बिहार प्रदेश भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति बिहार के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने सीएस के खिलाफ एक परिवार दायर किया है जिसके आलोक में डीएम के निर्देश पर पूरे मामले की जांच एडीएम सुबोध कुमार को सौंपी गई है।

## इको पार्क झारखंडी मंदिर डिहरी में नये योग कक्षा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शनिवार की सुबह इको पार्क झारखंडी मंदिर डिहरी पतंजलि योग समिति के दक्षिण बिहार राज्य सह प्रभारी अवध नारायण चौबे ने योगाभ्यास कराया। उन्होंने करें योग रहें निरोग पर विशेष बल दिया और आसन-प्राणायाम कराएं। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रत्येक गांव में घर-घर तक योग सिखाएंगे। हर रोग का इलाज है योग। पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिदिन इको पार्क में योग शिक्षक भगवान प्रजापति एवं शैलेंद्र प्रसाद सिंह योगाभ्यास कराते हैं। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महिला कॉलेज डिहरी में मनाया जाएगा। सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ हुआ। जयप्रकाश पासवान बीएमपी के बच्ची स्वीटी पासवान ने बहुत बढ़िया मयूर आसन एवं बहुत से आसान किया। इस योग शिविर में उपस्थित पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण सिंह, मुख्य अतिथि अवध नारायण चौबे, पतंजलि जिला उमाशंकर प्रसाद, मुकेश पांडे, दिनेश गुप्ता, गोपाल सिंह, कामेश्वर सिंह, गोपाल मुखिया, शैलेंद्र प्रसाद सिंह, भगवान प्रजापति, कृष्णा पासवान, भगवान सिंह, अरुण कुमार सहित कई महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया।

## 22 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 22आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या, चोरी, लूट, विविध कांड, वारंटी व शराब तस्कर है। 80लीटर देशी व पांच लीटर अंग्रेजी शराब, दो बाइक व एक देशी कट्टा, एक कार, चार जिंदा कारतूस, एक मोबाइल जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में दो लाख 80 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## बच्चों को कोचिंग के बजाय विद्यालय के शिक्षकों पर भरोसा करना होगा : आनंद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में वर्तमान सत्र 2025-26 का पहला पी टी एम आयोजित किया गया जिसमें क्लास प्ले ग्रुप से 12वीं तक के 2000 बच्चों में करीब 1800 बच्चों के अभिभावकों के साथ भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एन सिंह ने बताया कि इस परीक्षा के रिजल्ट में कुछ मेधावी विद्यार्थियों ने 100% अंक प्राप्त किए, विशेष रूप से 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या जहां 300 से अधिक रही वहीं 75% से अधिक डिस्टिंक्शन लाने वाले 700 से अधिक विद्यार्थी रहे। बाकी सभी विद्यार्थी 60% से अधिक अंकों से उत्तीर्ण हुए। स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने बच्चों की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। बच्चों को उन्होंने सलाह दिया कि विद्यालय की पढ़ाई को घर पर बेहतर ढंग से अभ्यास करने से बेहतर परिणाम आएंगे अतः बच्चों को कोचिंग ट्यूशन के बजाय अपने विद्यालय के शिक्षकों पर भरोसा करना होगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय में संगीत, जूडो कराटे, गन शूटिंग के साथ फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, जैसे खेलों का अभ्यास बच्चों को कराया जा रहा है ताकि मानसिक एवं शारीरिक से बच्चे स्वस्थ हो और जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर करें। भारी संख्या में बच्चे एवं उनके माता-पिता इस पी टी एम में भाग लिए। अभिभावक परीक्षा के परिणाम से बहुत ही खुश और उत्साहित थे। बेहतर परिणाम के लिए उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का आभार जताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एन सिंह के अलावा प्रधानाचार्या प्रेमलता शर्मा, उप प्रधानाचार्य रवि शंकर श्रीवास्तव के साथ एन के सिंह, सोमदेव ओझा, सुनील कुमार प्रजापति, कौशल कुमार पांडे, श्वेता प्रकाश, डी के शर्मा, बादल सर (संगीतशिक्षक ), अमित सर( जुडो कराटे), नीलम उपाध्याय, रश्मि गुप्ता, सुनीता कुमारी, अनिता कुमारी, पूजा श्रीवास्तव, नीतू पांडे, रोमा साहनी इत्यादि उपस्थित रहे।

## डिहरी अनुमंडल ने जीवन को बदला : सूर्य प्रताप सिंह

### एक दशक में अनुमंडल और शहर विकसित नजर आएंगे




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एसडीएम सूर्य प्रताप सिंह ने अनुमंडल सभागार में अपने विदाई समारोह में शनिवार शाम कहा कि एक दशक में अनुमंडल और शहर एक विकसित नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि यहां अलग तरीके का कार्यकाल रहा। मेरा जीवन बदला है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं व्यक्तिगत जीवन में काफी कुछ सीखने को मिला। अपने कार्यकाल में मैंने आमजनों के लिए समस्याओं का ऑनस्पॉट निवारण किया जो भी शहर या गांव से लोग जिस उम्मीद को लेकर आते हैं उनकी समस्याओं का निदान किया गया। उन्हें हर संभव मदद किया। उन्होंने कहा कि सोन तटीय व कैमूर पहाड़ी के लोगों का तासीर ही अलग है। यहां के लोग काफी अच्छे हैं और एक दूसरे का ध्यान रखते हैं। परिवार की तरह रहते हैं जो भी आज जनों की ओर से सकारात्मक सुझाव आए उसको लाया गया। उन्होंने कहा कि अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में काफी कुछ का प्रपोजल भेजा गया है। आने वाले एक दशक में पर्यटन व उद्योग लगेंगे। डिहरी अनुमंडल एक विकसित अनुमंडल बनेगा। डिहरी के सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा डिहरी अनुमंडल सभागार में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह का विदाई समारोह की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर सिंह तथा संचालन अरुण शर्मा के द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों ने इनके कार्यों की सराहना की। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी संतोष कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता सह पूर्व मुखिया नन्द केश्वर सिंह, धनंजय शर्मा, संजय गुप्ता, बाल वाटिका विद्यालय के संचालक अनिल कुमार शर्मा, दारा यादव, राजद नगर अध्यक्ष धनंजय यादव, जदयू नेता दीपक शर्मा, रोहतास जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव अखिलेश्वर कुमार सिंह, शोभा चंद्रवंशी, करणी सेना के पप्पू सिंह, बिक्रम कुमार, रवि वर्मा, जयनाथ वर्मा, जितेंद्र यादव, अमन कुमार, रंजन यादव, वरिष्ठ पत्रकार रवि कुमार, मदन कुमार, शमशेद खां, मनोज उपाध्याय सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## इलाजरत पशुपालक की मौत, गांव में पसरा मातम

### जिप सदस्य विकास ने मृतक के परिजनों को बंधाया संबल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** बेलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत करीगाई गांव में झुलसे इलाजरत एक पशुपालक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी स्व.रामपूजन बैठा के 50 वर्षीय पुत्र ललन बैठा के रूप में हुई है। इस घटना से गांव में पूरी तरह से मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। आप को बता दें कि 12 मई की रात्रि में मृतक के फुसनुमा गौशाला में अचानक आग लग गई थी। इस घटना में एक बछिया की मौत हो गई थी। वही गाय व आग को बुझाने के दौरान पशुपालक ललन बैठा बुरी तरह से झुलस गए थे जिनका उपचार बीएचयू से चल रहा था। डॉक्टरों की सलाह पर वह अपने गांव चले आए थे और शनिवार को उनकी मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही भभुआ के जिला परिषद सदस्य सह बीएसपी के प्रदेश महासचिव विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल मृतक के गांव पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को संबल बंधाया और घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा जहां पर अंत्यपरीक्षण बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## बोलेरो की चोरी

**डिहरी ऑन-सोन (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** डिहरी मुफस्सिल थाना के सुअरा गांव से अज्ञात अपराधियों ने बोलेरो वाहन की चोरी कर लिया। पुलिस के अनुसार इस संबंध में मारुति कंपनी के गुजरात के जामनगर जिला के भक्तिनगर निवासी बारू निलेश ने प्राथमिकी कराया है।

## हल्की बारिश में लालापुर सड़क पर जलजमाव, बढ़ी परेशानी

### डेढ़ करोड़ रुपये से बने नाला के बाद भी नहीं निकलता है सड़क का पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** हल्की बारिश होने पर भी लालापुर सड़क पर जलजमाव हो जाता है। चार वर्ष पूर्व लालापुर में सड़क के किनारे पीडब्ल्यूडी द्वारा डेढ़ करोड़ रुपये खर्च कर नाला का निर्माण कराया गया था। फिर भी सड़क पर पानी नाला से निकलता है। बारिश होने पर जिससे आवागमन बाधित हो जाता है। दो दिनों पूर्व हुई बारिश के बाद सड़क पर जलजमाव हो गया जो अभी तक सड़क पर पसरा है। बारिश के दिनों में सड़क पर हर वर्ष लगने वाले पानी में आने-जाने वाहन फंस जाते हैं जिससे लालापुर में हमेशा जाम लगा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला निर्माण के समय सड़क व नाला का लेवल नहीं किया गया जिसके चलते नाला का निर्माण तो हो गया, लेकिन सड़क नाला से नीचे हो गया जिसके चलते बारिश के दिनों में सड़क पर लगने वाला पानी नाला से निकल नहीं पाता है जिसके चलते जब तक बारिश का मौसम रहता है, लालापुर के सड़क पर जलजमाव का ही नजारा रहता है। मालूम हो कि पीडब्ल्यूडी के द्वारा लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से नाला का निर्माण कराया गया था। इतनी राशि के खर्च होने के बावजूद लालापुर में बारिश के दिनों में हमेशा जलजमाव रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर जलजमाव के कारण लालापुर में अक्सर सड़क दुर्घटना होती रहती है। लालापुर वासियों का कहना है कि जलजमाव के चलते बारिश के दिनों में तीन से चार माह तक लालापुर का व्यवसाय बाधित रहता है जिससे व्यवसायियों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है।

**AFFIDAVIT**

I, Preeti Sinha, wife of Rahul Kumar Sinha, R/0 A G colony Main Road Kautilya Nagar Patna 800025 Bihar, do hereby solemnly affirm and declare as under.
That Navya Nandini Sinha, is my Daughter, her date of birth 15.05.2014.
That now I have her name has to be changed from Navya Nandini Sinha to Navya Nandini.
That my daughter Navya Nandini Sinha now hence forth will be known as Navya Nandini. hence this affidavit.
That the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief.
affidavit No. 873, 24/5/25
**Deponent**
**Preeti Sinha**

## गरीब बच्चों के भविष्य के लिए मसीहा बने बीजेपी नेता अखिलेश कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पंजरी गांव का वह नाम, जो आज इंसानियत की मिसाल बन गया है। बिहार के रोहतास जिले में एक नाम ऐसा है जो इन दिनों हर जुबान पर है- अखिलेश कुमार सिंह। ये वही शख्स हैं जो राजनीति की दुनिया में कदम रखते हुए भी इंसानियत और संवेदनाओं की राजनीति करते हैं। वे न सिर्फ एक नेता हैं, बल्कि 43 अनाथ बच्चों के पिता बनकर उनका जीवन संवार रहे हैं।

**अनाथों को दिया पिता जैसा सहारा**

अखिलेश कुमार सिंह का सपना हमेशा से था कि जिन बच्चों के सिर से मां-बाप का साया उठ गया है, उन्हें गोद लें और अपने बच्चों की तरह पालें। आज वे 43 ऐसे अनाथ बच्चों की परवरिश कर रहे हैं जिन्हें उन्होंने अपने विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था की है-वह भी ग्रेजुएशन तक।

**पंजरी गांव के लाल, गरीबों के भगवान**

दिनारा विधानसभा क्षेत्र के पंजरी गांव निवासी अखिलेश सिंह आज सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि गरीबों और अनाथों के भगवान कहे जाते हैं। उनके विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे उन्हें 'पापा' कहकर पुकारते हैं। अखिलेश खुद भी इन बच्चों को अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं।

**क्षेत्र में पहचान के मोहताज नहीं**

आज अखिलेश कुमार सिंह दिनारा विधानसभा में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गांव-गांव में लोग उन्हें 'अनाथों के नाथ' कहकर सम्मान देते हैं जब वे किसी गांव में जाते हैं तो लोगों की भीड़ उनके स्वागत में उमड़ पड़ती है।

**सपना देखा, संघर्ष किया और बना दिया सच्चाई**

कई साल पहले अखिलेश ने यह सपना देखा था कि समाज के उन बच्चों के लिए कुछ करें जिनके पास कोई नहीं। उन्होंने ठान लिया था कि ऐसे बच्चों को अपने बच्चों जैसा प्यार, पढ़ाई और भविष्य देंगे। आज जब 43 बच्चे उनके विद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं तो वह सपना हकीकत बन चुका है।

जब अपने भी साथ छोड़ देते हैं, तब अखिलेश जी साथ खड़े होते हैं।

आज के दौर में जहां कुछ लोग अपने बच्चों को भी ठीक से नहीं पढ़ा पाते वहां अखिलेश कुमार सिंह जैसे नेता दूसरों के बच्चों को गोद लेकर ग्रेजुएशन तक पढ़ाकर समाज के सामने एक मिसाल बनकर खड़े हैं। यह सिर्फ एक राजनीतिक पहल नहीं, एक मानवीय क्रांति है।

**राजनीति नहीं, मानवता की सेवा**

अखिलेश कुमार सिंह का मानना है कि नेता वही है जो वोट नहीं, लोगों का विश्वास कमाए। उनका ये कार्य साबित करता है कि राजनीति सिर्फ सत्ता का माध्यम नहीं, समाज सेवा का जरिया भी हो सकती है।

**बच्चों का भविष्य ही देश का भविष्य**

इन बच्चों को अखिलेश सिंह न सिर्फ पढ़ा रहे हैं, बल्कि उनमें स्वाभिमान और आत्मविश्वास भी भर रहे हैं। वे उन्हें यह सिखा रहे हैं कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयां आए, अगर साथ देने वाला कोई हो तो हर मंजिल हासिल की जा सकती है। अखिलेश कुमार सिंह की यह कहानी एक उदाहरण है उन सभी के लिए जो समाज के लिए कुछ करना चाहते हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि नेता बनने के लिए कुर्सी नहीं, दिल बड़ा होना चाहिए। उन्होंने राजनीति को सेवा का रास्ता बनाया और आज 43 अनाथ बच्चों की जिंदगी बदल कर करोड़ों दिलों में जगह बना ली।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में युवाओं ने दिखाया कमाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार का प्रथम ओडीएफ पंचायत उदयपुर में छात्र नवयुवक एकता संघ द्वारा आयोजित उदयपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि संजय कुमार राष्ट्रीय सचिव जद (यू) सह राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा जनता दल (यू) ने किया। इस मौके पर युवा जेडीयू राष्ट्रीय सचिव सह राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नीतीश पटेल, जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, युवा जेडीयू जिला उपाध्यक्ष अमन कुमार, उपाध्यक्ष युवा जदयू अशोक चौधरी, चंदन जी, नगेंद पटेल, राहुल राणा चौधरी, अंकित पटेल सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि युवाओं का खेल के प्रति इस तरह का रुझान और आयोजन समाज में अच्छा संदेश देगा जिससे युवा सरकार द्वारा आयोजित खेल के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम स्वर्णिम करेंगे जो काफी सकारात्मक संदेश है। इसके साथ ही युवाओं के लिए सरकार द्वारा चल रहे सभी खेल कूद योजनाओं के बारे में युवाओं को अवगत कराया। उदयपुर गांव में प्रथम ओडीएफ पंचायत होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा इस गांव में हो चुकी है। यहां का सूर्य मंदिर भी छठ पूजा के लिए प्रसिद्ध है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा संख्याः टीएल–एसी–सीआरडब्ल्यू–एचआरटी–30 दिनांकः 21.05.2025**

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** परंपरागत आरएमपीयू प्रकार के एसी कोचों के रूप माउंटेड पैकेज यूनिट्स (RMPUs) एवं कंट्रोल पैनल की कार्य क्षेत्र के अनुसार पूर्ण मरम्मत एवं ओवरहालिंग का कार्य मात्र 399 आरएमपीयू यूनिट्स (199 कोच)। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 5,20,86,076.22/– (रूपये पाँच करोड़ बीस लाख छियासी हजार छिहत्तर और बाईस पैसे मात्र), **3. निविदा प्रपत्र की राशि :** शून्य। **4. जमा की जाने वाली अग्रधन की राशि :** रू. 4,10,400.00/– (रूपये चार लाख दस हजार चार सौ रूपये मात्र)। **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 11.06.2025 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी। **6. वेबसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है। कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र इत्यादि खरीदा जा सकता है:** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार–803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता**
**सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत**
पीआर/0296/सीआरडब्ल्यू–एचआरटी/यॉं०/टी/25–26/48

# आइजी छत्रनील सिंह ने की पंडपा गांव में फायरिंग की घटना की जांच, कहा—दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नारदीगंज (नवादा)।** मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) छत्रनील सिंह व नवादा एसपी अभिनव धीमान ने शनिवार को नारदीगंज थाना क्षेत्र के पंडपा गांव पहुंचकर हालिया फायरिंग की घटना की गहन जांच की। उन्होंने पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि बीते 21 मई को भूमि विवाद को लेकर करीब दर्जनभर लोग हथियारों से लैस होकर गांव पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने दलित समुदाय के लोगों को जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और जानबूझकर दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग की। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हो गया।

आईजी छत्रनील सिंह ने घटना को गंभीरता से लेते हुए कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस हर कोण से जांच कर रही है। अब तक की जांच में चार हथियार और कुछ खोखा बरामद हुए हैं। सभी बरामद हथियार लाइसेंसी हैं, जिनके लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना में हत्या के प्रयास (एटेम्प्ट टू मर्डर) के साथ-साथ आर्गनाइज्ड क्राइम की धारा 111 भी जोड़ी गई है। यह भी जांच की जा रही है कि शामिल आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि क्या रही है और क्या उन्होंने इस तरह की घटनाएं पूर्व में भी की हैं।

जांच के दौरान संबंधित पक्षों ने जमीन से जुड़े दो तरह के दस्तावेज—एक बंदोबस्ती पर्चा और एक वासगीत पर्चा—प्रस्तुत किए हैं, जिनकी वैधता की जांच की जा रही है। घटना में अब तक 11 लोगों को नामजद किया गया है, जबकि अन्य आरोपितों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर एसपी अभिनव धीमान, इंस्पेक्टर रंजन चौधरी, थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी, बीडीओ सोनिया ढनढनिया, सीओ रईस आलम, एसआई आदित्य कुमार, एसआई धीरेंद्र पासवान समेत कई पुलिस पदाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

यदि आप चाहें तो इस खबर को फ्रंट पेज लीड की तरह और विस्तार से भी तैयार किया जा सकता है, जिसमें घटना की पृष्ठभूमि, पीड़ितों की बात और प्रशासनिक संदेश को और प्रभावशाली ढंग से शामिल किया जाए।

# बाढ़ पूर्व तटबंधों का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**औचक निरीक्षण**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अनुमंडलाधिकारी, बिहारशरीफ के द्वारा बिहारशरीफ अनुमंडल अंतर्गत बाढ़ पूर्व तैयारियों और संवेदनशील बांधों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में अनुमंडलाधिकारी द्वारा सरमेरा प्रखंड के सदहा जमीदारी बांध से पेंदी बांध तक बाढ़ प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा संबंधित पदाधिकारी के साथ की गई। इस दौरान बाढ़ नियंत्रण संबंधी सभी मुद्दों यथा सीपेज को चिन्हित कर मरम्मती कार्य, सुभेद्य क्षेत्र की मरम्मती, सभी चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर जीओ बैग की व्यवस्था आदि की सुचारू रूप से व्यवस्था किए जाने के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडलाधिकारी बिहारशरीफ के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सरमेरा एवं सहायक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल आदि मौजूद रहे।

## युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** राजगीर थाना क्षेत्र के नोन्ही गांव में एक युवक की सन्दिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक की पहचान नोन्ही गांव निवासी राजेंद्र राम के (28) वर्षीय पुत्र कारू उर्फ कारू राम के रूप में की गई है। ससुराल के परिवार का आरोप है कि बड़े भाई ने जहर खिलाकर उसकी हत्या कर दी है। देर रात परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। कारू राम के ससुर फकीरा राम ने बताया कि संपत्ति विवाद को लेकर 1 साल से दामाद और उनके बड़े भाई में विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद में बड़े भाई के कहने पर उसकी पत्नी ने खाने में जहर दे दिया। दोपहर के खाने में जहर देकर उसकी हत्या कर दी। परिवार मृतक के भाई,भाभी और उसकी मां पर संपत्ति को लेकर खाने में जहर दे हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतक ई रिक्शा चलाने का काम करता था। राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में यह बात सामने आया है की घरेलु कलह के कारण युवक ने आत्महत्या की है। घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## महिला की पिटाई को लेकर पुलिस पर लगा आरोप

**बिहारशरीफ।** चिकसौरा थाना क्षेत्र के अमात गांव में एक महिला के साथ पुलिस द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप लगने के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई। आरोप लगते ही ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। जैसे ही पुलिस की गश्ती गाड़ी गांव पहुंची, आक्रोशित ग्रामीणों ने उसे घेर लिया और पथराव कर दिया। पुलिस की गाड़ी का शीशा टूट गया और कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल गांव में एहतियातन पुलिस कैंप कर रही है।

# सिविल सर्जन ने स्वास्थ्यकर्मियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** सदर अस्पताल के सभागार में शनिवार को सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह की स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत जिले के किरानी (क्लर्क) के साथ समीक्षा बैठक की। सिविल सर्जन ने कहा कि सभी कर्मचारियों की वरीयता सूची स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय द्वारा मांगी गई है, जिसके आधार पर पोस्टिंग की जाएगी। सभी संबंधित पदाधिकारी अपने अधीनस्थों के साथ सहयोग करें और पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग में कुछ ऐसे मामलों की जानकारी मिली है, जहां रजिस्टर पर कुछ और लिखा गया, जबकि कंप्यूटर में अलग प्रविष्टि की गई थी। इस प्रकार की अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ जांच कराई गई, जिसके उपरांत उन्हें निलंबित कर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। सिविल सर्जन ने कहा कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही या भ्रष्टाचार पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी अधिकारी अपने अधीनस्थों पर विश्वास कर ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) शेयर करते हैं, लेकिन इस विश्वास का दुरुपयोग किया गया है। ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर अरविंद कुमार, अमरेश कुमार, नदीम, रमेश कुमार, शकील अहमद और रितेश कुमार व अन्य मौजूद थे।

**नेपाल के अधिकारियों ने किया जू व नेचर सफारी का दौरा**

**बिहारशरीफ।** राजगीर नेचर सफारी और जू सफारी में आज नेपाल के चितवन नेशनल पार्क के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। इस अध्ययन दौरे का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण प्रबंधन और ईको पर्यटन के क्षेत्रों में आपसी सहयोग और अनुभव साझा करना था। उन्होंने राजगीर जू सफारी की विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना एवं अनुकरणीय रखरखाव की विशेष सराहना की और कहा कि यह संरक्षण एवं ईको पर्यटन का एक प्रेरणादायक मॉडल है।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत युवक को मिला दो लाख रुपये का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति ज्योति योजना बीमा योजना के तहत रोह प्रखण्ड के रूपौ गांव के एक युवक को दो लाख रुपये का लाभ दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, रूपौ के शाखा प्रबंधक संतोष कुमार चौधरी ने बताया कि रूपौ गांव निवासी व खाताधारक मुशरत जहाँ का इस बैंक में पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना करवाया गया था। दुर्भाग्य से उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। जिसके बाद विभागीय प्रक्रिया के बाद मृतक के आश्रित व पति मो0 नसीम उद्दीन को उक्त योजना के तहत दो लाख रुपये का लाभ दिया गया।

# नारदीगंज पहुंचे भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष, गोलीकांड को लेकर लोगों से की बात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** नवादा के नारदीगंज थानाक्षेत्र के पंडपा गांव पहुंचकर भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति ने बुधवार को जमीनी विवाद को लेकर हुए गोलीकांड के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली। जिसके बाद उनका साथ देने का भरोसा दिलाया और कहा कोई भी लोग जो दलितों पर अत्याचार करेंगे उनके विरोध में भीम आर्मी खड़ा है। उन्होंने ग्रामीणों के जमीन के पर्चे देखकर जानकारी लिया और ग्रामीणों से बात कर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा नवादा के प्रशासन जल्द इसपर एक्शन लें अन्यथा भीम आर्मी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा नारदीगंज थाना के कुछ हीं दूरी पर अपराधी दिनदहाड़े तांडव करते हैं, पुलिस को भनक तक नहीं लगता। 12 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है, लेकिन अभी भी अपराधी लोग गांव के इर्दगिर्द आकर धमकाते हैं। उन्होंने कहा जिला प्रशासन और बिहार के मुखिया नीतीश कुमार की नाकामियां साफ दिखा। मुख्य आरोपित भी पुलिस के गिरफ्त से इलाज के बहाने भाग खड़ा हुआ है। भीम आर्मी प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत चौधरी ने कहा पंडपा गांव जो दलितों की बस्ती है उसपर भू माफियाओं का नजर है। भूमाफियाओं के मंसूबों को भीम आर्मी कुचल देगी। दिनदहाड़े फायरिंग कर दहशत फैलाना और मारपीट करना निंदनीय है। हमारी टीम गांव के लोगों के साथ खड़ा है। एक भी धुर जमीन दलितों का हकमारी जमीन दलालों द्वारा होगी तो ईंट से ईंट बजा दिया जाएगा। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी ने कहा घटना की ज्योंही सूचना मिली हम सभी भीम आर्मी के लोग घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच किया और लोगों को समझाया। गांव के सभी लोग अनहोनी की घटना को लेकर चिंतित थे। ताबड़तोड़ फायरिंग कर गांव में दहशत पैदा कर दिया गया था। भू -माफिया का नजर पंडपा गांव की 21 एकड़ जमीन पर है ,जबकि ग्रामीणों को जमीन का पर्चा देकर बसाया गया था। बता दें कि बुधवार को जमीनी विवाद को लेकर हुआ था झड़प ,झड़प के बाद रोड़ेबाजी और फायरिंग की घटना, जिसमें हथियारबंद दबंगों ने दलितों पर किया था ताबड़तोड़ फायरिंग। इस मामले में आठ लोगों की गिरफ्तारी किया गया एवं चार बंदूक ,एक पिस्टल और कई जिंदा कारतूस बरामद किए गए। बहरहाल गांव में स्थिति तनावपूर्ण है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिहार प्रदेश के भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। उनके साथ भीम आर्मी के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत चौधरी, मनीष चौधरी प्रदेश महासचिव, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी, संजीत रविदास, रितिक पासवान, शेरू चौधरी, प्रिंस चौधरी, सोनू चौधरी, अभिषेक चौधरी, पंकज चौधरी, कमलेश पासवान, प्रखंड अध्यक्ष भीम आर्मी सुधीर रविदास आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत, दूसरा जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हिसुआ।** जिला के हिसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बगोदर पेट्रोल पंप के के समीप सड़क दुर्घटना में एक 14 वर्षीय किशोर की घटना स्थल पर मौत हो गई है जबकि एक अन्य युवक बुरी तरह जख्मी हो गया । घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि नारदीगंज थाना क्षेत्र के फाजिलपुर निवासी पारस कुमार सिंह के 14 वर्षीय पुत्र अमन कुमार हिसुआ से लौटने के दरमियान बगोदर पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वही एक अन्य युवक जो शादीपुर के दीनू सिंह के पुत्र बताया जा रहा है, उसकी हालत गंभीर है। जिसे पावापुरी रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते हैं मॉडर्न ग्रुप के निदेशक डॉ अनुज सिंह सदर अस्पताल पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिए। उन्होंने ने कहा कि बच्चे आगे का भविष्य था, बहुत ही दुखद घटना है ।


## भूमि विवाद के निपटारे को लेकर थाना में जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार आयोजित किया गया। जनता दरबार में राजस्व अधिकारी अनीश कुमार की मौजूदगी में आयोजित जनता दरबार चार फरियादियों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसमें एक मामले का मौके पर निष्पादन कर दिया गया। जबकि शेष तीन मामलों में दोनों पक्षों को नोटिस कर अगले जनता दरबार में सुनवाई हेतु उपस्थित रहने का आदेश निर्गत किया गया। मौके पर अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक सिंटू कुमार एवं कौआकोल थाना के पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# तालाब में डूबने से 10 वर्षीय बालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के छतरवार गांव में तालाब में डूबने से गांव के राजेश कुमार चौरसिया के 10 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार की मौत हो गई। तालाब 10 फीट से ज्यादा गहरा है। तालाब में बालक के डूबने की जानकारी मिलते ही परिवार वाले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मामले की जानकारी ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया गया है। जिला परिषद सदस्या पूनम देवी के प्रतिनिधि मुकेश सिंह ने परिवार वालों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद दिए जाने की मांग की है। एकमात्र पुत्र की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। घटना से पूरा गांव मर्माहत है।

# एससी-एसटी टोला में शिविर लगा कर लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** डॉ अंबेडकर समग्र विकास अभियान के तहत शनिवार को नवादा विधानसभा क्षेत्र के 12 एससी-एसटी टोले में शिविर लगाया गया जिसका जायजा सदर विधायक विभा देवी ने दो टीम बनाकर लिया। नवादा सदर प्रखण्ड के दुलकी बिगहा सोहजाना, भदोखरा स्कूलतर, लक्ष्मीपुर, गोडधोवा, पछियाडीह, अतौआ और हरला में लगाये गए शिविरों की जानकारी देते हुए टीम के सदस्य देवनंदन उर्फ़ घुटर यादव ने बताया कि सरकार की घोषित योजनाओं के अनुसार ऑन टेबुल किसी भी कार्य का निष्पादन सही से नहीं हो रहा है जबकि 22 प्रकार की योजनाओ से समस्त एससी-एसटी परिवार को आच्छादित करना है। खासकर आधारकार्ड, राशनकार्ड, हर घर नलजल, रोजगार गारन्टी, वृद्ध , विधवा और विकलांग पेंशन, नाली-गली योजना की प्रक्रिया पूर्व की भांति जटील बनी हुई है क्योंकि लाभुकों से केवल आधार कार्ड ले लिया जाता है और विभाग में आने की बात कहकर टाल दिया जाता है। विधायक विभा देवी ने शिविर में नियुक्त कर्मियों की उदासीनता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शुरुआती कुछ दिनों में थोड़ी बहुत जो तत्परता दिखाई पड़ रही थी वह समाप्त हो गया है । कई शिविर में तो नोडल पदाधिकारी तक नहीं रहते हैं जिसके कारण शिविर केवल खानापूर्ति बनकर रह जाता है। उन्होंने नारदीगंज प्रखण्ड के नंदपुर, पड़रिया अब्दलपुर, रामा बिगहा राजौर, दियाली बिगहा और माया बिगहा के शिविरों की जानकारी टीम के सदस्य शम्भु मालाकार से ली। इन शिविरों में भी ऑन टेबुल किसी कार्य का निष्पादन नहीं हो रहा था। आधार कार्ड लेकर लाभूकों की भीड़ हटाने के अलावे कोई भी महत्वपूर्ण योजनाओं पर कर्मियों की गंभीरता नहीं दिखाई दी। टीम में, सुरेन्द्र यादव, उदय कुमार, मदन प्रसाद, धीरज कुमार , मंटू कुमार, मुकेश कुमार और चंदन कुमार इत्यादि शामिल थे।

# नवादा : फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल में सीबीएसई 2025 स्कूल टॉपर को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल, आनंद नगर, चातर, नवादा में एफए1 परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर स्कूल में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं तक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरक सुझाव दिए और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। विशेष रूप से, सीबीएसई बोर्ड 2025 की कक्षा दसवीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बने मुकुंद कुमार को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। मुकुंद ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल की अनुशासित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली के कारण ही मैं यह उपलब्धि हासिल कर सका। पिछले 24 वर्षों से यह विद्यालय जिले में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देता आ रहा है। यहां अनुशासन के साथ-साथ सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मुकुंद के पिता, एडवोकेट रंजीत कुमार ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए अपनी अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, ल्लस्कूल के शिक्षक और प्रबंधन बच्चों के लिए समर्पित भाव से कार्य करते हैं, जिसके कारण यहां के परिणाम हमेशा उत्कृष्ट रहते हैं। विद्यालय के चेयरमैन प्रो. विजय कुमार ने कहा, हमारे शिक्षक पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ बच्चों को पढ़ाते हैं। विद्यालय में अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संतुलन ही हमारे उत्कृष्ट परिणामों का आधार है।

इस अवसर पर प्राचार्य राजेश कुमार, शिक्षक राहुल कुमार, दीपक कुमार, विश्वभूषण, राम प्रवेश शर्मा, अनीश कुमार, सुमन कुमार, शिक्षिकाएं जया कुमारी, रूपा कुमारी, गजाला अंजुम, नूतन कुमारी, सलोनी कुमारी और नमिता कुमारी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन न केवल छात्रों के उत्साह को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि स्कूल की शैक्षणिक उत्कृष्टता को भी रेखांकित करता है।

# बेसहारा बच्चों के लिए ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के तत्वावधान में एक विशेष ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य बेसहारा बच्चों को आधार पंजीकरण, विधिक सहायता, एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना था, ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें।

यह सत्र आशुतोष कुमार झा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा एवं धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, अवर न्यायाधीश तृतीय-सह-प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न पदाधिकारी, अधिवक्ताएवं पैरा लीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों को योजनाओं की जानकारी दी तथा आवश्यक सहयोग प्रदान किया। यह आयोजन न केवल विधिक जागरूकता का उदाहरण था, बल्कि यह सामाजिक समावेशन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। इस अवसर पर सिविल सर्जन नवादा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, अधीक्षक वृहद आश्रय गृह, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के साथ-साथ पैनल लायर एवं पीएलवी उपस्थित थे।

# मशाल खेल महोत्सव में विभिन्न वर्गों में विजेता छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के बलिया गांव स्थित इंटर स्कूल के प्रांगण में शनिवार को मशाल खेल महोत्सव में शामिल विभिन्न वर्गों में विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान समन्वयक रणजीत कुमार, लालजीत कुमार और दिनेश प्रसाद एवं राजौली प्रखंड शिक्षक नेता अजित कुमार सहित सभी खेल में सहयोग करनेवाले शिक्षकों से खेल में चयनित छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान 60 मीटर की दौड़ में अंडर-14 में में छात्रों में पहला स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय बौढीकला के छात्र रवि कुमार व छात्राओं में निशा कुमारी एवं कबड्डी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलिया के छात्र व उत्क्रमित मध्य विद्यालय बौढीकला की छात्रा विजयी हुई वहीं ऊंची कूद में अंडर-14 के छात्राओं में उत्क्रमित मध्य विद्यालय शोहदा की प्रियंका कुमारी एवं छात्रों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलवरिया के छात्र हिमांशु कुमार एवं अंडर-16 में छात्राओं में उत्क्रमित हाई स्कूल की छात्रा कंचन कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की।इसके अलावे विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल होने वाले अन्य छात्र-छात्राएं भी शामिल रहे। समारोह को सफल बनाने हेतु संकुल के सभी मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित खेल में सहयोग करनेवाले सभी शिक्षकों को संचालक व समन्वयक ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कौआकोल पश्चिमी मंडल में भाजपा कार्यसमिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल।** प्रखण्ड के सलैया गांव अवस्थित सामुदायिक भवन में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की पश्चिमी मंडल इकाई के कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पश्चिमी मण्डल के अध्यक्ष मुकुल कुमार सिंह ने किया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला महामंत्री व गोविंदपुर विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र शर्मा मौजूद रहे। बैठक में सभी बूथों पर पार्टी की मजबूती को लेकर चर्चा किया गया तथा कार्यकर्ताओं से कहा गया कि बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती को लेकर कार्यकर्ता संघर्ष करें। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार भोली, कौआकोल पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, भोली सिंह, कुन्दन प्रभाकर, परशुराम यादव, श्रीनिवासन, गोपाल आदि मौजूद थे।

# संकुल स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल।** मशाल कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड विभिन्न संकुलों में गुरूवार से शुरू हुए टीम दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया। प्रखण्ड के गायत्री प्रोजेक्ट बालिका इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार, इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा,बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बरौन बाजितपुर में प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार, मध्य विद्यालय कौआकोल में प्रधानाध्यापक इंद्रदेव दास,इंटर विद्यालय ओखरिया में प्रभारी प्राचार्य अनन्त कुमार समेत विभिन्न संकुलों में अंतिम दिन भी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं प्रतियोगिता के समापन के बाद सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया तथा आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा भी लिया गया था।

# हत्याकांड के तीन आरोपित तीन घंटे के अंदर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया/शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के सांव बांग्ला पर एक युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए नगर पुलिस अधीक्षक गया, सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी 1 आमस थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया जिसमें चंदन हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में शेरघाटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन शैलेंद्र सिंह ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिए गए निर्देश के बाद गंभीरता से कार्रवाई करते हुए महज 3 घंटे के भीतर ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब विपिन कुमार, बंटू कुमार, सुजीत कुमार आदि सभी युवक चंदन के घर गए थे तभी लोडेड पिस्तौल से चेक करने के दौरान यह घटना हुई जिसमें सीधे चंदन के कनपट्टी पर जा लगी और उक्त घटना के बाद सभी आरोपी भाग निकले। इस संबंध में आमस थाना कांड संख्या 157/25 धारा 103(1)/238/3 (5) बी एन एस एवं आर्म्स एक्ट कर मुकदमा दर्ज किया गया था। छापेमारी करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।




# सेना के फायरिंग अभ्यास के दौरान युवक को लगी गोली

## जवानों ने ब्लड देकर बचाई जान, खतरे से बाहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** सेना के फायरिंग अभ्यास के दौरान एक युवक अचानक प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गया जिस वजह से उसको गोली लग गई। गंभीर हालत में उसे मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। हालांकि उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। गोली लगने से युवक जख्मीः बताया जाता है कि 23 मई की रात सेना के फायरिंग अभ्यास से निकलने वाले कारतूस के खोखे को चुनने के लिए युवक फायरिंग एरिया में घुस आया था। पहाड़ से अचानक निकलकर वह फायरिंग में छूटे कारतूस के खोखे को चुनने में जुटा था कि इसी बीच एमएमजी गन से चले फायरिंग अभ्यास की एक गोली उसके पेट में लग गई। घटना की जानकारी होते ही फायरिंग अभ्यास में रहे अधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में उसे बाराचट्टी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल युवक की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। 23 और 24 मई को मोर्टार या तोप का सेना का अभ्यास नहीं था, बल्कि एमएमजी गन से सेना का फायरिंग अभ्यास चल रहा था। शुक्रवार की रात्रि में 10:23 तक अभ्यास चलना था, लेकिन इसी बीच करीब डेढ़ दो घंटे पहले रात 8:50 बजे पर बीघी गांव का युवक वीरेंद्र मांझी एमएमजी गन से फायरिंग के निकले खोखे को चुनने के लालच में प्रतिबंधित क्षेत्र में आ गया। इस दौरान एक गोली उसे लगी और वह घायल हो गया। हमारे बुमेर पंचायत अंतर्गत देवरी डुमरी में सेना का फील्ड फायरिंग रेंज है। यहां 23 और 24 मई को सेना का फायरिंग अभ्यास चल रहा है। सेना के फायरिंग अभ्यास के एरिया में एक युवक वीरेंद्र मांझी अचानक चला गया था। इसके बीच उसे गोली लगी है। उसका इलाज गया स्थित अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज में चल रहा है- संजीव कुमार उर्फ गुड्डू, मुखिया, बुमेर पंचायत, बाराचट्टी, गया जी।

# जिला में सर्वाधिक पीड़ितों को लाभान्वित किया गया : डीएम

## प्रथम किस्त 214 लाभुकों एवं द्वितीय किस्त कुल 178 लाभुकों को दिया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला पदाधिकारी गया डॉ0 त्यागराजन एसएम द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी ने जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुसंधान समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया।

इस वर्ष में इस अधिनियम के तहत प्रथम किस्त कुल 214 लाभुकों को एवं द्वितीय किस्त कुल 178 लाभुकों को दिया गया। इस प्रकार राज्य में गया जिला में सर्वाधिक पीड़ितों को लाभान्वित किया गया है। इस पर कुल 02 करोड़ 63 लाख 48 हजार 04 सौ 85 रुपये (26348485 रुपये) का व्यय हुई है। हत्या के कुल 10 मामले में राहत अनुदान प्रदान किया गया है। हत्या संबंधित पूर्व के मामलों में कुल 77 आश्रितों को पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। सभी संबंधित आश्रितों का पेंशन भुगतान अद्यतन है। 03 नए पेंशन के मामलों की स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जल्द ही इन्हें भी पेंशन उपलब्ध करवाया जाएगा। इन सभी मामलों में यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता दिए जाने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया जिसकी सूची विशेष लोक अभियोजक उपलब्ध कराएंगे। वर्तमान समय में जिला कल्याण विभाग के कार्यालय में कोई भी मुआवजा लंबित नहीं है। प्रत्येक केस में मुकदमा दर्ज करने के समय पीड़ित को डेढ़ सौ रुपया अल्पाहार की भी राशि दी जाती है। पिछली बैठक से अबतक हत्या के 10 मामलों में पीड़ित परिवार को 412500 प्रति मामले की दर से सभी 10 मामलों में कुल 4125000 रुपये की मुआवजा दी गयी है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार भी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के मामलों में काफी गंभीर है। सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता है कि संबंधित पीड़ित परिवार को तुरंत सहायता प्रदान किया जा सके। इस आलोक में सभी विभागों का दायित्व है कि निर्धारित समय के अंदर एससी एसटी के पीड़ित परिवारों को मदद दिलवाने सुनिश्चित करें।

# खेल मैदान को गुणवत्ता के साथ 15 दिनों के अन्दर पूर्ण करने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अभिलाषा कुमारी शर्मा, भा.प्र.से., आयुक्त मनरेगा-सह-अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका, ग्रामीण विकास विभाग पटना द्वारा जिला गयाजी के दो प्रखंडों मानपुर एवं बोधगया में मनरेगा से बन रहे खेल मैदान एवं अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया। वे सर्वप्रथम मानपुर प्रखंड के सोहैपुर ग्राम पंचायत अन्तर्गत मध्य विद्यालय, बंधुआ पहुंची जहां वे जीविका दीदियों की अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं से अवगत हुई तथा उनका मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्द्धन किया। उनके द्वारा विद्यालय परिसर में मनरेगा से निर्माणाधीन खेल मैदान का निरीक्षण किया। इस खेल मैदान को गुणवत्ता के साथ 15 दिनों के अन्दर पूर्ण करने का निर्देश मनरेगा कर्मियों एवं कार्यक्रम पदाधिकारी को दी। मनरेगा से निर्माणाधीन इस विद्यालय परिसर समेत खेल मैदान की चहारदीवारी का भी निरीक्षण किया गया तथा चहारदीवारी के अन्दर निर्माण किये जो रहे खेल मैदान को आदर्श खेल मैदान के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात आयुक्त मनरेगा बोधगया प्रखंड के ग्राम पंचायत बसाढ़ी के ग्राम बतसपुर में मनरेगा योजना द्वारा क्रियान्वित मनरेगा खेल परिसर, मनरेगा पार्क, मनरेगा ग्रामीण हाट, मनरेगा द्वारा निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र एवं जीविका भवन, गोवर्द्धन योजना तथा अवशिष्ट प्रसंस्करण ईकाई, वृक्षारोपण का भौतिक निरीक्षण किया गया।

# भाजपा नगर कार्यसमिति बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर बल

## पहलगाम हमले की निंदा एवं सेना की कार्रवाई को बताया सराहनीय कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भाजपा गया विधानसभा के अंतर्गत दक्षिणी मंडल की बैठक सोना सदन चांद चौरा गया एवं पश्चिमी मंडल 2 की बैठक रामपुर स्थित शिव मंदिर सामुदायिक भवन में नगर कार्यसमिति बैठक सम्पन्न हुई। दक्षिणी मंडल बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू एवं पश्चिमी मंडल- 2 बैठक की अध्यक्षता अजय कुमार उर्फ हरि यादव ने की। बैठक में आगामी चुनावों के मद्देनजर बूथ सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर है। हर कार्यकर्ता को अपने बूथ को मजबूत करना है और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यसमिति ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने इस घटना को देश की एकता और संप्रभुता पर सीधा हमला बताया। बैठक में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई की बैठक में सराहना की गई और कहा गया कि भारतीय सेना ने आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत किसी भी आतंकी हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगा। पार्टी ने केंद्र सरकार की आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति का समर्थन किया। बैठक में संगठनात्मक विस्तार, आगामी जनसंपर्क अभियान और विशेष महाजनसंपर्क अभियानों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे एकजुट होकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं और 2025 के चुनाव में कार्यकर्ता लग जाए। दोनों मंडलों में बैठक के बाद तिरंगा यात्रा निकाली गई जो विभिन्न मंडल होते हुए पुनः बैठक स्थल पर समाप्त हुई। बैठक में भारत सरकार के प्रतिनिधि एवं भाजपा, गया जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, सुनील कुमार सिन्हा, महामंत्री विनोद कुमार सिंह, अशोक कुमार, जिला मंत्री पुष्पा सिंह, नीमा देवी, दयानंद गिरी, देवानंद पासवान, कंचन कुमार सिन्हा, टिंकू गोस्वामी, कमल बारिक, मनीष कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिन्हा, सोशल मीडिया जिला संयोजक वेद प्रकाश, मंडल महामंत्री मनोज चंद्रवंशी, सुरेंद्र यादव, शिव मांझी, गोपाल चंद्रवंशी, रंजीत बरहपुरिया, दीपक कुमार, गाजो बाबा, छोटेलाल मांझी, राजकिशोर प्रसाद, विकास कुमार, लखन बैठा, तुलसी यादव, विनय यादव, अरुण यादव, विनय सिंह, अमित सिंह, सरवन कुमार, बेबी देवी, विमला देवी, निर्मला देवी सहित सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता दोनों मंडलों में उपस्थित हुए।




# मंदिर की भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड के केनी पहाड़ पर पांच सौ वर्ष पूर्व से स्थित पौराणिक देवस्थल तपसी बाबा मंदिर तमाम गरीब आम जनमानस से जुड़ी आस्थाओं का केन्द्र रहा है जहां भजन कीर्तन पूजा अर्चना के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में शादी सम्पन्न कराई जाती रही है। इलाके के आस्था का केंद्र बिंदु के रूप में सदियों से रहा है। परंतु सनातनी अतिक्रमणकारियों की इस मंदिर की भूमि पर पैनी नजर वर्षों से रही है। मनसा विगहा गांव निवासी अमरेंद्र नारायण सिंह, राघवेंद्र नारायण सिंह, सत्येन्द्र नारायण सिंह, सतीश कुमार, आशुतोष कुमार, जंगली सिंह द्वारा तपसी बाबा मंदिर के भूमि एवं रास्ता को जबरन अतिक्रमण कर लिया गया जिसके विरुद्ध दर्जनों की संख्या में आम ग्रामीणों द्वारा अंचलाधिकारी के दरबार में फरियाद लगाया है। देखना यह है कि आम ग्रामीणों की जायज मांग पूरी होती है या नहीं। इधर ग्रामीणों ने बताया है कि मंदिर के जमीन हो हर हाल में अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जाएगा।

# बिजली चोरी के मामले में कार्रवाई, चार लोगों पर जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोंच।** प्रखंड के ग्राम पंचायत मंझियावां के कराई गांव में बिजली विभाग ने बिजली चोरी के मामले में कड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने चार लोगों पर जुर्माना लगाया है और उनके खिलाफ मामला भी दर्ज शनिवार को किया है। बिजली विभाग के कनीय अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि जांच के दौरान कराई गांव में बिजली चोरी के मामले सामने आए थे जिसके बाद उक्त गांव के रामाश्रय मिस्त्री पर 77386 रुपए, महावीर मिस्त्री पर 22865 रुपए, संगीता देवी पति मंटू राम पर 61374 रुपए और रुपेश कुमार पर 26386 रुपए का जुर्माना लगा कर यह कार्रवाई की गई है। विभाग बिजली चोरी के खिलाफ सख्त है और आगे भी ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# वजीरगंज में सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज के मुक्ता गार्डे न में पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर आधारित 256 आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया। समापन मौके पर सेविकाओं को संबोधित करते हुए सीडीपीओ अरूणा कुमारी ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि आज के परिवेश में प्राईवेट प्ले स्कूलों में जो बच्चों को शैक्षणिक व मनोरंजक गतिविधियां सिखाई जाती है उसे अब हमारे केन्द्र के बच्चे भी सीखें और पारंपरिक तथा बिना लागत वाले उपस्करों की सहायता से फर्राटेदार बनें।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को पढ़ाई के साथ पोषण से संबंधित दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में छोटे बच्चों को पढ़ाई के साथ पोषण से संबंधित विशेष जानकारी दी जा रही है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आकांक्षा प्रिया, लेखपाल अमित कुमार सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है। इसकी निगरानी ऑनलाइन की जा रही है। साथ ही नयी शिक्षा नीति के तहत सेविकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में हर दिन 102 आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को बाल पोषण और शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही है ताकि बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए संतुलित आहार और सही जीवनशैली जरूरी है बच्चे जब स्वस्थ और पोषित होंगे, तभी वे बेहतर तरीके से सीख पायेंगे।



# करंट से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच पोस्ट ऑफिस के समीप एक दर्दनाक घटना में युवक की मौत बिजली के करंट से शनिवार को हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि जितेंद्र साव के 18 वर्षीय पुत्र चीकू कुमार अपने घर में फ्रीज का वायर बिजली बोर्ड में लगा रहा था तभी अचानक बिजली करंट के चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एस आई चंद्रशेखर सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम कराने को कहा, लेकिन परिजन तैयार नहीं हुए तो मृतक के पिता से लिखित आवेदन लिया गया।

# महागठबंधन हर हाल में अपना वादा पूरा करेगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** आगामी विधानसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनने पर बिहार में 100 प्रतिशत डोमिसाइल नीति तथा माई- बहिन मान योजना को लागू करेगी। उक्त बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम, मुन्ना मांझी, मनोज प्रजापति आदि ने कही। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार के कार्यकाल में बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में हुई बहालियों में सामान्य सीटों पर आधा से ज्यादा दूसरे राज्य के छात्र बहाल हो गए हैं जो पूरी तरह बिहार के छात्र, नौजवानों के साथ घोर अन्याय है जिसे हर हाल में आई एन डी आई ए गठबंधन समाप्त करा कर बिहार के बेरोजगारों को राहत दिलाने का काम करेगी। नेताओं ने कहा कि आई एन डी आई ए गठबंधन माई- बहिन मान योजना लागू कर राज्य के महिलाओं को 2500 रुपया प्रति माह देने का काम करेगी। विदित हो कि देश के कई राज्यों में माई- बहिन मान योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार के महिला मुखिया को इसका लाभ मिल रहा है।

# खिजरसराय दक्षिणी मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** भारतीय जनता पार्टी, जिला गया जी (पूर्वी) के अंतर्गत खिजरसराय दक्षिणी मंडल कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक स्थानीय शिवाला परिसर में संपन्न हुआ। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर बूथ सशक्तिकरण विषय पर मंडल अध्यक्ष दया शंकर की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं गया जिला न्यायालय के वरीय अधिवक्ता मुकेश कुमार सिंह ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को अपने ओजस्वी शैली में संबोधित करते हुए कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान जारी है। अगर आपका बूथ मजबूत होता है तो आप चुनाव जीत सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले सभी बूथ अध्यक्षों को मजबूती से काम करना होगा। चुनाव में अब चंद महीने शेष बचे हैं, इसे ध्यान में रखकर पार्टी के निर्देशों का पालन सही तरीके से करना होगा। मुख्य अतिथि मुकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा कि भारत देश पहले से बेहतर और मजबूत हुआ है। आप कार्यकर्ताओं के मेहनत का ही फल है कि मोदीजी के रुप में एक मजबूत प्रधानमंत्री भारत को मिला है। उन्होंने भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम के बारे में भी चर्चा किया। पहलगाम घटना को याद करते हुए वह भावुक नजर आये। इसके बाद की जबाबी कार्रवाई में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को जो मिट्टी में मिलाने का कार्य किया, इसके लिए वह काफी उत्साहित नजर आये। कार्यसमिति की बैठक में गया जी पूर्वी के संगठन महामंत्री अशोक शर्मा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के द्वारा निर्देशित आगे के कार्ययोजना पर विशेष रुप से चर्चा किया। मंडल के पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार, सहजानन्द दांगी एवं बीरेन्द्र शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण चर्चा किया। आज के इस कार्यसमिति बैठक का संचालन मंडल के महामंत्री पंकज कुमार दांगी एवं धन्यवाद ज्ञापन दूसरे महामंत्री अभय पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता सतीश कुमार सिंह उर्फ जय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विकास रंजन, मनोज महतो, मुन्नी देवी, बलवंत सिंह, मंत्री अंजनी देवी, अनुराग मोहन, महिला मोर्चा अध्यक्ष बीरंज कुमारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष बिपिन कुमार, अतिपिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष पवन कुमार चंदेल, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष संजीत मांझी, मीडिया प्रभारी मुनमुन कुमार के साथ सभी पंचायतों के अध्यक्ष, प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यसमिति सदस्यों की उपस्थिति रही।




**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.– 06 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.–16– डीडीयू–व.मं.इंजी.–मुख्यालय–25–26.

1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : डीडीयू में यूरोपीय कॉलोनी, स्टेशन और रोजा कॉलोनी में जल जमाव से बचने के लिए स्टाफ क्वार्टरों में निचले भूमि क्षेत्र में मिट्टी भरकर कॉलोनी का सुधार। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹41,97,200.69, 3. धरोहर राशि : ₹84,000.00, 4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 13.06.2025 को 12:00 बजे तक। 5. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in. नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0300/डीडीयू/अभि./टी/25–26/36

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्या : RP/DNR/HS/TRL/GAYA/RETENDER-2 दिनांक – 22.05.2025

1. कार्य का नाम एवं स्थान : Design, Supply, erection testing & Commissioning of Bays at Bodh Gaya GSS with termination 132 KV D/C transmission line in between Gaya TSS to Bodh Gaya BSPTCL GSS through 132 KV underground Cabling under Railway Project Danapur of East Central Railway. 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹27,37,39,343.83, 3. निविदा फार्म की किमत : ₹0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹15,18,700.00, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक– 02.06.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 16.06.2025 को 15:00 बजे। 6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है: पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्ते व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेवसाईट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन–801105.

उप मुख्य विद्युत अभियंता/
रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर
पीआर/0307/डीएनआर/विद्युत/टी/24–25/40

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ**

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Ref. No.-08/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 10.06.2025 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 12.06.2025 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 12.06.2025 from 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of Paver Block in Approach Road From Main Road to Forest Colony, Sudna, Daltonganj, Palamu. | 11,59,600.00 | 24000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 2. | Laying of Paver Block from Office to Colony in District Forest Office, Daltonganj, Palamu. | 21,72,100.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 3. | Construction of Boundary Wall UPG Middle School at Chechnaha under Block Nawabazar, Palamu. | 23,05,400.00 | 46500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Daltonganj, Palamu. | 23,82,500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 5. | Construction of 02 Room with Toilet in Thana at Chhattarpur, Palamu. | 23,82,500.00 | 48000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 6. | Construction of P.C.C Pathway to Godowns and Laying of Paver Blocks in District Animal Husbandry Office Campus, Palamu at Daltonganj. | 22,91,700.00 | 46000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 7. | Renovation of Meeting Hall Building in District Animal Husbandry Office Campus, Palamu at Daltonganj. | 14,52,800.00 | 26000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 8. | Renovation of Labour Office Building at Redma, Daltonganj, Palamu. | 49,60,600.00 | 100000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 9. | Estimate For GCI Shed in Backyard of A,B,C,D Type Quarter Building and Chequrred Tiles in Front of A,B,C,D E & F Type Building in Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 20,74,000.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 10. | Construction of Boundary Wall Back Side & Raising of Rest Boundary Wall Height, Concertina Coil Fencing and Partition Wall Between Block&B & Block-C in Judicial Colony at Daltonganj, Palamau. | 20,58,700.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 11. | Construction of GCI Shed in Front & backyard of C Type Quarter and in front of D & E Type Quarter Building in Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 4,93,000.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 12. | Installation of View Blocker in Boundary Wall of Civil Court, Palamu at Daltonganj. | 20,62,100.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 13. | Modulation of Staff Quarter Beside New Circuit House in a Finished Duplex along with attached Bathrooms at Daltonganj. | 24,88,200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 14. | Renovation of Guard Room, Deep Boring in Circuit House, Palamu Campus at Daltonganj. | 19,21,800.00 | 40000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 15. | Repair of S.D.O Residence Building, Guard Room, P.C.C Work in S.D.O Chhattarpur Residence Campus, Palamu. | 38,88,900.00 | 78000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 16. | Estimate For Flooring (Tiles) and View Blocking Partition in Quarter E-01 SDPO Sadar Residence at Daltonganj, Palamu. | 7,61,500.00 | 16000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 17. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Chainpur, Daltonganj, Palamu. | 31,20,000.00 | 64000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 18. | Repair and Painting of Awsadhi Nirakchhak office at Daltonganj. | 18,56,200.00 | 38000.00 | 5000.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj**

PR 353450 District (25-26)_D

संपादकीय

# नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता

छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच चली 72 घंटे की मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी नेता बसवराज समेत 27 नक्सलियों का मारा जाना हमारे सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता है। हालांकि इसमें एक जवान भी शहीद हुआ। यह मुठभेड़ उस नक्सल विरोधी अभियान के बाद हुई है, जो छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों में 21 दिन चला था। इसमें 31 माओवादी मारे गए थे और उनके बड़े नेताओं को बड़ा झटका लगा था तथा अब यह दूसरा बड़ा झटका है। सुरक्षा बलों की इस कामयाबी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बधाई दी है। वैसे भी सुरक्षा बल नक्सलियो के खिलाफ सभी नक्सल प्रभावित राज्यों में जिस तरह से सघन अभियान चला रहे हैं, उससे यही लगता है कि केन्द्रीय गृहमंत्री द्वारा नक्सलियों के सफाए की 31 मार्च 2026 की डेड लाइन अब ज्यादा दूर नहीं है। सरकार की सख्त नीति और नक्सलियों पर सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव के चलते देश में नक्सलवाद अब चार राज्यों के 6 जिलों तक सिमट गया है। इसका मुख्यं कारण यह है कि नक्सलियों की हिंसक कार्यशैली से आम लोग अब उकता चुके हैं। वो शांति चाहते हैं। दूसरे, देश में नक्सल आंदोलन तो साठ साल से चल रहा है, लेकिन नक्सली शोषण मुक्त समाज बनाने के लिए सशस्त्र क्रांति के अपने लक्ष्य को तनिक भी नहीं पा सके हैं। वो जिस लाइन पर चल रहे हैं, वह मूलत~ चीनी कम्युनिस्ट नेता माओ त्से तुंग की लाइन है, जिसे खुद चीन भी पीछे छोड़ चुका है। दुनिया अब काफी बदल चुकी है। अब तो सशस्त्र लड़ाइयों की जगह संसाधनों पर कब्जे के लिए अंतरराष्ट्रीय संघर्ष शुरू हो चुका है। लेकिन खुद को माओंवादी कहलाने वाले नक्सली अभी भी उसी बाबा आदम के जमाने में जी रहे हैं। नक्सल आंदोलन वहां भी दम तोड़ चुका है, जहां से यानी पश्चिम बंगाल के नक्सलवाड़ी से यह शुरू हुआ था। समाज और राजनीतिक व्यवस्था को आमूलचूल बदल डालने की जिद में शुरू हुआ यह आंदोलन अब रंगदारी वसूलने, दूरदराज के क्षेत्रों में गरीब आदिवासियो को मारने और अपना धंधा चलाने में तब्दील हो चुका है। इसे चलाने वाले चंद अर्बन नक्सल हैं, जो पर्दे के पीछे से काम करते हैं। नक्सलियों के पास अवैध हथियारों का जखीरा है और वो सुरक्षा बलों को मारने में अपनी बहादुरी समझते हैं। जबकि हकीकत यह है कि देश में उनका समर्थन लगातार घटता जा रहा है। उधर सरकार नक्सलियों को मार ही नहीं रही है, वह आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों का समुचित पुनर्वास भी कर रही है। यह भी कारण है कि बहुत से नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यह धारा में लौट रहे हैं और शांतिपूर्वक अपना जीवन बिता रहे हैं। इनमें से कई तो सुरक्षा बलों में भर्ती होकर नक्सलियों को मारने में मदद भी कर रहे हैं। नक्सलियों पर यह शिकंजा सुरक्षा बलों की नई रणनीति कि नक्सलियों को उनके घर में घुस कर मारेंगे, के कारण ज्यादा कसा गया है। करैंगुट्टा की पहाड़ी नक्सलियों की सुदूर इलाके में स्थित सुरक्षित पनाहगाह थी। लेकिन सुरक्षा बलों ने उसे भी खोज निकाला और वहां रह रहे नक्सलियों को ठिकाने लगा दिया। जहां तक मप्र की बात है तो यहां केवल छत्तीसगढ़ से लगे जिलों के सीमावर्ती इलाकों नक्सली गतिविधियां देखी गई हैं। लेकिन यहां भी सरकार सख्ति है। कई लोग नक्सलवाद को सामाजिक समस्या मानते हैं, वह है भी,लेकिन जिस तरह नक्सली भारतीय संविधान को ठुकरा कर अपना राज कायम करना चाहते हैं, वह किसी भी भारतीय नागरिक को स्वीकार्य नहीं होगा। नक्सली समस्या का स्थायी समाधान उन समस्याओं का निदान है, जिनके कारण नक्सलवाद पनपा।

# मार्च 2026 के पहले नक्सलवाद का खात्मा संभव

**छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चल रहा अभियान बहुत बड़े मुकाम तक पहुंचा है। इसमें 21 मई 2025 को नक्सली इतिहास के पन्ने में नक्सली सफाई का एक ऐसा अध्याय लिख दिया गया है, जो अब नक्सलियों की सफाई की अंतिम कहानी को लिखेगा। साल 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी की कोख से जन्मे नक्सलवाद और उसकी लड़ाई**



**में पहली बार ऐसा हुआ है, जब नक्सलियों के महासचिव की टीम से सीधी टक्कर हुई है जिसमें उनका शीर्ष कमांडर मारा गया है। इससे पहले महासचिव स्तर के कमांडर नीतियां बनाते थे। लड़ाई पहले लेयर के नक्सली लड़ते थे लेकिन अब शायद वह लेयर भी खत्म हो गई है, जो सुरक्षा बलों के चलाए जा रहे अभियान की सबसे बड़ी कामयाबी है।**

**अशोक भाटिया**

नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में सीपीआई माओवादी के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू सहित 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चल रहा अभियान बहुत बड़े मुकाम तक पहुंचा है। इसमें 21 मई 2025 को नक्सली इतिहास के पन्ने में नक्सली सफाई का एक ऐसा अध्याय लिख दिया गया है, जो अब नक्सलियों की सफाई की अंतिम कहानी को लिखेगा। साल 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी की कोख से जन्मे नक्सलवाद और उसकी लड़ाई में पहली बार ऐसा हुआ है, जब नक्सलियों के महासचिव की टीम से सीधी टक्कर हुई है जिसमें उनका शीर्ष कमांडर मारा गया हो। इससे पहले महासचिव स्तर के कमांडर नीतियां बनाते थे। लड़ाई पहले लेयर के नक्सली लड़ते थे लेकिन अब शायद वह लेयर भी खत्म हो गई है, जो सुरक्षा बलों के चलाए जा रहे अभियान की सबसे बड़ी कामयाबी है।

बताया जाता है कि नक्सलियों के लिए मई और जून का महीना उनके हिसाब-किताब का महीना होता है। नक्सलियों के हिसाब किताब के महीने से तात्पर्य सिर्फ इस बात का नहीं है कि नक्सलियों को कितनी लेवी आई है या नक्सली कितना पैसा वसूले हैं। हिसाब किताब का महीना इसलिए इसे कहा जाता है कि नक्सली चाहे दवा का भंडारण हो या फिर खाने का सामान या बंदूक की जरूरत हो या फिर गोलियों की यह सभी हिसाब किताब मई और जून महीने में कर लेते हैं। इस सफलता के पीछे की सबसे बड़ी वजह यह भी बताई जाती है कि जंगल में जहां नक्सली रहते हैं, उसके आसपास छोटी बड़ी नदियां होती हैं। मई और जून के महीने में इन नदियों में पानी नहीं होता है। जिसके कारण परिवहन बहुत आसान होता है। खाने पीने का सामान, दवाई या उससे जुड़ी चीजें आसानी से बाजार से लेकर जंगल में उनके ठिकाने तक पहुंचाई जाती हैं। बारिश का महीना होने के बाद नदियों में पानी आ जाता है। फिर नदी पार करके इन सामानों को लाना काफी मुश्किल हो जाता है। इसलिए इस महीने में इनके भंडारण का सबसे ज्यादा काम होता है। इस बार इसी हिसाब किताब के महीने पर सुरक्षा एजेंसियों ने सबसे ज्यादा पहरा बैठा दिया है। जिसका परिणाम है कि अब नक्सलियों के महासचिव स्तर के कमांडर मारे जा रहे हैं।

इस ऑपरेशन मारे गए नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी सीपीआई-माओवादी का महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ था। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि इस बड़ी सफलता के लिए वे हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करते हैं। यह भी खुशी की बात है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

बाला केशव राव उर्फ बसवराजू पर छत्तीसगढ़ सरकार ने एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित किया था। आंध्र प्रदेश,तेलंगाना और महाराष्ट्र में भी उस पर अलग-अलग इनाम घोषित थे। उसकी गिनती उन चुनिंदा नक्सल नेताओं में होती थी जो पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति दोनों सर्वोच्च निकायों में शामिल था। उसे एक ऐसा नक्सल नेता माना जाता था जो जंगल में अपनी तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था और नेटवर्क के कारण कभी भी पकड़ा नहीं गया। बसवराजू का जन्म आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के जियान्नापेटा गांव में हुआ था।उसने वारंगल के इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक किया था। लेकिन पढ़ाई के बाद उसने बंदूक उठा लिया। साल 1970 के दशक में उसने नक्सली आंदोलन से जुड़कर प्रकाश, कृष्णा, विजय, उमेश और कमलू जैसे कई छद्म नामों से काम करना शुरू कर दिया। वो शुरू में जमीनी कार्यकर्ता था, लेकिन जल्द ही संगठन की रणनीति औरहथियारों की ट्रेनिंग में माहिर हो गया।साल 1992 में उसे पीपुल्स वार ग्रुप की केंद्रीय समिति का सदस्य बनाया गया। उस वक्त इस ग्रुप का महासचिव गणपति हुआ करता था। बसवराजू को गणपति और सीतारामैयाजैसे नेताओं से गुरिल्ला युद्ध का प्रशिक्षण मिला। उसने धीरे-धीरे सैन्य रणनीति, आईडी और बारूदी सुरंगों के संचालन में महारत हासिल कर लिया। साल 2018 में बसवराजू को सीपीआई (माओवादी) का महासचिव नियुक्त किया गया। उसने गणपति की जगह ली, जिसने उम्र और बीमारी के चलते पद छोड़ दिया था। लेकिन बसवराजू की कमजोरी यह रही कि उसके पास संगठन को राजनीतिक रूप से चलाने का अनुभव नहीं था। इसलिए सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि उसके कार्यकाल में माओवादी आंदोलन रणनीतिक रूप से कमजोर हुआ। हालांकि वह सैन्य अभियानों के लिए जिम्मेदार रहा और बस्तर में कई बड़े हमलों की साजिश रचता रहा।

सुरक्षा विशेषज्ञ और प्रोफेसर डॉ. गिरीशकांत पांडे बताते हैं, 'बसवराजू एक सैन्य रणनीतिकार था लेकिन उसके पास राजनीतिक सोच का अभाव था। उसके नेतृत्व में माओवादी आंदोलन ने दिशा खो दी। यही वजह है कि माओवादी आंदोलन दिशा भटक गया। उसकी मौत माओवादी नेटवर्क की रीढ़ तोड़ने जैसा है।'

नक्सलियों के खिलाफ पिछले दिनों हुई कार्रवाई की मिली जानकारी के अनुसार 21 मई 2025 से पहले 21 दिनों में 31 नक्सली मारे गए हैं। नक्सलियों के लिए हथियार बनाने वाली लेथ मशीन को जप्त किया गया है। नक्सलियों के 818 बीजीएल सेल बरामद किया गया है। 450 आईडी बम डिफ्यूज किए गए हैं। 2 साल के लिए नक्सलियों द्वारा रखा गया राशन जप्त किया गया है। बंदूक और दूसरे हथियार बनाने की दो फैक्ट्रियों को पकड़ा गया है। नक्सलियों के एक दर्जन से ज्यादा कैंप को ध्वस्त किया गया है। नक्सलियों के इलाज के लिए बनाए गए चार अस्पताल को पूरे तौर पर ध्वस्त कर दिया गया है। हथियारों का बड़ा जखीरा पुलिस ने बरामद किया है। 21 मई 2025 को महासचिव को मारकर सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के मनोबल को तोड़ दिया है। पिछली नक्सलवादी घटनाओं को देखें तो 2003 में अलीपीरी बम विस्फोट में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन सीएम चंद्रबाबू नायडू की हत्या का प्रयास हुआ। 2010 में दंतेवाड़ा नरसंहार में 76 सीआरपीएफ जवान मारे गए थे। 2013 में झीरम घाटी हमले में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सहित 27 लोग मारे गए थे। 2019 में श्यामगिरी हमला में बीजेपी विधायक भीमा मंडावी सहित पांच लोग मारे गए। 2020 में मिनपा एंबुश सुकमा में हुए नक्सली हमले में 17 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे। 2021 में टेकलगुड़ेम जापुर में उस साल का सबसे बड़ानक्सली हमला हुआ जिसमें 22 जवान शहीद हो गए।

सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, अब नक्सल संगठन में ऐसा कोई अनुभवी नेता नहीं बचा है जो 40 से 50 वर्ष की उम्र का हो और नेतृत्व की क्षमता रखता हो। मौजूदा नेतृत्व या तो बुजुर्ग है या अनुभवहीन है। इससे नक्सली नेटवर्क के बिखराव की आशंका जताई जा रही है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ यह निर्णायक लड़ाई है। सुरक्षा बलों ने निश्चित तौर पर बड़ा काम किया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि हमने अपने एक सिपाही को खोया है। लेकिन उसके बाद भी सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ा हुआ है। हर हाल में तय समय सीमा के भीतर हम नक्सल समस्या का समाधान छत्तीसगढ़ में करके रहेंगे। मोदी सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए कटिबद्ध है।

अध्यात्म

## जिसका मनोबल जाग जाता है वो असंभव काम कर जाता है



राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्ध नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उस पर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता कि देखते ही देखते शत्रु के पाँव उखड जाते। समय गुजरता गया, और एक समय ऐसा भी आया, जब वह वृद्ध दिखने लगा। अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। अब उसपर कोई ध्यान नहीं देता था। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धँस गया और फिर धँसता ही चला गया। उस हाथी ने बहुत कोशिश की, लेकिन वह उस कीचड़ से स्वयं को नहीं निकाल पाया। उसकी चिंघाड़ने की आवाज से लोगों को यह पता चल गया कि वह हाथी संकट में है। हाथी के फँसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला.. तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया कि आप हमें इस विकट परिस्थिति में मार्गदर्शन करें गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्ध की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्ध में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी। जिसका मनोबल जाग जाता है वो असहाय और अशक्त होने के बावजूद भी असंभव काम कर जाता है।

# मित्रता के मुखौटे में स्वार्थ की राजनीति

**राजनीति और व्यापार का रिश्ता उतना ही पुराना है जितना सत्ता और हथियारों का। जब-जब वैश्विक व्यवस्था आर्थिक हितों के हाथों में रही है, तब-तब नैतिकता, कूटनीति और राष्ट्रवाद की परिभाषाएं परिवर्तित होती रही हैं। भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए यह चुनौती और भी विकट हो जाती है, जब वह एक ओर अपने आत्मसम्मान और संप्रभुता की रक्षा करता है और दूसरी ओर वैश्विक पूंजीवाद के दबावों का सामना करता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को लेकर दिए गए कई बयानों ने यही द्वंद्व उजागर किया, एक ओर राष्ट्रवाद का उदय, दूसरी ओर डॉलर की दरकार।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

भारतीय राजनीति में राष्ट्रवाद एक सशक्त हथियार बन चुका है। पिछले कुछ वर्षों में भाजपा सरकार ने 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को चुनावी मंच से लेकर विदेश नीति तक हर स्तर पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट, धारा 370 जैसे निर्णयों को एक संगठित राष्ट्रवादी विमर्श के तहत जनता के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। 'तिरंगा यात्रा' जैसे आयोजनों में शक्ति प्रदर्शन और राष्ट्रप्रेम की भावनाएं उभारी गईं, लेकिन ये कार्यक्रम कई बार प्रतीकात्मकता से आगे नहीं बढ़ सके। सोशल मीडिया पर वायरल हुए ऐसे वीडियो, जिनमें यात्रा समाप्ति के बाद सड़क किनारे तिरंगे पड़े मिले, यह दर्शाते हैं कि राष्ट्रवाद यदि केवल उत्सव बन जाए और जीवन मूल्य न बने, तो वह खोखला रह जाता है।

इसी बीच जब भारत ने अपने आर्थिक और कूटनीतिक हितों को वैश्विक मंचों पर पुनर्परिभाषित करना शुरू किया, तब अमेरिका की ओर से आर्थिक दबाव की एक नई रणनीति उभरने लगी। डोनाल्ड ट्रंप का बयान- 'भारत जितना टैक्स अमेरिका पर लगाता है, उतना अमेरिका भी भारत पर लगाएगा', केवल व्यापारिक असंतुलन का बयान नहीं था, वह भारत की आर्थिक नीतियों पर दबाव बनाने का स्पष्ट संकेत भी था। यह बात तब और गंभीर हो जाती है जब ट्रंप प्रशासन द्वारा भारत में बनाए जा रहे आई फोन उत्पादन पर अप्रत्यक्ष आपत्ति जताई जाती है और टिम कुक को भारत से 'निर्माण बंद करने' की सलाह दी जाती है। यह स्पष्ट संकेत है कि जब अमेरिका को अपने हितों की रक्षा करनी होती है, तो वह मित्रता के आवरण को उतार कर प्रतिस्पर्धा का वस्त्र धारण कर लेता है।भारत-अमेरिका संबंध कभी भी पूर्ण मित्रता पर आधारित नहीं रहे, वे हमेशा आपसी लाभ, सामरिक समीकरण और व्यापारिक संतुलन पर टिके रहे हैं। अमेरिका के लिए भारत एक बड़ा बाजार है, न कि एक समान अधिकारों वाला भागीदार। ट्रंप के बयानों ने यह बार-बार स्पष्ट किया कि जब भारत 'मेक इन इंडिया' की बात करता है, तब अमेरिका को डर सताता है कि कहीं उसकी कंपनियां भारत में सस्ती श्रमशक्ति का लाभ उठाकर प्रतिस्पर्धा में पीछे न छूट जाएं।

यह विरोधाभास उस समय और गहराता है जब अमेरिका भारत के साथ सामरिक साझेदारी की बात करता है, लेकिन उसके ही नेता पाकिस्तान को समर्थन देने वाले बयान दे देते हैं। बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भी ट्रंप प्रशासन ने पाकिस्तान को पूरी तरह से अलग-थलग नहीं किया। बल्कि कई अवसरों पर पाकिस्तान को 'स्ट्रेटजिक पार्टनर' कहा गया। यह दोहरा रवैया बताता है कि अमेरिका की नीति किसी आदर्श या मूल्य आधारित नहीं, बल्कि अवसरवादी और व्यापारिक रही है।

भारत के लिए यह चुनौतीपूर्ण स्थिति है। एक ओर वह आतंकवाद और राष्ट्र सुरक्षा के मुद्दे पर वैश्विक सहमति चाहता है, वहीं दूसरी ओर अमेरिका जैसे देश व्यापारिक संतुलन और डॉलर के खेल में उलझे हुए हैं। यह स्थिति भारत को मजबूर करती है कि वह अपनी विदेश नीति को और अधिक आत्मनिर्भर तथा संतुलित बनाए। अमेरिका पर अंधानुकरण करना या केवल पश्चिम के हितों की पूर्ति करना, अब भारत जैसे उभरते राष्ट्र के लिए आत्मघाती सिद्ध हो सकता है।



हाल ही में जब ट्रंप ने ऐप्पल को भारत में निवेश रोकने का परोक्ष आदेश दिया, तो यह स्पष्ट हो गया कि अमेरिकी नेतृत्व केवल आर्थिक स्वार्थों से प्रेरित होकर नीतिगत हस्तक्षेप करता है। भारत की स्वायत्तता और आर्थिक निर्णयों में इस प्रकार का हस्तक्षेप उसकी संप्रभुता पर सीधा आघात है। लेकिन भारत ने इस पर जितनी संयमित प्रतिक्रिया दी, वह कूटनीतिक परिपक्वता का परिचायक थी। भारत ने किसी भी बयान को सार्वजनिक स्तर पर नकारा नहीं, न ही उसके प्रतिरोध में तीखी प्रतिक्रिया दी। यह बताता है कि भारत अब वैश्विक राजनीति को केवल भावनाओं से नहीं, ठोस रणनीति से देख रहा है।

भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह अमेरिका की इस आर्थिक रणनीति का कैसे जवाब दे? क्या वह आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को और अधिक ठोस बनाकर इस दबाव से उबर सकता है? क्या वह घरेलू उद्योगों को इतना सक्षम बना सकता है कि विदेशी निवेशकों की धमकियों से प्रभावित हुए बिना नीति निर्धारण कर सके? इन सवालों के उत्तर आज भारत को न केवल अपने भीतर ढूंढने हैं, बल्कि वैश्विक मंचों पर भी अपने आत्मविश्वास से प्रस्तुत करने हैं।

भारत को यह भी समझना होगा कि विश्व के किसी भी देश की मित्रता स्थायी नहीं होती, स्थायी होते हैं केवल स्वार्थ। सऊदी अरब, कतर, अज़रबैजान, तुर्की जैसे देशों ने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया, और अमेरिका ने भी तटस्थ रहकर अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर दबाव डाला। लेकिन इन सभी परिस्थितियों में भारत का रुख संयमित और सधा हुआ रहा। यही वह नीति है जो एक मजबूत राष्ट्र की पहचान कराती है।

भारत अब केवल एक बाजार नहीं, एक रणनीतिक शक्ति बन चुका है। उसकी जनसंख्या, तकनीकी क्षमता, सैन्य शक्ति और आर्थिक संभावनाएं उसे वैश्विक परिदृश्य में केंद्र बिंदु बनाती हैं। ऐसे में अमेरिका हो या कोई अन्य देश, भारत को अब 'निर्देशित मित्र' नहीं, बल्कि 'समान भागीदार' मानकर संवाद करना चाहिए। यदि अमेरिका भारत को केवल टैक्स, टैरिफ और आयात-निर्यात की शर्तों में नापेगा, तो वह एक बड़ी भू-राजनीतिक भूल करेगा।

डोनाल्ड ट्रंप का कार्यकाल भारत-अमेरिका संबंधों के लिए कई स्तरों पर चुनौतीपूर्ण रहा। उनके बयानों ने बार-बार यह जताया कि अमेरिका को केवल लाभ की भाषा समझ आती है। लेकिन भारत ने जो धैर्य, विवेक और रणनीति दिखाई, वह अब एक स्थायी विदेश नीति की नींव रखती है। अमेरिका में बदलते नेतृत्व और वैश्विक राजनीतिक उठापटक के बीच, भारत को अपनी दिशा स्वयं निर्धारित करनी होगी।

भारत को अब यह तय करना होगा कि वह राष्ट्रवाद के नारों से आगे बढ़कर आर्थिक आत्मनिर्भरता को वास्तविक रूप दे। 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे अभियानों को ज़मीनी स्तर पर सफल बनाना ही अमेरिका जैसे देशों की नीति पर प्रभाव डाल सकता है। कूटनीति के इस युद्ध में भारत को तलवार नहीं, तराजू उठाना है, ऐसा तराजू जिसमें उसके हितों का संतुलन स्थिर और अडिग रहे। और जब तक भारत अपने हितों की रक्षा इस विवेक के साथ करता रहेगा, तब तक कोई ट्रंप, कोई डॉलर, उसकी संप्रभुता को झुका नहीं सकेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखने की आवश्यकता है। इनकम को बढ़ाने के सोर्सों पर पूरा ध्यान देंगे, लेकिन आप गलत तरीके से धन कमाने से बचें।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप अपने व्यवसाय की योजनाओं में सही तरीके से धन लगाएं।

**मिथुन**

आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को लेकर कहीं घूमने-फिरने की योजना बना सकते हैं।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके पूरे होने में समस्या आएगी।

**सिंह**

आज के दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप अपने जीवनशैली को सुधारने की कोशिश में लगे रहेंगे।

**कन्या**

कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी होगी। जरूरी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा।

**तुला**

इस महीने आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए संभलकर चलने के लिए रहेगा, क्योंकि आपको बिजनेस में धोखा मिलने से कोई नुकसान हो सकता है।

**धनु**

आपको अनुभवी व्यक्तियों का पूरा साथ मिलेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**मकर**

आज नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई जल्दबाजी करने से बचना होगा। आप दिखावे के चक्कर में धन व्यय कर सकते हैं। आपको किसी नई संपत्ति की खरीदारी करना बेहतर रहेगा।

**कुंभ**

नौकरी में कार्यरत लोगों पर प्रमोशन मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार के सदस्यों को लेकर आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। जल्दबाजी में आपको कोई निर्णय लेने से बचना होगा, नहीं तो आपको उसके लिए बाद में पछतावा होगा।

# रिफाइनरी में महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला

## महिला कर्मचारियों के कैरियर के दौरान चुनौतियों को किया गया साझा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** इंडियन ऑयल बरौनी रिफाइनरी के अधिगम एवं विकास विभाग में एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण कार्यशाला फेमपावरमेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन के भीतर समावेशिता के दृष्टिकोण को मजबूत करना था ताकि महिला कर्मचारी आत्मविश्वास और सम्मान अवसर के साथ आगे बढ़ सकें। कार्यशाला का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाशने कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, कार्यशाला की मुख्य अतिथि वक्ता मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मार्केटिंग अंजलि सिंह एवंमहाप्रबंधक (अधिगम व विकास एवं कर्पोरेट संचार) पाइपलाइन वाई अर्चना, बरौनी रिफाइनरी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं महिला कर्मचारियों की उपस्थित में किया। महिला कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सत्यप्रकाश ने बरौनी रिफाइनरी और इंडियन ऑयल मे पारिस्थिति की तंत्र के विकास को आगे बढ़ाने में महिला पेशेवरों की अभिन्न भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने महिला कर्मचारियों के दृढ़ संकल्प की सराहना की जिसके साथ वे चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभा रही हैं। इस एक दिवसीय कार्यशाला का प्रत्ययननिदेशक, मानव संसाधन, रश्मि गोविल द्वारा दिया गया था। हमारी मुख्य अतिथि वक्ता अंजलि सिंह ने वर्तमान स्थिति और एक महिला कर्मचारी के कैरियर के दौरान आने वाली चुनौतियों और इससे निपटने के तरीकों को साझा किया। उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यक्रम को अपने कौशल को बढ़ाने, आत्म-विश्वास का निर्माण करने और संगठनात्मक सफलता में सार्थक योगदान देने के लिए एक मंच के रूप में देखने का आग्रह किया। श्रीमति अर्चना ने सभी महिला कर्मचारी प्रतिभागियों से व्यक्तिगत रूप से उनके अनुभवों को साझा करने के लिए प्रेरित किया और निजी उदाहरणो के माध्यम से कार्यालय और घरेलू जीवन के बीच सामंजस्य बनाने की हिदायत दी। इस कार्यशाला में दोनों ही वक्ताओं ने महिला सहकर्मियों को खुद को सशक्त करने के लिए कई व्यावहारिक सलाह दिए। जैसे कि खुद का ख्याल रखना अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ पर ध्यान देना, कार्यालय मे किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार का प्रबंधन से साझा करना, स्वयं के संवर्धन के लिए जिम्मेदारी लेना इत्यादि। इंडियन ऑयल कर्पोरेशन लिमिटेड, बरौनी रिफाइनरी इस प्रकार की नियमित कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है कि रिफाइनरी में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा, संयंत्र की सुरक्षा तथा पर्यावरणीय संतुलन सर्वोच्च बना रहे।

## मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के कुटकुरी गांव में मारपीट के मामले में भीम शर्मा व टुनटुन शर्मा घायल हो गए। दोनों का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। घायल टुनटुन शर्मा ने कुटकुरी गांव निवासी लालबाबू चंद्रवंशी, विकास शर्मा, विजय शर्मा, प्यारेलाल, अजय शर्मा, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, राधामनी देवी को नामजद आरोपित बनाते हुए यह उल्लेख किया जी 22 तारीख की संध्या में बाबूगंज काली स्थान के पास मैजिक गाड़ी पर था, शराब के नशे में उक्त गाली गलौज करते हुए मारपीट कर गाड़ी की चाबी छीन ली किसी तरह छीन लिए तो सभी उक्त व्यक्ति घर पर जाकर मेरे बड़े भाई भीम शर्मा को मारपीट कर जख्मी कर दिया। सूचना मिलते ही घर पहुंचा तो सभी लोग पत्थर फेंक रहे थे, परिवार को जान से मारने की भी धमकी दे रहे थे। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

## एक नजर

### सैनिक स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण हुई जाहन्वी

**मंसूरचक (बेगूसराय) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंसूरचक प्रखंड क्षेत्र के फरछीवन गांव निवासी किसान की पुत्री ने सैनिक स्कुल प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रगतिशील किसान दीपक कुमार राय व गृह्णिी प्रियंका राय की पुत्री जाहन्वी ने सेल्फ स्टडी से सैनिक स्कूल की क्लास 6 की प्रवेश परीक्षा पास की है। जहान्वी के पिता दीपक ने बताया कि जहान्वी बेहतरीन परफर्मेंस करते हुए सैनिक स्कूल की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है। जहान्वी ने अपने सफलता का श्रेय पिता दीपक व माता प्रियंका को दिया इन्हें सफलता मिलने पर दादा सीताराम राय, राजीव रंजन, सुधीर कुमार राय मुन्ना, अभिनव प्रकाश, उज्जवल आलोक सहित आदि ने शुभकामनाएं व्यक्त किया।

### आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तैनात आशा कार्यकर्ता सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में हड़ताल पांचवे दिन शनिवार को भी जारी रही। बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ एक्टू के निर्णयानुसार यह हड़ताल आहुत किया गया। आशा कार्यकर्ताओं के हड़ताल से संपूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम बाधित रहा। ओपीडी भी ठप रहा। आशा कार्यकर्ता पीएचसी के मेनगेट पर जमा होकर सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार स्कीम वर्कर के साथ छल कर रही है। आशा स्वास्थ्य महकमा की रीढ़ है। 2023 में राज्य सरकार ने प्रोत्साहन राशि के स्थान पर 2500 रुपए प्रति माह देने का समझौता की थी। इसे आज तक लागू नहीं किया गया है। इनके हड़ताल के दवाब में आकर बंद आश्विन पोर्टल को खोला गया है। स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यो को इनके द्वारा ससमय पूरा किया जाता है पर ये उपेक्षित हैं। यह हड़ताल एक झांकी है। इनके मांगों को अविलंब मूर्तरूप नहीं दिया जाता है तो चरणबद्ध आंदोलन के जरिये स्वास्थ्य विभाग के सभी कार्यक्रमों को ठप किया जाएगा। इसमें रामकुमार, कंचन, लक्ष्मी, अंजू, सीता, कविता देवी, रेणु, सुमित्रा देवी, रौशन कुमारी, रूक्मिणी देवी, अंजु कुमारी, मुनचुन कुमारी, रंजू कुमारी, वंदना कुमारी, वसंती कुमारी, पूनम कुमारी, रीता कुमारी, राधा कुमारी, आशा मिश्रा, मुन्नी कुमारी, शबनम, प्रतिमा आदि शामिल थे।

### स्नान के दौरान नदी में डूबने से दो युवकों की मौत

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नयागांव थाना क्षेत्र के गंगा घाट पर गंगा स्नान के दौरान चार युवक की डूबने से मौत हो गई। शुक्रवार को डूबता हुए दो युवक को स्थानीय लोगों ने किसी तरह बचा लिया। जबकि दो युवक की मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से करीब सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवक का शव गंगा नदी से बरामद किया गया।जिले में गंगा स्नान करने के दौरान चार युवक डूब गए। जिसमें दो युवकों को किसी तरह जिंदा बचा लिया। जबकि दो युवकों की मौत हो गई है। एसडीआरएफ की टीम शव खोजने में नाकाम रही तो स्थानीय गोताखोरों ने दोनों का शव निकाला है। घटना नयागांव थाना क्षेत्र के नयागांव गंगा घाट की है। मृतक युवकों की पहचान नयागांव थाना क्षेत्र के महमदपुर गौतम निवासी निवासी अवधेश पासवान के 21 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार एवं रामनरेश पासवान के 22 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया तथा आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि महमदपुर गौतम निवासी अवधेश पासवान का पुत्र कुंदन कुमार, नरेश पासवान का पुत्र सन्नी कुमार, गोहिल पासवान का पुत्र रूपेश कुमार एवं दिलखुश कुमार मजदूरी करके जीवन यापन करते थे। चारों युवक मध्य विद्यालय बलहपुर के प्रांगण में बन रहे खेल के मैदान के ढ़लाई करने के लिए घर से निकले थे। सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोर एवं एसडीआरएफ की टीम को खोजबीन के लिए लगाया गया। लेकिन एसडीआरएफ की टीम द्वारा शव नहीं बरामद किया जा सका।

## आयुर्वेद से ठीक होगी लीवर एवं पाइल्स : प्राचार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डा. श्रीनिवास त्रिपाठी ने कहा कि लिवर एवं पाइल्स रोगों को उचित खानपान एवं आयुर्वेदिक दवाओं के उपयोग से ठीक किया जा सकता है। प्राचार्य डा श्रीनिवास त्रिपाठी इन दो रोगों पर आयोजित परिचर्चा का उद्घाटन कर रहे थे। प्राचार्य त्रिपाठी ने लिवर रोगों पर लिव-52 के प्रभाव की व्याख्या करते हुए इसे एक उपयोगी औषधि बताया। डा. राजीव कुमार शर्मा ने इस पर चर्चा में भाग लेते हुए झाबुआ, कासनी, मकोय, कपरबुस, कासमर्द, बिरंजारीफ, अर्जुन आदि जड़ी बूटियां के लिवर रोगों पर हुए फायदे की विशद व्याख्या की उपरोक्त जड़ी बूटियों पर चर्चा को आगे बढ़ते हुए आंख, नाक, कान, गला रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मुन्ना कुमार ने फैटी लीवर और लीवर सिरोसिस की चर्चा करते हुए कहा कि उपरोक्त आयुर्वेदिक औषधियां प्रभावी हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में अपने आहार विहार को ठीक करना होगा। चर्चा में रस शास्त्र विभाग के डा. प्रमोद कुमार एवं डक्टर अनिल कुमार, द्रव्यागुण विभाग के विभागाध्यक्ष डा राम नंदन साहनी, डा. लाल कौशल कुमार, डा. आनंद मिश्रा डक्टर शंभू कुमार, डा. मुकेश कुमार आदि ने लीवर की बीमारियों पर विभिन्न औषधियों के प्रभाव की चर्चा की। बाल रोग विभाग के डा. ओमप्रकाश द्विवेदी ने बच्चों के उदार रोग खासकर फास्ट फूड जनित बीमारियों पर अपना वैज्ञानिक पक्ष रखा। इस परिचर्या में उपाधीक्षक डा. दिलीप कुमार वर्मा, डा. किश्वर सुल्ताना, डक्टर उर्वशी सिंहा, डा. प्रदीप कुमार वर्मा, डा. विपिन कटारिया, प्रभाकर कुमार एवं संतोष कुमार मिश्रा ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन डक्टर जी पी शुक्ला ने किया। इस परिचर्चा का आयोजन हिमालय के द्वारा किया गया था।

## संत पॉल में सम्मान समारोह का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघरा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा के प्रांगण में दिव्यांशु एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट तेघड़ा के तत्वावधान में भव्य सम्मान समारोह आयोजीत किया गया। जिसमें सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। यह समारोह विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक रहा। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। जिसके पश्चात मंच संचालन समन्वयक राम कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सुनील कुमार सिंह और विद्यालय की प्राचार्या तनु सौरभ उपस्थित रहे। इस अवसर पर 12वीं कक्षा में 98 प्रतिशत अंकों के साथ जिला टॉपर बने किशन कुमार शर्मा और 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ अनुमंडल टॉपर तेजस टीकमानी को ग्यारह हजार रुपये का चेक, विद्यालय मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले शिवानी प्रिया, तुषार कांति, अंतरा, आदित्य धनराज, सुहानी, सर्वेश, अभिषेक कुमार राय समेत अन्य विद्यार्थियों को 5100 का चेक, मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रबंध निदेशक सुनील कुमार सिंह ने कहा हमारा विद्यालय हमेशा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने में अग्रणी रहा है। यह हमारे शिक्षकों की मेहनत, छात्रों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम की सफलता में संजीव कु मिश्रा रंजीत कुमार, सुरेन्द्र कु. सिंह, रंजन कुमार, दीपक कुमार, गुंजन मिश्रा, कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, प्रीति प्रिया, अविनाश मिश्रा, ए.एम. घोष, राम कुमार, भीम कुमार, राकेश कुमार आदि शिक्षकों एवं कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सीबीएसई 10 और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शीर्ष प्राप्तकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** शनिवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया ने सीबीएसई कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं में अपने छात्रों के उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए एक प्रशंसा समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उन छात्रों की लगन और उत्कृष्टता का जश्न मनाया गया, जिन्होंने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए और स्कूल और क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अररिया के ट्रेजरी अधिकारी नूर उल हक ने भाग लिया। अपने प्रेरक भाषण में, उन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना की और कहा, 'स्कॉटिश अररिया इस क्षेत्र का सबसे अच्छा स्कूल है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में मानक स्थापित कर रहा है।' उनके प्रेरक भाषण ने दर्शकों को गर्व और उत्साह की भावना से भर दिया। सभी उच्च उपलब्धि वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार चेक प्रदान किए गए, जो स्पष्ट रूप से प्रेरित और गौरवान्वित दिखाई दिए। कक्षा 10 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वालों में शामिल हैं, जिनमें क्रमशः दिव्यांशु प्रियम 97% (जिला टॉपर), ऋषव कुमार 96.8%, हेमप्रिया ठाकुर 95.2%, वेदिका कुमारी 94.2%, आयुष कुमार 93.6% हैं। कक्षा 12 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र में, मानवी छाजेड़, रितेश जायसवाल, किसलय करण शामिल हैं। स्कॉटिश अररिया के निदेशक अनूप कुमार ने छात्रों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके निरंतर सहयोग के लिए अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ये छात्र न केवल प्रतिभाशाली हैं, बल्कि समय के पाबंद और अनुशासित भी हैं। जब अभिभावक चौकस रहते हैं और छात्र नियमित रूप से स्कूल आते हैं, तो सफलता निश्चित है। यह उपलब्धि संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दबीर आलम, समन्वयक कुमार आर्यन, शिक्षकगण और अभिभावक सभी ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस यादगार कार्यक्रम ने न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को मान्यता दी, बल्कि पूरे विद्यालय समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना।

## बटाने शीर्ष परियोजना नहर का भविष्य अंधकारमय : पूर्व मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा कि लगभग पैंतालीस वर्षो से बटाने शीर्ष परियोजना हंडियाही राईट एवं लेफ़्ट कैनाल के कमांड क्षेत्र के किसानों की आंखें खेतों में पानी आने के इंतजार में पथरा गई है। उन्होंने कहा कि 1995 में मुझे देव विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुना गया। तब मैंने दो वर्षो तक भगीरथ प्रयास करके वर्षो से इस नहर के बंद काम को युद्ध स्तर पर 1997-98 से शुरू कराया था। उस वक्त किसानों को उम्मीद जगी कि अब मेरे खेतों में भी नहर का पानी आएगा। लेकिन दुर्भाग्यवश वर्ष 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के द्वारा बिहार का विभाजन कर दिया गया। विभाजन की वजह से अंतर्राज्यीय परियोजना होने कारण फिर एक बार काम बंद हो गया और तत्कालीन केंद्र सरकार ने इस परियोजना को ठंढे बस्ते में डाल दिया। कहा कि विगत बीस वर्षो से बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार चल रही है लेकिन हंडियाही नहर का काम अधर में लटका हुआ है। चूंकि बिहार के बंटवारे के बाद यह परियोजना झारखंड और बिहार के बीच में हो गया। ऐसी परियोजनाओं को पूरा करने में केंद्र सरकार की अहम भूमिका हो जाती है। केंद्र की सरकार के घोर उदासीनता के चलते आज तक यह अति महत्वाकांक्षी परियोजना अधर में लटकी हुई है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग किया है कि बिहार और झारखंड सरकार से इस परियोजना के अधूरे काम को पूरा करने की पहल करें और भरपूर बजटीय, प्रशासनिक एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करते हुए हंडियाही नहर का निर्माण कार्य पूरा कराएं।

## लूट व हत्याकांड में शामिल तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** राहुल पोद्दार पिता रामाशीष पोद्दार साकिन -बडी बलिया थाना-बलिया जो एक बैग में 5 लाख रुपये लेकर मोटरसाईकिल से बेगूसराय से अपने घर बलिया सिकंदर पोद्दार के साथ जा रहे थे। जिस की रास्ते में पनसल्ला ढाला के निकट एक मोटरसाईकिल पर सवार 3 अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा ओवरटेक कर इनके मोटरसाईकिल को रोकवाते हुए गोली मार दिया। रुपये सहित बैग को लेकर भाग गए थे। इस संबंध में दिए गए आवेदन पर लाखों थाना में दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। शनिवार को पुलिस अधीक्षक मनीष के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 बेगूसराय के नेतृत्व में लाखों थाने की पुलिस टीम एवं जिला आसूचना इकाई के द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं सूचना- आसूचना संकलन के क्रम में 23 मई को एक गुप्त सूचना मिली की तीन अपराधकर्मी एक मोटरसाईकिल से हथियार कारतूस के साथ पनसल्ला की ओर जा रहा है। पुलिस टीम के द्वारा पनसल्ला ग्रामीण सड़क के पास पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मोटरसाईकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम शैलेश कुमार कुमार पिता सूचित यादव साकिन दनौली फुलवड़िया थाना-बलिया, रामलगन कुमार पिता परमानंद यादव साकिन दनौली फुलवड़िया थाना-बलिया एवं शुभम कुमार पिता सिकदर पोद्दार साकिन -बड़ी बलिया थाना-बलिया सभी जिला-बेगूसराय बताए। तलाशी में अवैध देसी कट्टा, 6 कारतूस, 1500 रुपये बरामद हुआ। जिसे मोटरसाइकिल सहित जब्त किया गया। पुलिस टीम के द्वारा पकड़ाए तीनों अपराधकर्मियों से पूछताछ करने पर इनलोगों के द्वारा बताया गया कि अपने एक अन्य सहयोगी साथी के साथ मिलकर 9 अप्रैल को बलिया के राहुल पोद्दार जो बेगूसराय से एक बैग में रुपये लेकर अपने घर जा रहे थे जिसपर सभी लोग मिलकर योजनानुसार पनसल्ला ढ़ाला के निकट ओवरटेक करते हुए गाड़ी को रूकवाया एवं राहुल पोद्दार को गोली मारकर रुपये सहित बैग लेकर भाग गए थे। हथियार को बलिया थाना क्षेत्रान्तर्गत एक बगीचे में छिपा दिए है एवं खगड़िया जिलान्तर्गत ननकु टोला स्थित बाँध के पास लूटे गए रूपये का बँटवारा किए तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को गंगौर (खगड़िया) स्थित एक रिश्तेदार के यहाँ छिपा दिए है। तत्पश्चात पुलिस के द्वारा पकड़ाए अपराधकर्मियों के निशानदेही पर बलिया थानान्तर्गत दनौली फुलवड़िया स्थित अभियुक्त शैलेश कुमार के घर से लूटे गए रुपये में से 1 लाख 58 हजार 600 रुपया बरामद किया गया एवं जयंती पेट्रोल पंप के सामने एक बगीचा स्थित झाड़ी के पास से मिट्टी में छिपाकर रखा हुआ एक काला प्लास्टिक में घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा एवं 2 कारतूस बरामद किया गया। जिसे विधिवत जप्त किया गया। पुनः पुलिस टीम के द्वारा घटना के समय प्रयुक्त मोटरसाईकिल को पकड़ाए अपराधकर्मी रामलगन कुमार के रिश्तेदार गंगौर (खगड़िया) स्थित घर से बरामद किया गया।

## सी. एम कॉलेज, दरभंगा को नैक मूल्यांकन में मिला बी प्लस प्लस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दरभंगा।** यह खबर दरभंगा और उसके आस-पास के लोगों के लिए खुशी और गर्व का विषय है कि शहर के ऐतिहासिक सी. एम. कॉलेज, दरभंगा (स्थापित 1938) को राष्ट्रीय मान्यता एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा बी प्लस प्लस (बी++) ग्रेडिंग से सम्मानित किया गया है। इस ग्रेडिंग की घोषणा होते ही कॉलेज परिवार में जश्न का माहौल है। ज्ञात हो कि विगत 14 एवं 15 मई 2025 को नैक पीयर टीम द्वारा ऑनलाइन विजिट किया गया था और इस दो दिवसीय निरीक्षण के आधार पर कॉलेज को उत्कृष्ट ग्रेड बी प्लस प्लस से सम्मानित किया गया है। यह जानकारी कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफ़ेसर मुश्ताक अहमद ने दी है. प्रोफ़ेसर अहमद ने कहा कि यह प्रतिष्ठित कॉलेज के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों और पूर्व छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन, विशेष रूप से माननीय कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। नैक टीम ने कॉलेज के प्रशासनिक मामलों और ऑनलाइन विधि से पठन-पाठन की गुणवत्ता की समीक्षा की और इसकी रिकॉर्डिंग और अन्य कागजी साक्ष्यों के आधार पर विशेषज्ञ ने कहा कि बिहार राज्य के सीएम कॉलेज, दरभंगा को ग्रेड दिया गया है, प्रोफ़ेसर अहमद ने कहा कि ऑनलाइन मोड में यह नैक ग्रेडिंग पाने वाला पहला कॉलेज है, उन्होंने कहा कि बिहार राज्य के कॉलेजों के लिए सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों की कमी है जिसके कारण छात्रों और शिक्षकों का अनुपात बहुत कम है जिसके कारण ग्रेड प्राप्त करना मुश्किल है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण शिक्षकों द्वारा शोध कार्यों में रूचि न लेना तथा सेमिनार एवं परिचर्चा में भाग न लेना भी एक बड़ी समस्या है इसलिए बिहार राज्य के सभी महाविद्यालयों को इन कमियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए अन्यथा अन्य राज्यों की तुलना में बिहार राज्य में अच्छी ग्रेडिंग प्रभावित होती रहेगी। स्पष्ट हो कि अब सभी विकास योजनाओं और अन्य नये कोर्स शुरू करने के लिए नैक ग्रेडिंग अनिवार्य कर दी गयी है. प्रोफ़ेसर अहमद ने कहा सी एम कॉलेज, दरभंगा के सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए अच्छा ग्रेड प्राप्त करना गर्व का क्षण है। प्रोफ़ेसर अहमद ने नैक की बेहतर ग्रेडिंग पाने पर कॉलेज परिवार को बधाई दी और उन सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने नैक काय के लिए योगदान दिया है।

## हाई वोल्ट करंट आने से लाखों की क्षति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के केराप पंचायत अंतर्गत दशरथ बिगहा गांव में शनिवार को करीब 10 बजे सुबह में घरेलू बिजली एलटी लाइन में 11 हजार करंट आने से ललन यादव के घर के बाहर बंधे दो गाय एवं एक भैंस की करंट लगने से मौत हो गई। वही गांव में राजेश यादव के घर में इनवर्टर, मिंटू कुमार के घर मे फ्रिज, पंखा, व छप्पर में आग लग गया। वही सत्येंद्र यादव के मुर्गा की मौत व घर में आग लग गई। कृष्णा कुमार के घर में इनवर्टर, फ्रिज, टीवी, कंचन यादव की घर में मोटर स्टार्टर, ललन यादव के घर में मोटर स्टार्टर व दो पंखा। रंजीत यादव के घर में मोटर एवं पंखा सहित अन्य घरों में कुछ ना कुछ क्षति हो गयी। वहीं सूचना मिलती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश पासवान एवं पंचायत समिति सदस्य हस्सान सिद्दीकी घटनास्थल पहुंचकर पीड़ितों को आश्वासन दिए की हर संभव मदद किया जाएगा। तुरंत दूरभाष के माध्यम से बिजली पदाधिकारी एवं पशु चिकित्सा पदाधिकारी से बात किए। तुरंत रफीगंज थाना एवं पशु चिकित्सा पदाधिकारी को इसकी जानकारी दी गई और आवेदन दिया गया। उन्होंने कहा कि हमेशा बिजली का लापरवाही केराप पंचायत में हो रहा है, कभी घंटे बिजली कटी रहती है, तो कभी तार टूट जाने से किसी न किसी का क्षति होते रहती है। आज भी 11 हजार करंट आने से पूरे गांव के लोगों के घर में इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित किसी के घर में छप्पर में आग लग गई, लोग बाल बाल बच्चे बड़ी दुर्घटना होने से गांव में टल गया।

## रडार हैं भारतीय सेना की आंखें : कैप्टन अमरेन्द्र

### चेतना सत्र में बच्चों को किया गया मोटिवेट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** राडार भारतीय सेना की आंख कहलाती है। अभी हाल-फिलहाल पाकिस्तान के युद्ध में आपने देखा होगा कि इसी राडार की सहायता से पाकिस्तानी ड्रोन को नेस्त नाबूत कर दिया गया। उक्त बाते लोहिया नगर स्थित बाइट कंप्यूटर्स ट्रेनिंग सेंटर में फंडामेंटल क्लास के उपरांत चेतना सत्र में मुख्य मोटिवेटर के रूप में भारतीय वायु सेना के अवकाश प्राप्त राडार ऑपरेटर कैप्टन अमरेंद्र कुमार सिंह ने बच्चो के बीच कही। शनिवार को छात्रों को मोटिवेट करने के उद्देश्य से उन्होंने कहा कि जीवन में अगर चैलेंज स्वीकार करना है तो भारतीय सेना को ज्वाइन करें। आगे बताते हुए उन्होंने कहा कि मैं भारतीय वायु सेना में राडार ऑपरेटर के तौर पर काम कर चुका हूं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सबसे जरूरी चीज है समर्पण की भावना। अगर आप में समर्पण और मेहनत करने की क्षमता है तो आप निश्चित रूप से सफल होंगे। संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह संस्थान कंप्यूटर प्रशिक्षण के साथ-साथ अनुशासन का महत्व और जीवन जीने का तरीका भी सीखाने का कार्य करती है। अमरेंद्र बाबू जैसे लोग समाज के पथ प्रदर्शक हैं। बिहार पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली संस्थान की छात्रा अंकिता कुमारी को अमरेंद्र कुमार के हाथों सम्मानित किया गया। छात्रा गुड़िया कुमारी को भी एडीसीए का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्य प्रशिक्षक प्रथम परमार, खुशी, छवि, अमन सहित सैकड़ो छात्र व छात्रा उपस्थित थे।

# 'मशाल' 2024 के तहत जहानाबाद के छात्र-छात्राओं ने दिखाया खेल कौशल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** मशाल 2024 के अंतर्गत दिनांक 22 से 24 मई 2025 तक जहानाबाद जिले के सभी 99 संकुलों में संकुल स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। पांच प्रमुख विधाओं–एथलेटिक्स, साइक्लिंग, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं फुटबॉल–में कुल 6955 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस त्रिदिवसीय आयोजन की अनुश्रवण जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों द्वारा की गई। कार्यक्रम की परिणति 24 मई को समग्र शिक्षा संकुल काजीसराय में हुई, जहां जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी रश्मि रेखा एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा, सुष्मिता भारद्वाज भी उपस्थित रहीं।



इस दौरान जिला पदाधिकारी ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल अनुशासन व नेतृत्व का विकास करता है, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी युवाओं को सशक्त बनाता है। उन्होंने खेलों में निरंतर भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए विद्यार्थियों से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा जताई।



कार्यक्रम के दौरान वरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न संकुलों पर भ्रमण कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता की सफलता में शिक्षकों, संकुल समन्वयकों एवं खेल प्रशिक्षकों की भी अहम भूमिका रही।जिला स्तर की संकुल प्रतियोगिता के उपरांत राज्य कार्यालय द्वारा निर्धारित तिथि की सूचना मिलने पर प्रखंड स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसके माध्यम से अगले चरण के लिए प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।मशाल 2024 का यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का प्रयास है, बल्कि यह जहानाबाद जिले में समग्र शिक्षा एवं खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रभावशाली पहल है।

# बिहार कप कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 15 सदस्यीय टीम पटना रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** यूनिक शोतो कान कराटे एसोसिएशन इंडिया जहानाबाद की 15 सदस्यीय कराटे टीम बिहार कप राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए शनिवार संध्या 4 बजे अम्मा क्लब से पटना रवाना हुई। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 25 मई को डॉन बॉस्को स्कूल, दीघा, पटना में आयोजित की जाएगी। टीम का नेतृत्व यूनिक शोतो कान कराटे के अध्यक्ष एवं मुख्य तकनीकी कोच क्योशी अन्नू शक्ति सिंह कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार टीम में चयनित खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो जिले के कराटे विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत है।चैंपियनशिप में टीम के साथ बतौर ऑफिशियल वेद प्रकाश रंजन और राजेश दास शामिल हैं वहीं कोच की भूमिका में स्वयं अन्नू




शक्ति सिंह और टीम मैनेजर के रूप में धीरज कुमार जिम्मेदारी निभाएंगे। प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों में दिव्या श्री, अमीश तिवारी, कुणाल सिंह आर्य, गौरव कुमार वर्मा, आस्था कुमारी कश्यप, माही कुमारी, नैनसी कुमारी, अनन्य पर्वत, हर्ष पाठक, संतोष कुमार, उत्कर्ष कुमार और विश्वसंस्कर ज्योति जैसे युवा प्रतिभागी शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य कोच अन्नू शक्ति सिंह ने विश्वास जताया कि टीम के खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले के लिए पदक लेकर लौटेंगे। जिलेवासियों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के बीच ट्रॉफी का वितरण

## मखदुमपुर प्रखंड में समारोह पूर्वक मशाल प्रतियोगिता 2024 का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत सुगांव खेल मैदान में मसाल 2024 के अंतर्गत होने वाले खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन। मौके पर विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान किया गया। खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह की जानकारी देते हुए शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि मसाल 2024 के तहत कबड्डी, 100 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, क्रिकेट बॉल थ्रो जैसे कई अन्य खेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान सुगांव एवं बगवार की टीम ने खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। वहीं बेहतर खेल प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि कबड्डी में सुगांव की टीम ने बगवार की टीम को पराजित करते



हुए ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल रहे खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सुगांव विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय सिंह एवं बगवार विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिथिलेश प्रसाद मौजूद रहे। पूरे आयोजन को बेहतर ढंग से संचालित करने वाले शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार और निजामुद्दीन को अतिथियों ने इसके लिए धन्यवाद दिया। मौके पर शिक्षिका फौजिया तारीक, दीपक कुमार, सुकन्या कुमारी, समामा हाफिज, मोहम्मद सिकन्दर, संकर सिंह, शशिकला, शाहिफा, जनार्धन कुमार, रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# डॉ. प्रीति ने जहानाबाद की उप विकास आयुक्त के रूप में दिया योगदान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** डॉ. प्रीति (भा.प्र.से) ने जहानाबाद की उप विकास आयुक्त (डीडीसी) के पद पर शनिवार को अपना योगदान दिया। इस अवसर पर जिला प्रशासन, जहानाबाद के सभी वरीय पदाधिकारी एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के कर्मी उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण समारोह के उपरांत निवर्तमान उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने श्री कुमार के प्रशासनिक कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी शुभकामनाएं दीं। अपने योगदान के बाद अपने सहकर्मियों से परिचय प्राप्त करने के बाद नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए जिले के समग्र विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# जहानाबाद में शिक्षकों के फर्जी अटेंडेंस का मामला उजागर, जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार में शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इस प्रणाली में भी कुछ शिक्षकों द्वारा गड़बड़ी किए जाने का मामला जहानाबाद जिले में प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि 10 से 12 शिक्षकों द्वारा ई-शिक्षा कोष ऐप पर तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए फर्जी उपस्थिति दर्ज किया जा रहा था। जो अब शिक्षा विभाग के संज्ञान में आया है। इस मामले में जिले की जिला शिक्षा पदाधिकारी रश्मि रेखा द्वारा जानकारी दी गई है कि मई महीने में की गई जांच में फर्जी तरीके से ऑनलाइन उपस्थिति कुछ शिक्षकों ने बनाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि 20 दिनों की अवधि में 100 शिक्षकों की उपस्थिति जांची गई, जिसमें 10 से अधिक शिक्षक की उपस्थिति संदिग्ध रही। जिनकी पहचान कर ली गई है। उपस्थिति दर्ज करने में अनियमितता करने वाले सभी शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

**उपस्थिति दर्ज करने में गड़बड़ी का कैसे हुआ खुलासा**

शिक्षा विभाग द्वारा किए गए जांच में सामने आया कि कुछ शिक्षक विद्यालय की जगह घर या खेत से फोटो लेकर अटेंडेंस अपडेट कर रहे थे। सुबह निर्धारित समय 6:30 बजे की बजाय 7:30, 8:30 या 8:45 बजे तक उपस्थिति दर्ज की जा रही थी, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। जैसा कि ज्ञात हो ई-शिक्षा कोष एप में उपस्थिति दर्ज करते समय फोटो खींचना अनिवार्य है, जिससे शिक्षक की लोकेशन और उपस्थिति की पुष्टि हो सके। लेकिन शिक्षकों ने इस प्रक्रिया में भी हेराफ़ेरी कर स्कूल की जगह अन्य स्थानों से फोटो अपलोड किया गया है।

**सख्त कार्रवाई के संकेत**

इस मामले को लेकर गंभीर दिख रहे जिला शिक्षा पदाधिकारी रश्मि रेखा ने कहा है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी शिक्षकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 8000 शिक्षक कार्यरत हैं, और सभी की उपस्थिति पर नजर रखी जा रही है।शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई को शिक्षकों में अनुशासन और जवाबदेही लाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। विभाग की ओर से यह भी कहा गया है कि आगे ऐसी गड़बड़ी रोकने के लिए निगरानी और सख्ती भी बढ़ाई जाएगी।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली सिंदूर यात्रा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को सम्मानित करने के लिए जिला महिला मोर्चा ने शनिवार को सिंदूर यात्रा निकाली। यात्रा का नेतृत्व जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता ने द्वारा की गई। अपने संबोधन में ज्योतिराज गुप्ता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के साहस का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 11 वर्षों में सेना को अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों से सुसज्जित किया है। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, नारी शक्ति जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इससे पूरे नगर में राष्ट्रभक्ति का माहौल बन गया। ज्योति गुप्ता ने कहा कि भारतीय सेना ने देश की रक्षा के साथ विश्व मंच पर भारत का नाम रोशन किया है। यह यात्रा नारी शक्ति की ओर से सेना को सम्मान देने का प्रयास था। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अनुराधा शर्मा, जिला मंत्री मीतू गुप्ता, महिला मोर्चा महामंत्री पूनम देवी और सोशल मीडिया प्रभारी पार्वती तिवारी समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे साथ ही सैकड़ों महिलाएं शामिल थी।

## ऑपरेशन सिंदूर को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग को लेकर भाजपा जदयू आमने-सामने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बिहार में ऑपरेशन सिंदूर को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने के मुद्दे पर भाजपा और जदयू आमने-सामने आ गए हैं। भाजपा इसे राष्ट्रीय गौरव से जोड़कर नई पीढ़ी को सेना के शौर्य से परिचित कराना चाहती है। वहीं जदयू के वरिष्ठ नेता और विधान परिषद सदस्य खालिद अनवर ने इस मांग का विरोध किया है।उनका कहना है कि देश ने कई सैन्य अभियान और युद्ध देखे हैं। अगर इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करना है, तो सभी अभियानों को स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी एक अभियान को विशेष महत्व देकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास उचित नहीं है।खालिद अनवर ने स्पष्ट किया कि सैनिकों के बलिदान को राजनीति से जोड़ना उनके सम्मान का अपमान है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सेना देश की है, किसी एक पार्टी की नहीं। 2025 के विधानसभा चुनाव को लेकर अनवर ने कहा कि चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस संबंध में संकेत दे दिए हैं। एनडीए में सीटों का बंटवारा सम्मानजनक तरीके से होगा। उन्होंने प्रशांत किशोर और आरसीपी सिंह पर भी टिप्पणी की। अनवर ने कहा कि नीतीश कुमार ने ही इन दोनों को राजनीति में पहचान दी। लेकिन अब वही लोग पीछे से वार कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 2025 में जदयू और एनडीए मिलकर 220 से अधिक सीटें जीतेंगे।

# तीन दिवसीय संकुल स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन, ग्रामीण प्रतिभाओं ने दिखाया दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया/हरसिद्धि/मोतिहारी।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मशाल-2024 संकुल स्तरीय तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन शनिवार को चिरैया और हरसिद्धि प्रखंडों में उत्साहपूर्वक हुआ। यह प्रतियोगिता बिहार खेल प्रतिभा खोज योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सामने लाना और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक मंच प्रदान करना है।

चिरैया प्रखंड में खेल प्रतियोगिता का आयोजन सीआरसी महादेव साह उच्च माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी, जगन्नाथ हाई स्कूल चिरैया, उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी मध्य समेत कुल 23 कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटरों (सीआरसी) पर किया गया। अंतिम दिन बालिका वर्ग में कबड्डी और बालक वर्ग में वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को टी-शर्ट, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने प्रतियोगिता को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। मौके पर निरीक्षण हेतु पहुंचे जिला शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को ओलंपिक जैसे वैश्विक मंच की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करती हैं वहीं सीआरसी सेमरा में आयोजित समापन समारोह में बीईओ सरोज कुमार सिंह ने कहा कि मशाल प्रतियोगिता मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना खेलेगा बिहार तो खिलेगा बिहार को धरातल पर साकार कर रही है।

हरसिद्धि प्रखंड के घोगराहा बैरिया पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बैरिया टाल के प्रांगण में भी तीन दिवसीय मशाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। 22 से 24 मई तक चले इस आयोजन में दौड़, हाई जंप, लॉन्ग जंप, कबड्डी सहित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता हुई। विजयी प्रतिभागियों की सूची जिला मुख्यालय भेजी गई है, जहां से चयन के उपरांत उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर के लिए प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन में प्रतिभागियों को प्रोत्साहनस्वरूप प्रशस्ति पत्र व टी-शर्ट प्रदान किए गए। साथ ही सीएचओ रूबी राय द्वारा मौके पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी की गई। दोनों क्षेत्रों में आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों की अहम भूमिका रही। मौके पर संतोष कुमार, रवि कुमार रवि, हरि प्रकाश तिवारी, नीलेश कुमार, खालिद हसमुल्लाह, चंद्रिका कुमार, राघवेंद्र कुमार, आदित्य राज, दयाशंकर पंडित, कामेश्वर प्रसाद सिंह, विकास चंद्र, दयानंद सिंह, नंदू राम समेत अन्य

## कर्मियों की अनेक समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान कराना ही मुख्य प्राथमिकता : सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ,पटना के बीआरएबीयू प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर के जिला इकाई संघ का चुनाव शहर के एसएनएस महाविद्यालय में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष के पद पर एसएनएस महाविद्यालय के प्रशाखा पदाधिकारी रामकृष्ण जबकि सचिव पद पर एलएनडी महाविद्यालय के प्रशाखा पदाधिकारी राजीव कुमार को चुना गया। संघ के संरक्षक के पद पर मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष के पद पर एस एन एस महाविद्यालय के विजय कुमार, राजेश सिंह, संयुक्त सचिव के पद पर कमलेश यादव तथा एलएनडी कॉलेज के कामेश भूषण और कोषाध्यक्ष के पद पर एलएनडी कॉलेज के अखिलेश कुमार को चुना गया। संघ के सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयां और शुभकामनाएं देते हुए कर्मियों के हित में निरंतर आवाज उठाने की अपील की। नवनिर्वाचित जिला सचिव राजीव कुमार ने बताया कि कर्मियों के अनेक समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान कराना ही मुख्य प्राथमिकता है। इस अवसर पर संजीव किशोर, मणिभूषण, आशुतोष कुमार, आलोक पांडेय, कुणाल आनंद, अमित कुमार आदि उपस्थित रहें।

# मानदेय बढ़ोतरी समेत कई मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का चौथे दिन धरना जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ के बैनर तले आदापुर प्रखंड की सैकड़ों आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के मुख्य गेट पर लगातार चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष भर पूर्व 32 दिवसीय हड़ताल के बाद सरकार ने मानदेय 1,000 से बढ़ाकर ?2,500 प्रतिमाह करने का निर्णय लिया था, लेकिन आज तक उसे लागू नहीं किया गया है। धरना पर बैठी आशा कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे देशव्यापी आंदोलन के तहत आदापुर में भी अपनी मांगों के साथ डटी हुई हैं। प्रदर्शनकारी




कार्यकर्ताओं ने सीएचसी गेट पर बैठकर मरीजों की आवाजाही पर निगरानी रखी है। हालांकि, इमरजेंसी मरीजों को अस्पताल में प्रवेश की छूट दी जा रही है।

आशा कार्यकर्ताओं की प्रमुख मांगों में शामिल हैं:

मानदेय 2,500 प्रतिमाह अविलंब दिया जाए। पिछले महीनों का बकाया भुगतान शीघ्र किया जाए। कार्य प्रबंधन हेतु पोर्टल व्यवस्था लागू की जाए।

सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष की जाए। सेवा निवृत्त होने पर ?10 लाख की एकमुश्त राशि और मासिक पेंशन की व्यवस्था की जाए।

धरना में संघ की अध्यक्ष आभा देवी, कोषाध्यक्ष मुन्नी देवी, सचिव रीता पांडेय, उपाध्यक्ष प्रभा देवी के अलावा ऊषा देवी, रंजना देवी, सुगंधी देवी, सीमा देवी, सोनाली देवी, उर्मिला देवी, संजू देवी सहित दर्जनों आशा कार्यकर्ता शामिल रहीं। इनका कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं करती, आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर स्वास्थ्य सेवा आंशिक रूप से प्रभावित रही, लेकिन आशा कार्यकर्ताओं ने मरीजों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए आपात स्थिति में सहयोग भी किया।

# विजय कुमार बने रक्सौल नगर थाना के नए थानाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल नगर थाना को नया थानाध्यक्ष मिल गया है। 1994 बैच के अनुभवी पुलिस निरीक्षक विजय कुमार को रक्सौल का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह पदस्थापना डीआईजी हरकिशोर राय द्वारा की गई कार्रवाई के बाद निलंबित किए गए पूर्व थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा के स्थान पर की गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, मोतिहारी की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई है। विजय कुमार एक कुशल एवं अनुभवी पुलिस अधिकारी माने जाते हैं। वे इससे पूर्व एसटीएफ में तीन वर्षों तक सेवा दे चुके हैं। साथ ही, उन्होंने बैरिया थाना (पश्चिम



चंपारण), हथुआ व श्रीपुर (गोपालगंज), बिंद थाना (नालंदा), बहादुरगंज (किशनगंज) में थानाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। इसके अलावा वे सदर अंचल, पूर्णिया में अंचल निरीक्षक के पद पर भी कार्यरत रह चुके हैं। नए थानाध्यक्ष की नियुक्ति से रक्सौल नगर थाना में प्रशासनिक सुदृढ़ता और कानून व्यवस्था में सुधार की अपेक्षा की जा रही है। स्थानीय लोगों को विजय कुमार से निष्पक्ष व कर्तव्यनिष्ठ पुलिसिंग की उम्मीद है।

# डाक चौपाल का आयोजन, ग्रामीणों को डाकघर से जुड़ने की दी गई प्रेरणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के दुलमा शाखा डाकघर में डाक विभाग की ओर से सायंकालीन डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर राणा रणधीर सिंह, पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वर्तमान विधायक, मधुबन विधानसभा क्षेत्र उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डाकघर की योजनाओं से जुड़ने और अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

विधायक ने कहा कि डाक विभाग अब केवल चिट्ठियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह डिजिटल बैंकिंग, बीमा और छोटी बचत योजनाओं का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने विभाग द्वारा आयोजित इस डाक चौपाल की खुलकर सराहना की और इसे




जनजागरूकता का उत्कृष्ट माध्यम बताया। कार्यक्रम में 300 से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिनमें लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं थीं। डाक चौपाल में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जीविका समूहों और आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं, जो ग्रामीण सहभागिता की मिसाल बनी।

इससे पूर्व, स्थानीय विद्यालयों के बच्चों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजयी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम को सांस्कृतिक और शैक्षणिक आयाम भी मिला। डाक विभाग का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तिकरण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

# अज्ञात वाहन ने महिला को कुचला, मौत

## तीन माह पहले ही पति की भी सड़क दुर्घटना में हुई थी मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। घटना हसपुरा थाना क्षेत्र के मोहन बिगहा की है। मृतका की पहचान स्व. धनंजय सिंह की पत्नी संगीता देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तीन महीने पहले सड़क दुर्घटना में ही संगीता के पति धनंजय की भी मौत हुई थी। सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह संगीता अपने घर से निकलकर सड़क किनारे टहल रही थी। टहलने के दौरान ही एक तेज रफ्तार बेकाबू अज्ञात वाहन ने संगीता को रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। महिला को मृत अवस्था में देख ग्रामीण आक्रोश में आ गए और सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। कुछ लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके आलोक में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे आक्रोशितों को समझाने- बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अड़े रहे। हालांकि काफी देर बाद पुलिस प्रशासन के समझौते के बाद आक्रोशितों को हटाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि तीन महीने पहले सिहाड़ी के पास सड़क दुर्घटना में ही संगीता के पति धनंजय की भी मौत हो गई थी। उनके दो बेटे व दो बेटियां हैं। चारों बच्चे पिता के मौत के सदमे को भूल भी नहीं पाए थे कि उनकी मां की भी मौत हो गई। माता और पिता दोनों की मौत के बाद चारों बच्चे अनाथ हो गए। चारों बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया। दोनों की मौत के बाद बच्चों पर आर्थिक स्थिति का संकट खड़ा हो गया। घटना के बाद से परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल है, तो वही गांव में मातम पसरा हुआ है। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना में एक महिला की मौत हुई है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।


घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

- घटना बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने की नारेबाजी
- चार बच्चों के सर से उठा मां-बाप का साया
- शव को पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा

## 800 लीटर स्प्रिट लदी एक्सयूवी जप्त, तस्कर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने शनिवार की अहले सुबह अंबा- नबीनगर पथ पर दधपा गांव के समीप से स्प्रिट लदे एक्सयूवी कार को जप्त किया। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि तस्कर उक्त रास्ते से स्प्रिट की खेप लेकर गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर उक्त पथ पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में नबीनगर की तरफ से आ रही एक्सयूवी को पुलिस बल द्वारा रुकने का इशारा करने पर चालक ने गाड़ी की स्पीड बढ़ा दी और भागने लगा। तस्कर को भागता देख पुलिस ने उसका पीछा किया। अपने आप को पुलिस से घिरता देख तस्कर गाड़ी को सड़क पर छोड़कर अंधेरे में भाग निकला। उन्होंने बताया कि गाड़ी को जप्त कर थाना लाया गया है। जांच के दौरान कार के अंदर 40 गैलनों में रखी हुई 800 लीटर स्प्रिट बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने कहा कि सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर तस्कर की तलाश की जा रही है।

# नहीं लगा सीओ का जनता दरबार, फरियादी परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अंचल के माध्यम से थाना में सीओ द्वारा प्रत्येक शनिवार को लगने वाला जनता दरवार शनिवार को नहीं लगा, जिससे सुदूर गांवों से आने वाले फरियादी परेशान हो रहे हैं। शनिवार को जनता दरवार नहीं लगेगा की सूचना भी पूर्व में नहीं दिया गया। जिससे सुबह10 बजे से ही फरियादी थाना में पहुंचकर दरबार लगने का इंतजार पूरे दिन किये। नहीं लगने पर पूरा दिन समय बर्बाद कर घर लौटने पर विवश हो गये। नीमा चतुर्भुज के अरुण कुमार सिंह, नहर खाप के नरेश यादव, बलिगांव के जनार्दन प्रसाद, नन्दलाल प्रसाद सहित आये फरियादियों ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार अंचल सीओ द्वारा रफीगंज थाना में लगाया जाता है लेकिन आज शनिवार को हमलोग 10 बजे सुबह से ही अपनी समस्या समाधान के लिए आये हैं। यहां पूछने पर कि कोई नहीं बता रहे है कि जनता दरबार लगेगा या नहीं। वहीं पौथु थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि पिछले शनिवार को भी कई थानों में जनता दरबार अंचल अधिकारी के द्वारा नहीं लगाया गया था और आज भी जनता दरबार नहीं लगा है जिससे ग्रामीण यहां आकर वापस लौटने को मजबूर हैं। वही कासमा थानाअध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि आंचल से कोई भी कर्मचारी आज नहीं आया है जनता दरबार में फरियादी आ गए हैं लेकिन इन्हें वापस न लौटना पड़े तथा विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मैं खुद ही सभी से बातचीत कर रहा हूं। दोनों पक्षों में सहमति बन जाती है तो सुलह करने का प्रयास रहेगा। इस संबंध में प्रभारी अंचलाधिकारी राम कुमार रमन ने बताया कि कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिससे परेशानी हो रही है।

# बाल संसद चुनाव हेतु मतदान संपन्न

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के राजकीय उर्दू कन्या मध्य विद्यालय, केराप में आज बाल संसद के गठन हेतु प्रधानाध्यापक शाहिद परवेज के नेतृत्व में ईवीएम ऐप के द्वारा मतदान पूर्ण हुआ। इस संसद के 14 सदस्यों जिसमें प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, खेल मंत्री, जल एवं पर्यावरण मंत्री, पुस्तकालय मंत्री, बाल सुरक्षा मंत्री तथा उसके उप-पदों के लिए कक्षा 6 से 8 के छात्राओं ने मतदान किया। इस मतदान प्रक्रिया में मतदानकर्मी के रूप में शिक्षिका नूरजहां, निशा शॉ, तैयबा खातून, श्रेया, रेहाना खातून, लीलावती कुमारी, ताहरा खातून, शिक्षक अमित कुमार एवं पिंटू कुमार ने अपना सहयोग प्रदान किया। उक्त मौके पर अपना सहयोग देते हुए एडीसी कार्यक्रम के प्रखंड प्रशिक्षक अभय कुमार ने बताया कि बाल संसद के गठन से विद्यालय का सर्वांगीण विकास कि प्राप्ति की जा सकती है।

# उर्दू विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना लाभ के लिए 27 को होगी प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** उर्दू निदेशालय, मंत्री मंडल सचिवालय विभाग बिहार पटना के आदेशानुसार उर्दू विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत राशि वितरण के लिए उर्दू छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य है। जिसमें मैट्रिक, इंटर, बीए एवं समकक्ष मदरसा बोर्ड में पढने वाले प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्थानीय जिला सभागार आरा में 27 मई 2025 को सुबह 10:30 बजे निर्धारित किया गया है। जिला उर्दू भाषा कोषांग भोजपुर आरा के प्रभारी पदाधिकारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियो को आदेश दिया जाता है कि आपलोग निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चत करेगें। साथ ही वैसे उर्दू छात्र-छात्राएं जिन्होने अब तक अपना आवेदन पत्र जमा नहीं किये हैं वे 27 मई को जिला सभागार आरा में आवेदन के साथ उपस्थित रहेगें।

# राज्य खेल प्रतिभा खोज के तहत कई छात्रा-छात्राओं ने जीता मेडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत काउप व जनता उच्च विद्यालय बलिगांव सहित कई विद्यालयों में राज्य खेल प्रतिभा खोज के तहत सीआरसी स्तरीय मशाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में 60 मीटर, 600 मीटर, 100 मीटर दौड़, कबड्डी, साइकिल रेस सहित कई खेलो में छात्र-छात्राओं ने अपना दम दिखाया। उसके बाद अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले को मेडल से सम्मानित किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया के छात्रा सुषमा कुमारी 60 मीटर दौड़ में द्वितीय, 600 सौ मीटर दौड़ में नजरा खातून ने तृतीय, साइकिल रेस में पीहू कुमारी ने बाजी मारी। वहीं छात्र में शिवम कुमार ने 60 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान लाया, 100 मीटर दौड़ में आदित्य कुमार, लंबी कूद में हितेश कुमार, साइकिल में ऋतिक शर्मा ने प्रथम स्थान लाया। वहीं कबड्डी में पड़रिया विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान लाकर मेडल जीता। बलिगांव में पूर्व बीडीसी सदस्य रणजीत सिंह व एचएम, पड़रिया में एचएम ओमनारायण शाह ने विजेता को मेडल देकर सम्मानित किया।



# पीड़ित परिवार को सौंपा मुआवजा का चेक



**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** वज्रपात से आठ वर्षीय बच्चे की मौत के बाद आज सीओ अकबर हुसैन ने आपदा राहत के तहत चार लाख रूपये का मुआवजा चेक पीड़ित परिजनों को सौंपा हैं। दरअसल बीते दिनों मदनपुर प्रखंड के एरकीकला पंचायत के सिन्दुआरा गांव निवासी गलेन्द्र यादव के पुत्र शिवम कुमार को वज्रपात की चपेट में आने से आकस्मिक मौत हो गई थी। बताया जाता है कि मृतक शिवम अपने घर की छत पर खेल रहा था तभी अचानक वज्रपात की चपेट में आ गया। सीओ अकबर हुसैन ने बताया कि आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से पीड़ित परिजनों को चार लाख रूपये का चेक सौंपा गया है।

# औरंगाबाद जिले के सुबोध को मिली बॉलीवुड की दो फिल्में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुंबई फिल्म जगत से औरंगाबाद जिले के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी मिली है कि चंदेलपुर मदनपुर निवासी सुबोध कुमार को बॉलीवुड में दो बड़ी फिचर फिल्में मिली है। जिसका लेखन व निर्देशन सुबोध कुमार करने जा रहे हैं। फिल्म के गाने की रिकॉर्डिंग मुंबई अंधेरी में हाल ही में संपन्न हुई। जिसमे एक आईटम सांग मशहूर सिंगर कल्पना की आवाज में और अन्य गीत झारखण्ड फेम ममता राउत और उभरते गायक नाजिम अली की आवाज में गवाए गए। बाकी का एक सूफियाना और मेलोडी फेमस जावेद अली और पद्मश्री उदित नारायण से गवाने का प्रयास जारी है। फिल्म में संगीत अमन श्लोक जी ने दिया है। फिल्म के निर्माता अनुज कुमार सिंह और सहनिर्माता ललन सिंह हैं और कई नामचीन हस्तियां से सजी इस फिल्म को मुम्बई की निर्माण कंपनी बना रही है। लेखक निर्देशक सुबोध कुमार की प्रशंसा करते हुऐ निर्माता अनुज ने कहा की ये फिल्म सामाजिक ताने-बाने को सही दिशा दिखाने में कारगर साबित होगी। सहनिर्माता ललन सिंह ने भी निर्माता अनुज कुमार सिंह की बातों का समर्थन किया और फिल्म को लेकर अति उत्साहित दिखे। बताते चलें की ये वही सुबोध कुमार हैं जिन्होंने राष्ट्रपति भवन के सेंट्रल हॉल में राष्ट्रपति कोविंद जी से सम्मान पाया था और राष्ट्रपति जी ने सुबोध कुमार की लिखी किताब का लोकार्पण किया था। अमिताभ चालीसा काव्य संग्रह लिखकर कभी सुर्खिया बटोरनेवाले सुबोध कुमार ने बेटी बचाओ और इंडियन पैरामिलिट्री के लिए के लिए भी डॉक्यू ड्रामा बना चुके हैं। विलक्षण प्रतिभा के धनी सुबोध कुमार एक सुदूर गांव से आकर मुम्बई जैसे चकचौंध की दुनिया में आकर खुद को सादगी में रहकर सफल साबित किया है जो क्षेत्र के लिए एक गौरव का विषय है।



# 26 से 28 मई तक बनेगा आयुष्मान कार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को प्रखंड के सभी पंचायतों में आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभाकक्ष में बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने आंगनबाड़ी सेविका, सुपरवाइजर, जीवीका, कार्यपालक सहायक सहित प्रखंड के सभी कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत कैसे बने इसके लिए कई टिप्स बताया गया। कहा कि प्रत्येक पंचायत में एक हजार लोगों को आयुष्मान बनाने के लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का आधार कार्ड से बनेगा। वहीं नीचे उम्र के लोगों को राशन कार्ड में अंकित नाम के अनुसार बनेगा। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि बैठक में शामिल सभी लोग प्रचार - प्रचार करें और जिस स्थान पर कैम्प रहेगा वहां तक लोगों को जागरूकता के साथ पहुंचाएं। साथ ही इस बात का ख्याल रहे कि पात्रता रखने वाले लाभार्थियों को आधार से मोबाइल लिंक जरूर रहे। उन्होंने कहा यह कार्य बिल्कुल ड्राइव मोड में है। कार्य मे लापरवाही बरतने वाले कर्मी नपेंगे।



# कुपोषण उन्मूलन को लेकर किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारुन प्रखंड क्षेत्र के फतेहपुर गांव में कुपोषण उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस द्वारा शुक्रवार को बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर द्वारा चलाए जा रहे कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत चयनित गांव फतेहपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बारून के कार्यरत चिकित्सक टीम की देख-रेख में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुपोषित बच्चों एवं महिलाओं का बीपी, वजन, हीमोग्लोबिन की मात्रा एवं मधुमेह की जांच की गई। जांच में पाये गये परिणाम के आधार पर मौके पर उपस्थित बच्चों एवं महिलाओं को आधारभूत दवाईयों का वितरण एवं उसके प्रयोग के बारे में भी जानकारी चिकित्सक टीम द्वारा दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा दैनिक आहार में पोषणयुक्त सब्जियों, फलों एवं बायो फोर्टिफाइड अनाजों को शामिल करने की सलाह दी गई एवं स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र तथा अपने घरों में पोषण-वाटिका को बढ़ावा देने की बात बताई गई। इस मौके पर केन्द्र के गृह वैज्ञानिक डॉ सुनीता कुमारी, उद्यान की वैज्ञानिक डॉ अनुराधा सिन्हा एवं मृदा वैज्ञानिक डॉ प्रतिभा कुमारी उपस्थित थी। चिकित्सक टीम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ परवेज अख्तर, एएनएम प्रियंका कुमारी एवं एलटी विमलेश कुमार उपस्थित थे।



# चयनित बच्चों को किया सम्मानित

**बारुन (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** बिहार राज्य खेल प्रतिभा खोज के तहत मशाल प्रतियोगिता का आयोजन संकुल स्तरीय बारुन में दो दिन पूर्व किया गया था। इसको लेकर बारुण के राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय व केशव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोननगर में संकुल स्तरीय उक्त खेल में चयनित बच्चों को सम्मानित किया गया। बता दे कि मशाल अभियान के अंतर्गत कब्बडी, वॉलीबॉल, दौड़, बॉल थ्रो, एथलीट खेल में बच्चों ने भाग लिया।

# प्रसून प्रवर ने लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह के सुपुत्र प्रसून प्रवर ने एनटीए द्वारा घोषित जेईई (बी0प्लानिंग) में ऑल इंडिया रैंक 68 हासिल किए साथ ही जेईई बी0 (आर्क) में ऑल इंडिया रैंक 1052 हासिल कर औरंगाबाद जिले का परचम अखिल भारतीय स्तर पर लहराया है। प्रसून के पिता राजकीय पुरस्कार प्राप्त पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय औरंगाबाद के प्राचार्य उदय कुमार सिंह एवं माता किरण सिंह ने जानकारी दी कि जेईई मेंस टू में भी उसने आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी रुड़की आदि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिले के लिए परीक्षा दिए थे जिसमें उसके परिश्रम ने ऑल इंडिया रैंक 68 दिलाया जो हमारे लिए एक बेहद सुखद अनुभूति का पल है। माता किरण सिंह ने जानकारी दी कि प्रसून बोर्ड में भी डीपीएस रांची टॉपर के साथ साथ जेईई मेंस के दोनों परीक्षाओं में 99 प्लस परसेंटाइल लाकर अपनी सफल यात्रा को गतिमान रखे हैं। बेहद विनम्र एवं सौम्य प्रसून अपने करियर में ठोस रचनात्मक भूमिका के साथ देश की एक ताकत बनने के लिए संकल्पित हैं। प्रसून की इस बड़ी सफलता से परिजनों में काफी हर्ष का माहौल हैं।



# मंदिर कमिटी ने न्यायाधीशों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के जय मां काली मंदिर बखोरापुर में न्यायाधीशों ने माता रानी मंदिर में पूजा अर्चना की। न्यायधीशों को मंदिर ट्रस्ट ने सम्मानित भी किया। सम्मानित होने वालो में प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज भोजपुर आरा भरत भूषण भसीन, आरती कुमारी सिंह, सेशन जज आशुतोष कुमार उपाध्याय, जिला और एडिशनल सेशन जज अरविंद कुमार सिंह, एडिशनल जज वीरेंद्र प्रसाद, सीजीएम गौतम कुमार, सिविल जज दिवाकर कुमार, सिविल जज विक्रमादित्य मिश्रा, मिस अंकिता त्रिपाठी, सिविल जज गौतम जी, सिविल जज सुधा कुमारी सहित अन्य शामिल थे। जिला जज भरत भूषण भसीन को मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह, मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल एवं मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा द्वारा माता रानी का चुनरी देकर सम्मानित किया गया। जिला जज भरत भूषण ने कहा कि माता रानी बखोरापुर वाली का दरबार निरोगा धाम बन गया है। यहां जो आता है निरोग होकर जाता है। हमने बहुत सुना था। आज बहुत इच्छा थी की माता रानी का दर्शन करें। जिला जज के माता-पिता भी दर्शन करने हेतु आए हुए थे। इस मौके पर रवि शंकर सिंह, लक्ष्मण तिवारी, रामनाथ चौरसिया सहित काफी संख्या में मंदिर ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे।



# सड़क दुर्घटना में शिक्षक घायल

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** रिसियप थाना क्षेत्र के रिसियप बाजार में तेज रफ्तार अनियंत्रित कार की चपेट में आने से बाइक सवार शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शिक्षक की पहचान रिसियप बाजार स्थित शिव मंदिर निवासी राहुल रंजन के रूप में हुई है। घायल शिक्षक ने बताया कि रिसियप बाजार के समीप अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने शिक्षक को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डॉक्टरों ने उपचार किया।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# उचित मुआवजा की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर/ अंबा (औरंगाबाद)।** भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे वाराणसी- कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए हो रहे भूमि अधिग्रहण में भारी अनियमितता, भ्रष्टाचार और मुआवजा विसंगतियों के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन से जुड़े सैकड़ों किसानों ने शुक्रवार को अंचल कार्यालय नबीनगर पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता बेलबिगहा के पूर्व मुखिया बलराम सिंह उर्फ भोला सिंह ने की, जबकि मंच संचालन भाकियू के जिला प्रभारी विकास सिंह ने किया। किसानों का आरोप है कि प्रशासन मुआवजा दिए बिना जबरन कार्य शुरू करा रहा है और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। भाकियू जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने कहा कि पोला और डिहरी गांव के किसानों को प्रति डिसमिल 30,620 रुपये की दर से चार गुणा मुआवजा और ब्याज दिया गया, जबकि भारतमाला के अंतर्गत किसानों को मात्र 8,000 रुपये प्रति डिसमिल देने की तैयारी है। रवि दुबे ने कहा कि अधिग्रहण का गजट 2022 में आया, मुआवजा 2025 में दिया जा रहा है और दर 2012 के सर्किल रेट से तय है, जो अंग्रेजों जैसी नीति है। राज कुमार सिंह ने सरकार पर उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने और किसानों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सुभास चंद्रा, नीरव मोदी, मेहुल चौकसी जैसे पूंजीपतियों को राहत दी गई जबकि किसानों की जमीन की कीमत नहीं दी जा रही। गुप्तेश्वर यादव ने अपनी व्यवसायिक भूमि को भीठ की दर पर अधिग्रहण करने की शिकायत की और आत्मदाह की चेतावनी दी। भूतपूर्व सैनिक नरेंद्र राय ने अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए बिहार में व्यापक जनआंदोलन की आवश्यकता बताई। धरने में अनिरुद्ध पांडेय, चंद्रमोहन तिवारी, प्रमोद सिंह, इंद्रदेव पांडेय, बिजेंद्र मेहता, रणविजय सिंह, रवि दुबे, अमरेश दुबे, कृष्ण दुबे समेत बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।



# योजनाओं की जानकारी को लेकर किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार द्वारा बिहार महादलित विकास मिशन अनु. जाति, जनजाति कल्याण विभाग द्वारा डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान अनु. जाति, अनु. जनजाति विशेष विकास शिविर का आयोजन हर पंचायत के चिन्हित टोलों में किया जा रहा है। शिविर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवारों से आवेदन लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। शिविर से वंचित लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह प्रयासरत हैं। शनिवार को बमेंद्र कुटुंबा प्रखण्ड अंतर्गत जगदीशपुर पंचायत के दसवत बिगहा गांव के अनु.जाति परिवारों से मिले। सरकार की विशेष विकास शिविर से वंचित परिवार से मिलकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किये, साथ ही सहयोग का आश्वासन दिए। सरकार द्वारा बाइस सरकारी योजनाओं के लिए इन दिनों अनु.जातियों के चिन्हित टोलों में विशेष विकास शिविर लगा कर आवेदन प्राप्त किया जा रहा है, जिसपर सरकार द्वारा त्वरित करवाई करते हुए लाभ दिया जा रहा है। मौके पर पर टीम पथ प्रदर्शक के सिमोद सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, रविदास टोला दसवत बिगहा के रणविजय राम, चन्द्रधन राम, मनोज राम, कुंदन कुमार, पूनम देवी, सुशीला देवी, चंद्र देवी, धनवती देवी, दुखी राम इत्यादि उपस्थित थे।



# व्यापारी के घर से दो लाख नगदी समेत लाखों के आभूषण की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नासिरनाचक गांव में बिते देर रात को अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर बक्सा में रखे हुए दो लाख कैश समेत चार लाख के आभूषण चोरी कर लिए हैं। घर वालों की जानकारी तब हुई जब जैसे ही सुबह में नींद खुली सभी बक्सा पेटी खुला पाया। पीड़ित उदय कुमार पिता धर्मेंद्र प्रसाद नेवारी के व्यापारी है जो आर्डर पर नेवारी लेकर बेचा करते थे, उन्होंने बताया कि कल रात को हम लोग खाकर सोने चले गए थे और हमारे बच्चे आंगन में पढ़ाई कर रहे थे हम लोगों ने बच्चों को कह दिया था कि दरवाजा लगाकर सो जाना लेकिन बच्चे देर रात पढ़ते रहें और घर का दरवाजा ऐसे ही बिना कुंडी लगाकर रह गए, तकरीबन ढाई तीन बजे कुछ आज्ञात चोर घर में घुसे बक्सा में जो पैसे रखे थे वह लेकर भाग गए बक्सा का ताला नहीं तोड़ पाए तो किनारे से उखाड़ कर उसमें रखे हुए दो लाख कैश और हमारे भतीजी की जो पिछले साल शादी हुई थी उसके आभूषण रखे हुए थे वह चोरी कर लिए हैं। बक्सा बरनी के खंदा में फेंका हुआ मिला है, थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है, कैसे घटना घटी है उसकी जांच की जा रही है। चोर दो मोबाइल भी लेकर भागे हैं वही एक मोबाइल अभी चालू है उसे उसकी जांच की जा रही है, इस चोरी घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। हालांकि इस पूरे चोरी की घटना में बहुत सारे जमीन की कागजात बच गए तकरीबन 32 एकड़ जमीन की कागजात उसी के बक्से बगल के बक्से में रखी हुई थी अगर चोर लेकर भागते हैं तो करोड़ों रुपए की नुकसान हो सकता था।

# अधिकारियों ने पताही एयरपोर्ट का लिया स्थलीय जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मुजफ्फरपुर।** एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया नई दिल्ली की अधिकारियों की टीम ने पताही एयरपोर्ट का स्थलीय भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। साथ ही टीम के साथ मौके पर मौजूद जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता पूर्वी तथा अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी से आवश्यक फीडबैक भी प्राप्त किया। टीम ने एयरपोर्ट की उपलब्ध भूमि, रन-वे की दिशा, फ्लाइट का लैंडिंग एवं टेक-ऑफ, परिसर में विद्यमान संरचना, एयरपोर्ट की परिधि में विद्यमान सड़क एवं बसावट की स्थिति आदि की सूक्ष्मता से निरीक्षण किया तथा महत्वपूर्ण फोटो एवं वीडियो संग्रहित किया। विदित हो कि वर्तमान में 101 एकड़ उपलब्ध भूमि पर एयरपोर्ट के निर्माण संबंधी विभिन्न पहलू का टीम ने आकलन किया। साथ ही एयरपोर्ट के लिए पैसेंजर की संभावना के आकलन हेतु मुजफ्फरपुर जिला का ऐतिहासिक, धार्मिक एवं व्यावसायिक महत्व की भी जानकारी प्राप्त की। टीम द्वारा प्लानिंग तैयार कर प्रस्ताव सरकार को समर्पित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पताही एयरपोर्ट के बन जाने तथा नियमित उड़ान की सेवा शुरू हो जाने से न केवल मुजफ्फरपुर जिलावासियों को बल्कि अन्य निकटवर्ती लोगों को द्रूत गति से गंतव्य स्थल तक कम समय में आने-जाने की सुविधा प्राप्त हो जायेगी। टीम में डीजीएम प्लानिंग अनिल कुमार सागर, डीजीएम सिविल चंदन कुमार, डीजीएम सीएनसी असीम भट्टाचार्य, मैनेजर आर्किटेक्चर रोहन महेश्वरी, मैनेजर एटीएम दिनेश कुमार, मैनेजर ओपीएस अजय कुमार शामिल थे।

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया रेलखंड के पुनपुन घाट हाल्ट पर डाउन लाइन में एक अज्ञात ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान पटना करबिगहिया के रहने वाले विक्की कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही तारेगना रेल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तारेगना रेल थानाध्यक्ष राजू कुमार दुबे ने बताया कि मृतक करबिगहिया का रहने वाला है जिसका नाम विक्की कुमार है किसी अज्ञात ट्रेन से काटकर उसकी मौत हो गई है। आसपास के लोगों से जानकारी मिली है की ट्रेन के पायदान पर लटका हुआ था जो गिर गया है पूरे घटनाक्रम की छानबीन की जा रही है।

### चिकित्सा प्रभारी का निधन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी रहे डॉ प्रतिभा कुमारी (उम्र 55) का निधन शनिवार की दोपहर पटना के पारस अस्पताल में हो गई है। दरअसल बताया जाता है कि पिछले कई महीनो से हृदय रोग से वह ग्रसित थे और उनका इलाज भी चल रहा था।बहरहाल कुछ दिनो पूर्व छुट्टी मे चले गये थे जो परसो धनरूआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आकर ड्यूटी भी की थी, लेकिन अचानक शनिवार तबियत बिगड गई और पारस अस्पताल मे उनका निधन हो गया। उनके पति बीसीआईएल में सर्जन है उनके निधन से धनरूआ अस्पताल में सभी स्वास्थ्य कर्मियों के बीच शोक की लहर है लोगों ने उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

**दनियावां (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित समीपवर्ती एस यू कॉलेज, हिलसा के सेमिनार हॉल में भौतिकी शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित 'एनवायरमेंटल रेमिडीएशन बाई रिन्यूएबल एंड सब्सटेंस एनर्जी' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन शनिवार को हो गया। समापन सत्र में पटना विश्वविद्यालय के फिजिक्स विभाग के पूर्व अध्यक्ष और बिहार इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड के पूर्व चैयरमैन प्रो0 राजमणि प्रसाद सिन्हा और प्राचार्य डॉ गजेन्द्र प्रसाद गदकर उपस्थित रहे। डॉ राजमणि ने भौतिकी विभाग में उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच अक्षय ऊर्ज़ा स्रोत सूर्य के नाभिकीय संलयन और उसमें जारी विस्फोट से हाइड्रोजन परमाणु हीलियम में बदलते हैं। यह प्रक्रिया सूर्य के केंद्र में होती है और बहुत अधिक मात्रा में ऊर्ज़ा उत्तपन्न करती है।प्राचार्य डॉ गजेंद्र ने ने बताया कि सूर्य के केंद्र में हाइड्रोजन परमाणु, उच्च तापमान और दवाब के कारण आपस में हीलियम परमाणु बनाते हैं। वर्कशॉप के आयोजन सचिव और कॉलेज के भौतिकी के प्राध्यापक डॉ सम्राट सरकार, डॉ अनिता सागर और अन्य विषय विशेषज्ञों ने भविष्य के लिए पवन ऊर्ज़ा, हाइड्रोइलेक्ट्रिक ऊर्ज़ा और सौर ऊर्ज़ा को काफी उपयोगी बताया।

# भारत गौरव डीलक्स एसी ट्रेन से भारत-भूटान मिस्टिक माउंटेन टूर करने का मौका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोलकता/नई दिल्ली।** भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से भारत-भूटान मिस्टिक माउंटेन टूर की एक अनोखी और अविस्मरणीय यात्रा 28 जून 2025 से प्रारंभ हो रही है। यह विशेष यात्रा दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शुरू होगी और पूर्वोत्तर भारत की आध्यात्मिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समेटते हुए भूटान के शांत और सुरम्य स्थलों तक यात्रियों को लेकर जाएगी। इस यात्रा का पहला पड़ाव गुवाहाटी होगा, जहाँ यात्री नीलाचल पहाड़ियों में स्थित प्राचीन और पवित्र कामाख्या मंदिर के दर्शन करेंगे। यह मंदिर भारत के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है और देवी उपासकों के लिए श्रद्धा का केंद्र है। गुवाहाटी से आगे यात्रा शिलांग की ओर बढ़ेगी, जिसे 'पूर्व का स्कॉटलैंड' कहा जाता है। यहाँ यात्री प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता का आनंद लेंगे। इसके बाद चेरापूंजी की एक दिवसीय यात्रा कराई जाएगी, जहाँ 'सेवन सिस्टर्स जलप्रपात', 'नोहकलिकाई फॉल्स' और 'एलिफेंट फॉल्स' जैसे विख्यात प्राकृतिक स्थल यात्रियों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इसके बाद समूह शिलांग वापस लौटेगा। इसके बाद यात्रा अपने अंतरराष्ट्रीय चरण में प्रवेश करेगी। पश्चिम बंगाल के हासीमारा रेलवे स्टेशन पर उतरने के पश्चात यात्री सड़क मार्ग द्वारा भूटान में प्रवेश करेंगे, जहाँ वे फुंटशोलिंग के रास्ते थिंपू पहुँचेंगे। थिंपू पहुँचने के बाद यात्रियों को आसपास के वातावरण को जानने और स्थानीय संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा, रात्रि विश्राम की व्यवस्था वहीं होगी। यह सुव्यवस्थित टूर पैकेज ट्रेन यात्रा (विभिन्न श्रेणियों में), 3-स्टार श्रेणी के होटलों में रात्रि विश्राम, सभी दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, शुद्ध शाकाहारी भोजन और ऑनबोर्ड व ऑफबोर्ड सुविधाओं के साथ एक समृद्ध और निर्बाध अनुभव प्रदान करता है। अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए www.irctctourism.com/bharatgaurav पर विजिट करें।

# आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड के लिए लगेगा तीन दिवसीय शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के लिए सोमवार से तीन दिवसीय शिविर का आयोजन होगा। यह जानकारी बीडीओ धनरूआ सीमा कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड से वंचित लोगों को इससे लैस करने की कवायद की जा रही है। इस शिविर में 70 से अधिक आयु वर्ग के लोगों को तथा इससे कम आयु वर्ग लोगों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड बनेगा। इस शिविर का आयोजन प्रत्येक पंचायत के पंचायत भवन में निर्धारित किया गया है। शिविर में एलईवी की तैनाती के साथ साथ इसके प्रचार प्रसार हेतु जनप्रतिनिधियों, सामाजिक, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, जीविका दीदियों, पंचायत सचिवों, विकास मित्र, शिक्षा स्वयंसेवक, जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं को शामिल किया गया है। शिविर तक लाभुकों को भेजने हेतु सहयोग की अपील की गई। इस स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से लाभुकों को चयनित अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करवा सकते हैं। अर्थाभाव में किसी व्यक्ति का इलाज बाधित होने से की समस्या से निजात मिल जाएगी।

# जन कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** आज संपतचक प्रखंड कार्यालय के सभागार में नवगठित 20 सूत्री समिति की पहली बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष सुमित कुमार ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संपतचक द्वारा किया गया। बैठक में नवगठित 20 सूत्री समिति के उपाध्यक्ष रंजीत कुमार टप्पू, सांसद प्रतिनिधि दिलीप कुमार, सदस्य निशांत कुमार, विजय राज, चंद्रवंशी, रंजय कुमार, वीर बहादुर सिंह, अशोक पासवान, श्याम किशोर उर्फ हैप्पी, विकास कुमार परमार एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे. साथ ही प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रखंड एवं नगर परिषद क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं को पदाधिकारियों के समक्ष रखा गया। संबंधित पदाधिकारियों ने समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। प्रखंड 20 सूत्री समिति के उपाध्यक्ष रंजीत कुमार टप्पू ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा समिति का गठन आम जनता को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से किया गया है. उन्होंने कहा कि समिति के सभी सदस्य जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# दुर्घटना में छात्र की मौत

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समस्तीपुर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भीड़ी टोल गांव में आज संध्या ट्रक से दबकर एक छात्र की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के भीड़ी टोल निवासी सरोज सिंह के 8 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार साईकिल से अपने घर जा रहा था तभी बाला चौक से आ रही ट्रक की चपेट में वह आ गया जिसमें उसकी दबकर मृत्यु हो गई। इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया है।

पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जांच की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर समस्तीपुर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चौपालों से उठी नई आवाज 'महिला संवाद' बना सामाजिक परिवर्तन का माध्यम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** गांव-गांव में चल रहा महिला संवाद कार्यक्रम के तहत अब ग्रामीण चौपालों में वह आवाज़ गूंज रही है, जो कभी घर की चारदीवारी तक सीमित थी। अब वही महिलाएं आत्मविश्वास से मंचों पर बोल रही हैं और सामाजिक मुद्दों पर मुखरता से अपने विचार रख रही हैं। यह बदलाव यूं ही नहीं आया, इसके पीछे है 'महिला संवाद' जैसी दूरदर्शी और परिवर्तनकारी पहल, जिसने महिलाओं को केवल बोलने का अधिकार ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें नेतृत्व की भूमिका में सशक्त रूप से स्थापित किया है। बहरहाल शनिवार को मसौढी प्रखंड के तिनेरी पंचायत के धनौती गांव में क्रांति जिविका महिला ग्राम संगठन के तत्वाधान में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत उदघाटन जिला परियोजना प्रबंधन पटना मुकेश कुमार ससमल ने किया। वहीं प्रखंड परियोजना प्रबंधक जयप्रकाश शर्मा मसौढ़ी के द्वारा महिला संवाद का नेतृत्व किया गया। जहां मौजूदा समय में सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया एवं सजग होने के बात कही गई। इसके बाथ ही मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रोत्साहन योजना, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री योजना मुख्यमंत्री सात निश्चय 2 के बारे में एवं खासकर महिलाओं से संबंधित योजनाओं को प्रमुखता से बल देते हुए जिला परियोजना प्रबंधक ने किशोरियों के कर्तव्यों अधिकारों के जागरूकता के बारे में विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी स्वास्थ्य एवं पोषण निर्भय कुमार, उषा कुमारी, मीना कुमारी, यूसुफ सिद्दकी, मोहम्मद, सोमा कुमारी एवं जीविका केडर उपस्थित हुए।

# तीन साल पुराने कब्जे को हटाकर प्रशासन ने दिलाया महादलितों को हक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** तीन वर्षों से लगातार अतिक्रमण के खिलाफ संघर्ष कर रहे भोगीपुर के महादलित ग्रामीणों को आखिरकार न्याय मिला है। संपतचक प्रखंड के भोगीपुर गाँव के पूरब-दक्षिण दिशा में बसे महादलित टोले की सार्वजनिक भूमि पर वर्षों से अवैध कब्जा कर रखा गया था। इस मुद्दे पर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से शिकायत की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही थी। अखबारों में प्रमुखता से खबर छपने पर की प्रशासन अतिक्रमण की खानापूर्ति कर रहा है तब अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पूरी तरह रास्ते को अतिक्रमण मुक्त किया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से भोगीपुर के ग्रामीणों, खासकर दलित-महादलित समुदाय में विश्वास लौटा है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रशासन का आभार जताया और इसे 'सुशासन की जीत' करार दिया। हालांकि इस दौरान दबंग अतिक्रमणकारियों ने महादलित के कई परिवारों को धमकाया। महादलित परिवारों ने प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

शनिवार को संपतचक अंचलाधिकारी, गोपालपुर थाना प्रभारी चंदन कुमार और राजस्व पदाधिकारी स्वाति झा की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुँचकर निर्णायक कार्रवाई की। प्रशासन ने हैमर मशीन से बीम व कंक्रीट के ढाँचों को मौके पर ही तोड़ दिया और सार्वजनिक रास्ते को पूरी तरह से अतिक्रमणमुक्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान महादलित समुदाय के युवाओं ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाते समय दबंग रामनरेश और कान्तेश रंजन ने उन्हें जातिसूचक शब्द कहे और धमकी दी। इस संबंध में प्रशासन से सुरक्षा की मांग की गई है ताकि भविष्य में किसी तरह की हिंसा न हो। अंचलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि अब यह रास्ता पूरी तरह से आमजनों के लिए खुला है और कोई भी व्यक्ति इस पर स्वतंत्र रूप से आवाजाही कर सकता है। किसी को भी इस स्थल पर विशेषाधिकार नहीं है।

# मध्य विद्यालय इसापुर ने मशाल खेलकूद प्रतियोगिता में मारी बाजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फुलवारीशरीफ।** मशाल प्रतियोगिता अंतर्गत संकुल स्तर पर आयोजित खेल मुकाबलों में पीएमश्री मध्य विद्यालय ईसापुर के छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। अंडर-14 बालक वर्ग की 60 मीटर और 600 मीटर दौड़ में कक्षा 8 के अमन और सूरज ने पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बालिका वर्ग में 600 मीटर दौड़ में अलीशा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सभी को पीछे छोड़ दिया। लॉन्ग जंप में रोशन ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। कबड्डी के अंडर-14 बालिका वर्ग में भी ईसापुर की टीम अव्वल रही और खिताब पर कब्जा जमाया। साइकलिंग और थ्रो बॉल जैसी प्रतियोगिताओं में अंशु और पीयूष ने उम्दा खेल का परिचय देते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री राजेश कुमार द्विवेदी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# धनिकचक मोड़ बना डेथ जोन

## कई मौतों का बना है गवाह, लोग कहते हैं भूतिया मोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** मसौढ़ी नौबतपुर मार्ग में मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नूरा बाजार से थोड़ा सा आगे धनिचक मोड है जो इन दोनों डेथ जोन बन गया है। आसपास के लोग इसे अब भूतिया मोड़ कहने लगे हैं। दरअसल बताया जाता है कि साल 2024 और साल 2023 तक अब तक तकरीबन 14 लोगों से अधिक लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई है। सबसे ताजातरीन घटना 22 फरवरी की देर रात को हुई है जहां पर मसौढ़ी से अपने घर लौट रहे टेंपो से बालू लदे ट्रक में टक्कर होने से सात मजदूरों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद चार गांव में त्राहिमाम मच गया है, 24 फरवरी को लालू यादव भी उस मृतक के परिजनों से मिलने गए थे,हलांकि इस सड़क हादसे में स्थानीय लोगों ने धनीचक मोड स्थित सडक किनारे दो पेड़ों को जिम्मेवार ठहराया था, कि वहां पर दो पेड़ होने की वजह से सड़क हादसा हो रहे हैं, ऐसे में अनुमंडल प्रशासन के द्वारा 28 फरवरी को वन विभाग को निर्देशित करके दोनों पेड़ को कटवा दिया गया, लेकिन यह मौत का सिलसिला नहीं रुका। हालांकि इससे पहले 7 फरवरी की गुरुवार को शादी समारोह में जा रहे नव दंपति अमित और राधा की मौत उसी धनीचक मोड पर हुई।इससे पहले 23 फरवरी को नदौना गांव के रहने वाले ट्रैक्टर ठोकर से युवक की मौत हो गई थी, हालांकि कुछ दिन पहले भी मसौढ़ी अंचलाधिकारी मृत्युंजय कुमार का भी वहीं पर एक्सीडेंट हुआ था, हाल फिलहाल में 10 दिन पहले एक साईकल दुकानदार छोटन जो मसौढी अभियंता मार्केट के पास साइकिल की दुकान चलाते हैं वहां भी एक ई रिक्शा पलट जाने से एक की मौत और चार जख्मी हो गए थे कुल मिलाकर धनिचक मोड इन दिनों कई मौत का गवाह बन चुका है अब आसपास के लोग उस मोड से गुजरने पर भगवान को याद करते हैं स्थानीय लोगों ने अब उसे भूतिया मोड कहने लगे है।

# न्याय बंधु योजना गरीब, असहाय, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निःशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराने का बेहतर माध्यम : जिला जज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि न्याय बंधु योजना गरीब, असहाय, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निःशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराने के लिए विधि विभाग की अच्छी पहल है।

दरभंगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से एडीआर सह मध्यस्थता केंद्र में शनिवार को न्याय विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से न्याय बंधु योजना पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि अधिवक्ताओं को चाहिए कि वे इस योजना से जुड़कर निःशुल्क विधिक सेवा के हकदार व्यक्तियों का मददगार बनें। उन्होंने कहा कि न्याय बंधु योजना एक प्रो-बोनो लीगल सर्विस है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत, वकीलों को प्रो-बोनो आधार पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे वे जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कानूनी सलाह और सहायता प्रदान कर सकें। जिला सह अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) संतोष कुमार पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान में विज्ञान एवं प्रद्योगिकी का युग चल रहा है और भविष्य में यह और भी बेहतर होगा। ऐसे में सभी को आनलाईन विधिक सेवाओं के प्लेटफार्म जैसे न्यायबंधु एप्लिकेशन, नालसा एप्लिकेशन एवं पोर्टल आदि से जुड़ना चाहिए। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (तृतीय) सुमन कुमार दिवाकर ने अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि स्वेच्छा से अपने समय और सेवा देने के इच्छुक अधिवक्ताओं को न्याय बंधु एप से जुड़कर खुद को पंजीकृत कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि खासकर युवा अधिवक्ताओं को तो अवश्य ही इस योजना में शामिल होना चाहिए ताकि वे अपने आपको कौशलपूर्ण बना सकें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी ने न्याय बंधु योजना पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य न्याय बंधु योजना को और अधिक प्रभावी बनाना और लोगों को इसके बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए अधिवक्ता एवं लाभार्थी दोनों को अपने मोबाइल में गुगल प्ले स्टोर से या फिर www.probono-doj.in पर मौजूद लिंक से इस एप्लिकेशन को डाउनलोड करना होगा। तत्पश्चात संबंधित विवरणों को दर्ज कर खुद को पंजीकृत करेंगे जिसे न्याय विभाग द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। प्रमाणीकरण के बाद आवेदक अपने मामले दर्ज कर सकेंगे और पंजीकृत प्रो बोनो अधिवक्ता विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की धारा 12 क के तहत पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान कर सकेंगे। जागरूकता कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यगण, पैनल अधिवक्तागण आदि मौजूद थे।

# 27 से 30 मई तक आयोजित होगा इवीएम का मॉक पोल

**के. के. सिंह सेंगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**छपरा (सारण)।** आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव की तैयारी के तहत जिले में ईवीएम-वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के अंतिम चरण में 27 से 30 मई तक मॉक पोल आयोजित किया जाएगा। शनिवार को सदर प्रखंड स्थित इवीएम वेयरहाउस में एफएलसी कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अमन समीर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मॉक पोल के लिए लगभग 250 मशीनों का चयन किया गया है। सभी राजनीतिक दलों को मॉक पोल की जानकारी पत्र के माध्यम से दी जा चुकी है। साथ ही उनसे बैठक कर विस्तृत जानकारी साझा की गई है। दलों से अनुरोध किया गया है कि वे मॉक पोल के दौरान उपस्थित रहकर रैंडम मशीनों पर स्वयं मतदान कर सत्यापन करें। इस प्रक्रिया में सहयोग के लिए पर्याप्त संख्या में मास्टर ट्रेनरों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गई है।

**पांच प्रतिशत मशीनों पर होगा मॉक पोल:**

उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार एफएलसी में कुल सही पाई गई मशीनों के पांच प्रतिशत पर मॉक पोल किया जाएगा। इनमें से एक प्रतिशत पर 1200, दो प्रतिशत पर 1000 और दो प्रतिशत पर 500 वोट डालकर परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान बैलेट यूनिट पर लगे डमी चुनाव चिन्हों से वीवीपैट की पर्चियों का सतत मिलान किया जाएगा।

**एक प्रतिशत मशीनों की होगी लोड टेस्टिंग:**

ईवीएम सेल के नोडल पदाधिकारी सह डीएमडब्लूओ रवि प्रकाश ने बताया कि मॉक पोल के दौरान एक प्रतिशत यानी लगभग 50 मशीनों पर लोड टेस्टिंग भी की जाएगी। जिसमें 64 अभ्यर्थियों को मानकर परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए चार बैलेट यूनिट को जोड़ा जाता है और सभी पर डमी चुनाव चिन्ह लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि सारण में एफएलसी कार्य पूरी पारदर्शिता और सतर्कता के साथ संपन्न किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों ने भी यहां की व्यवस्था और कार्य प्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रशंसा की है। राज्य के अन्य जिलों के लिए सारण एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत हो रहा है।

# डीएम ने किया कटाव निरोधी कार्यों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेतिया।** बैरिया प्रखंड क्षेत्र के चंपारण तटबंध सिंगही ,तथा घोड़हिया तटबंध पर हो रहे कटावरोधी कार्य का शुक्रवार को जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया तथा कार्य मे हो रहे बिलमब को लेकर कार्यपालक अभियंता को कई निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने संवेदक को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि 30 मई तक हर हाल में कटाव निरोधी कार्य हो जाना चाहिए। उन्होंने बाढ़ से बचाव एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य को ससमय कराने का बात कही। जिससे आम जनों के जन जीवन पर बाढ़ से किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो सके। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी विनोद कुमार को कटाव निरोधी कार्यो का निगरानी एवं समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह कहा कि यदि काटाव निरोधी कार्य को ससमय पूर्ण नहीं किया जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसपी डा. शौर्य सुमन, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता राजस्व राजीव कुमार, एसडीएम विनोद कुमार सिंह, अपार समर्थ विभागीय कार्य कुमार रविंद्र, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित जिला के अन्य कार्य पालक अभियंता, सहायक अभियंता एव पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# 311 होमगार्डों की बहाली को लेकर तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** नगर के महाराज स्टेडियम में 26 मई से होने वाले होमगार्ड की बहाली की तैयारी पूरी कर ली गई है। बहाली के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन, दौड़, हाई जंप, लॉन्ग जंप, गोला फ़ेक आदि के लिए अलग-अलग टेबल बनाए गए हैं। साफ सुथरे माहौल में पूरी पारदर्शिता के साथ बहाली के लिए हर टेबल पर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। बहाली की प्रक्रिया 14 जून तक चलेगी। बहाली की तैयारी देखने के लिए शुक्रवार को डीएम दिनेश कुमार राय व एसपी डा. शौर्य सुमन प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ महाराज स्टेडियम का निरीक्षण किए। वहां बहाली की मॉक ड्रिल किया गया। डीएम और एसपी ने अभ्यर्थियों की सुविधा और पूरी पारदर्शिता तथा साफ सुथरे माहौल में बहाली करने का निर्देश दिया। शनिवार को होमगार्ड समादेष्टा मनीष कुमार महाराजा स्टेडियम पहुंचे और वहां प्रतिनियुक्ति कर्मियों को बहाली की प्रक्रिया समझाया। उन्होंने बहाली के लिए तैनात कर्मियों को अभ्यर्थियों की जांच के तरीके और बहाली प्रक्रिया से अवगत कराया। कहा कि बहाली के दौरान अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। होमगार्ड समादेष्टा ने बताया कि जिले में 311 पदों पर बहाली होनी है। इसके लिए जिले के 18,840 युवक-युवतियों ने आवेदन किया है। 3049 युवतियों और थर्ड जेंडर के चार ने आवेदन दिया है। अभ्यर्थियों के क्रमांक के अनुसार महाराज स्टेडियम उनकी शारीरिक फिटनेस की जांच होगी। महिला और पुरुष अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच अलग-अलग होगी। समादेष्टा ने बताया कि अभ्यर्थी होमगार्ड के साइट पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदक बहाली की पूरी प्रक्रिया की जानकारी इस साइड से ले सकते है। कुल सीट से डेढ़ गुना अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद मेरिट लिस्ट बनेगा। समादेष्टा ने कहा कि बहाली के लिए किसी भी अभ्यर्थी को गुमराह करने या बरगराने वाले लोगों के खिलाफ नियम संगत कठोर कार्रवाई होगी। बहाली में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में बहाली होगी। बहाली में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल होगा। बहाली के हर प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी। अभ्यर्थियों की दौड़ जांच के दौरान उनके गले में एक विशेष प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक चिप लगाया जाएगा। सामने एक स्कैनर लगा रहेगा। जिससे दौड़ में सेकंड तक की गणना किया जा सकेगा।

# शादी का झांसा देकर दो वर्षों से दुराचार करने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला से शादी का झांसा देकर दो वर्षों से लगातार यौन शोषण करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। महिला थाने में दर्ज प्राथमिकी के आलोक में छानबीन आरम्भ कर दिया गया है। एसडीपीओ विवेक कुमार दीप ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। दोषी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा । दर्ज प्राथमिकी में महिला ने आरोप लगाया है कि नगर के एक मोहल्ले में किराए के मकान में रहती है। इसी दौरान उसकी बसवरिया निवासी मो. कजाफी से मुलाकात हुई। मो. कजाफी झूठे प्यार के जाल में फंसा कर लगातार दो वर्षों से उसका यौन शोषण करता रहा। वह विगत अप्रैल माह में शादी करने का दबाव बनाई तो कजाफी मई माह में शादी करने का झूठा आश्वासन दिया।

# सही समय पर निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है शतरंज: डॉ कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** छपरा जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय 32वीं जिला शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को छपरा शहर के चांदमारी रोड के विकास नगर स्थित सेंट्रल पब्लिक स्कूल (सीपीएस) परिसर में हुआ। इस आयोजन को लायंस क्लब ऑफ़ छपरा द्वारा प्रायोजित किया गया है। उद्घाटन समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ सारण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने किया।




मुख्य अतिथि का स्वागत संघ के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार वर्मा 'संकल्प' ने पुष्पगुच्छ और शॉल भेंटकर किया। उद्घाटन सत्र में मंच पर लायंस क्लब अध्यक्ष व संघ के उपाध्यक्ष डॉ. विकास कुमार सिंह, क्लब के सचिव राकेश कुमार मिश्रा, एक्सिस बैंक के क्लस्टर हेड ज्ञानेश्वर सिंह, ब्रांच मैनेजर सुशील वर्मा, सीपीएस के एचआर अश्विनी परमार व मंच संचालक अरविंद कुमार सिंह आदि अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

इस प्रतियोगिता में जिले सहित आसपास के विद्यालयों व शतरंज क्लबों से 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। अपने संबोधन में एसएसपी डॉ. कुमार आशीष ने कहा कि शतरंज न केवल मानसिक विकास का खेल है, बल्कि यह जीवन में सही समय पर निर्णय लेने की क्षमता भी प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से शतरंज खेलने की सलाह दी।

संघ के अध्यक्ष डॉ. वर्मा ने कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि विचारों की युद्धभूमि है। हमारा उद्देश्य चैंपियन तैयार करना नहीं, बल्कि रणनीतिक सोच व धैर्यपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करना है।

लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में भी 'शाह' और 'मात' की तरह जीत-हार से सीखने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करने वाले सभी अभिभावकों का आभार जताया।

एक्सिस बैंक के क्लस्टर हेड ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि शतरंज जीवन का आईना है, जिसमें हर चाल सोच-समझकर चलनी होती है। यह बच्चों में संयम और नेतृत्व की भावना विकसित करता है।

संघ के सचिव अरविंद कुमार सिंह ने प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी और सभी खिलाड़ियों से अनुशासन का पालन करने की अपील की। प्रतियोगिता का समापन 25 मई को होगा, जिसमें विभिन्न वर्गों के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। बहरहाल, इस आयोजन ने जिले में शतरंज के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाते हुए बच्चों की मानसिक क्षमता व प्रतिस्पर्धात्मक भावना को सुदृढ़ करेगा।

# निर्धारित मूल्य पर खाद व बीज का वितरण करें दुकानदार : बीडीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नरकटियागंज।** सरकार ने जो खाद का मूल्य तय किया है, किसान को उसी के अनुसार बिक्री करें। खाद विक्रेता किसानों को अगर अधिक मूल्य पर खाद देते हैं तो उनपर करवाई की जाएगी। जो किसान खेती कर रहे है वह खेती किसानी से हीं अपना भरण पोषण करते हैं। ऐसे में उन किसानों के साथ उर्वरक विक्रेता किसी तरह का भेदभाव कतई न करें। उक्त बातें बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने शनिवार को प्रखंड ई-किसान भवन कार्यालय में आयोजित प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में कहा।बीडीओ ने स्पष्ट रूप से निगरानी समिति को उर्वरक दुकानों पर नजर रखने का निर्देश दिया। ताकि किसानों को खाद की खरीददारी में किसी तरह की परेशानी न हो सके। वहीं सीओ सुधांशु शेखर ने कहा कि खाद विक्रेता लालच व व्यवसाय की भावना त्याग कर किसानों को कृषि में सेवा दें। हर हाल में वास्तविक किसानों को हीं खाद उपलब्ध कराएं। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी बीएओ अमरनाथ ठाकुर ने किया। इस दौरान बीएओ ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिया कि जीरो टॉलरेंस की नीति का सख्ती से पालन करते हुए किसानों को निर्धारित मूल्य पर कीटनाशक दावा एवं खाद समय से उपलब्ध कराए। वही खाद रखकर किसान को माना करने वाले दुकानदार बख्से नही जाएंगे। कहीं से कोई शिकायत मिली तो संबंधित दुकानदार पर कार्रवाई तय है। उन्होंने कहा कि खाद विक्रेता किसानों को आधार कार्ड से हीं खाद दें। एक किसान को अधिकतम तीन व चार बोरा यूरिया दें। उद्देश्य यह रहे कि अधिक से अधिक किसान इससे लाभान्वित हो। वही बैठक में अनुपस्थित रहने वाले खाद विक्रेताओं पर शो कॉज करने का निर्देश दिया। बता दे कि प्रखंड में कुल 125 खाद विक्रेता है लेकिन बैठक में मात्र 40 ही उपस्थित हुए। बैठक के दौरान बीडीओ, सीओ और बीएओ ने धान के बीज वितरण का शुभारंभ किया। बीएओ ने कहा कि सोमवार से विधिवत धान के बीज का वितरण किया जाएगा। वही बैठक के अंत में खाद विक्रेताओं ने भी अपनी समस्या जाहिर करते हुए कहा कि आगे से हीं खाद अधिक मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे में इस परेशानी का हल निकाला जाए।

# आहर खुदाई के नाम पर योजना में हो रही लूट पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के भैख पंचायत के कुत्तवनचक गांव में आहार की खुदाई पर आपत्ति जताते हुए योजना में लुट का आरोप लगाया है। इस मामले में ग्रामीणों के द्वारा डीडीसी को आवेदन देकर योजना पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा उप विकास आयुक्त को प्रेषित आवेदन में बताया गया है कि उक्त आहार की खुदाई पिछले वर्ष मनरेगा के माध्यम से किया गया था। जिस पर लाखों रुपए की निकासी पहले ही की जा चुकी है। फिर उसी आहर की खुदाई इस वित्तीय वर्ष में जल छाजन योजना की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एक ही आहर की खुदाई दो अलग अलग योजनाओं से करके व्यर्थ में पैसे की बर्बादी हो रही है। आहर पहले से ही 30 फीट गहरा है। अधिक गहरा होने के कारण बरसात में पानी भरने पर वह खतरनाक हो सकता है। जिसके कारण कोई भी व्यक्ति पानी में डूब सकता है। आवेदक रितेश कुमार ने बताया कि खुदाई के साथ मिट्टी को बेचा जा रहा है। आहर की खुदाई का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि वह पहले से ही गहरा है।

# 19.32 करोड़ की लागत से बायपास की मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणा के अनुरुप शहर में बननेवाले बायपास के निर्माण को हरीझंडी दे दी गयी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से भाजपा जिलाध्यक्ष रुपक कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि 19.32 करोड़ की लागत से बेतिया-गोविन्दगंज पथ (एसएच-54) के बीच 2.36 किलोमीटर लंबे बायपास का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम जनता को बेहतर सड़क सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है और यातायात को सुगम बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में बेतिया में, बस स्टैंड से बेतिया-गोविन्दगंज पथ (एसएच-54) के बीच 2.36 किलोमीटर लंबे बायपास का निर्माण कराया जा जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत 1.69 किमी मुख्य सड़क तथा 0.67 किमी लंबी पुलिस लाइन लिंक पथ का निर्माण कराया जाएगा। परियोजना पर कुल 19.32 करोड़ (उन्नीस करोड़ बत्तीस लाख तैतीस हजार) रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होने कहा कि बायपास निर्माण से बेतिया शहर को लंबे जाम से निजात मिलेगा और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

# जनता दरबार में भुमि विवाद व शस्त्रों का भौतिक सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**मझौलिया/साठी।** शनिवार को थाना परिसर में अंचलाधिकारी के मौजूदगी में जनता दरबार लगाया गया साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव को मद्देनजर नजर शस्त्रो का भौतिक सत्यापन किया गया। अंचलाधिकारी एवं एसआई बिहारी प्रसाद निराला द्वारा शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि लगभग एक शनिवार को लगभग एक दर्जन शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। भुविवाद से संबंधित एक व्यक्ति नौसाद अली का भूमि संबंधित समस्या का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। चार व्यक्ति का अगले तारीख में निपटारा का समय दिया गया। साठी प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार के दौरान भारी गहमागहमी देखने को मिली इस दौरान फरियादियों की भीड़ उमड पड़ी थी जनता दरबार में अंचलाधिकारी लौरिया नीतीश कुमार सेठ थाना अध्यक्ष धीरज कुमार दरोगा शशिकांत शर्मा व पुलिस बल मौजूद रहे।

# डीएम ने प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी, गांव-गांव लगेगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** जिले में 26 मई से 28 मई तक चलने वाले विशेष अभियान के तहत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों के लिए आयुष्मान कार्ड तथा 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए वय वंदना कार्ड बनाए जाएंगे। इस अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु समाहरणालय परिसर से प्रचार रथ को शनिवार को जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित इस अभियान में जिले के हर गांव, पंचायत सरकार भवन, प्रखंड कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, समाहरणालय, यहां तक कि मुख्य पार्कों और मॉर्निंग वॉक स्थलों पर भी विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में लाभुक आधार कार्ड और राशन कार्ड लेकर पहुंचेंगे और मौके पर ही उनका आयुष्मान कार्ड या वय वंदना कार्ड बनाया जाएगा।

**सभी अधिकारी करेंगे जिम्मेदारी से कार्य: डीएम**

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और इसे जमीन पर उतारने के लिए सभी अधिकारी पूरी निष्ठा से कार्य करें। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को वार्ड स्तर पर माइक्रो प्लान बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को मिलेगा विशेष लाभ**

डीएम ने स्पष्ट किया कि 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिक, चाहे उनकी आर्थिक या सामाजिक स्थिति कुछ भी हो, उन्हें वय वंदना कार्ड से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही, अब तक छूटे हुए लाभार्थियों को भी इस अभियान के माध्यम से आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जाएगा।

# अचानक लगी आग में लाखों की संपत्ति जलकर खाक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मझौलिया।** प्रखंड क्षेत्र के सरिसवा बाजार स्थित बैधनाथ चौधरी का आवासीय दुकान में अचानक आग लग जाने से लाखों का सामान सहित झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गया। घर मे रखे सिलिंडर ब्लास्ट होने के डर से कोई आग बुझाने के लिये नही पहुंचा। तबतक घर सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। इस अगलगी में नकदी सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित बैधनाथ चौधरी ने बताया कि घर मे ही एक तरफ होटल खोल रखे थे। तभी अचानक आग लग गई। आग कैसे लगी इसकी पता नही चल पाया है। इस बाबत पीड़ित ने अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देकर जांच कर सहायता राशि का गुहार लगाया है। अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि संबंधित कर्मचारी को घटना स्थल भेजा गया है। अगलगी में हुए क्षति का आकलन कर जल्द ही सहायता राशि उपलब्ध करा दी जायेगी।

# दीपू तिवारी बने लौरिया बीससूत्री अध्यक्ष

**लौरिया।** प्रखंड कार्यालय लौरिया में बीससूत्री कार्यालय का उद्घाटन कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने किया। इस मौके पर सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इधर बीससूत्री अध्यक्ष बहूअरवा पंचायत के मुखिया दीपू तिवारी उर्फ दीपकदत्त तिवारी को मनोनीत किया गया है। दीपू तिवारी उर्फ दीपकदत्त तिवारी के बीससूत्री के अध्यक्ष बनने पर मुखिया संघ के अध्यक्ष राम विनोद ठाकुर ने शनिवार को कार्यालय पहुंचकर उन्हें बुके देकर स्वागत व अभिनंदन किया।

# पनिसरा में सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**सीवान (बड़हरिया)।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के पनिसरा जिगना चौक के पास शुक्रवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बदरजीमी गांव निवासी अशोक कुमार यादव (40 वर्ष), पिता बम बम यादव के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, अशोक यादव मीरगंज स्टेशन स्थित रैक पॉइंट पर मजदूरी करने के बाद साइकिल से घर लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे जैसे ही वह जिगना चौक के पास पहुंचे, किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और वाहन मौके से फरार हो गया। हादसे में अशोक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही बड़हरिया थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीवान भेज दिया।

थानाध्यक्ष रुपेश कुमार वर्मा ने बताया कि अब तक परिजनों द्वारा कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बड़सरा गांव में चोरों का कहर तीन घरों में लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान (बड़हरिया)।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के बड़सरा गांव में बीती रात चोरों ने एक ही रात में तीन घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, गांव के भरत यादव के घर परिवार के सभी सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने बाहर गए थे। इसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर गहनों और नकदी समेत करीब पांच लाख रुपये की चोरी कर ली।

# भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक में बूथ सशक्तीकरण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेतिया।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्य समिति की बैठक शनिवार को मेहंदियाबारी स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रुपक कुमार श्रीवास्तव ने की। बैठक के दौरान डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पां अर्पित करने के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्य समिति की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के मुद्दे पर चर्चा हुई। पार्टी नेताओं ने बूथ सशक्तिकरण पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रूपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही माह शेष है। जिले के सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करनी है। इस दौरान देश में जातीय जनगणना की घोषणा और केंद्रीय बजट में बिहार के लिए विशेष पैकेज देने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया गया। सोशल मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि सोशल मीडिया की भूमिका बढ़ रही है। इस पर पार्टी के विचारों का प्रचार प्रसार करें। बैठक को चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, लौरिया विधायक विनय बिहारी, नरकटियागंज विधायक रश्मि वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ, संजय पांडेय आदि ने संबोधित किया। बैठक का संचालन मनुबाबू कुशवाहा ने किया।

# एनटीपीसी नबीनगर में 40 ग्रामीण छात्राओं की बेहतरी के लिए विशेष अभियान शुरू

## शिक्षा, कराटे, योग और कम्प्यूटर प्रशिक्षण के साथ होगा व्यक्तित्व विकास





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** एनटीपीसी लिमिटेड की नबीनगर ताप विद्युत परियोजना द्वारा ग्रामीण बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु 'बालिका सशक्तिकरण अभियान' की शुरुआत की गई है। परियोजना परिसर में आयोजित इस अभियान के अंतर्गत नबीनगर और बारुन प्रखंड के सरकारी विद्यालयों से चयनित 40 छात्राओं को एक माह तक पूर्णतः निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अभियान का उद्घाटन एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग और नबीनगर परियोजना के प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एल. के. बेहेरा ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास बालिकाओं को 'सपनों की उड़ान' भरने के लिए नई ऊर्जा और आत्मबल प्रदान करेगा। परियोजना प्रमुख ने अपने संबोधन में बताया कि एनटीपीसी द्वारा संचालित गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन के माध्यम से छात्राओं का शैक्षणिक, मानसिक और शारीरिक विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की गई है कि छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ योग, कराटे, कंप्यूटर और जीवन कौशल जैसी उपयोगी गतिविधियों में दक्ष बन सकें। प्रशिक्षण अवधि में सभी छात्राओं को छात्रावास और संतुलित पोषणयुक्त भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर बीआरबीसीएल के परियोजना प्रमुख दीपक रंजन देहुरी, महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण) बिमल कुमार साहा, एनटीपीसी नबीनगर के महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण) के. डी. यादव सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह से पूर्व सभी अधिकारियों ने प्रशिक्षण कक्षाओं और छात्रावास परिसर का निरीक्षण किया और की गई तैयारियों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि यह अभियान एनटीपीसी नबीनगर द्वारा लगातार तीसरे वर्ष चलाया जा रहा है। इससे पहले के वर्षों में भी अनेक बालिकाओं ने इसका लाभ उठाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

## प्रेमिका की हत्या के जुर्म में प्रेमी और उसकी मां दोषी करार

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** प्रेम-प्रसंग की आड़ में हुई एक दिल दहला देने वाली हत्या के मामले में औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश (सात) निशित दयाल की अदालत ने गोह थाना क्षेत्र के दो आरोपितों कोशल कुमार और उसकी मां चंद्रमणि देवी को दोषी करार दिया है। दोनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (सबूत मिटाने) के तहत दोषी ठहराया गया है। सजा पर सुनवाई की अगली तारीख 30 मई तय की गई है। अपर लोक अभियोजक सत्येंद्र कुमार सिंह ने जानकारी दी कि यह मामला गोह थाना कांड संख्या 178/22 से जुड़ा है। 21 जून 2022 को पहाड़ीपुर निवासी विन्देश्वरी पासवान ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मृतका एक विधवा महिला थी जो अपने दो नाबालिग बच्चों के साथ रहती थी। उसका संबंध गांव के ही अविवाहित युवक कोशल कुमार से था। बताया गया कि जब महिला गर्भवती हुई और शादी के लिए कोशल पर दबाव बनाने लगी, तो कोशल और उसकी मां चंद्रमणि देवी ने उसकी हत्या की साजिश रच डाली और हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान कल से : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ अधिकतम जरूरतमंद व वाजिब लोगों को दिलाने के लिए 26 से 28 मई तक जिले में विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अब तक वंचित रहे पात्र लोगों को आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाया जाएगा। आज प्रेसवार्ता के दौरान जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि अभियान को व्यापक पैमाने पर सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें कई जरूरी निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के तहत 18 लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें अब तक एक लाख से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। पिछले बार जिले की अच्छी प्रगति रही थी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक व पंचायत स्तर पर चयनित लाभार्थियों की सूची के आधार पर सुनियोजित तरीके से कार्ड निर्माण किया जाएगा। पंचायत सरकार भवन, जन वितरण प्रणाली केंद्र, वार्ड कार्यालय, वसुधा केंद्र, सभी सरकारी अस्पतालों के डिजिटल काउंटर एवं अन्य उपयुक्त स्थलों पर शिविर का संचालन कर जरूरतमंदों को आयुष्मान गोल्डेन कार्ड का निर्माण कर लाभुकों को प्रदान किया जाएगा। पीएचसी व सीएचसी में चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगरीय निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग के कार्यपालक सहायक, जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता, विकास मित्र सभी को अभियान में सक्रिय भूमिका दी गई है। डीएम ने इस विशेष अभियान की व्यापक सफलता के लिए प्रत्येक लाभार्थी से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने निकटतम शिविर में जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। जिनके पास पहले से कार्ड है, वे भी सत्यापन करा लें। 70 से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधा केंद्र सभी प्रमुख कार्यालयों एवं पार्कों में संचालित किए जाएंगे।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** शनिवार को ओबरा थानाध्यक्ष को ग्राम काशी बिगहा से सूचना मिली कि वहां एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर औरंगाबाद पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक कृष्णा नोनिया पिछले तीन-चार दिनों से मानसिक तनाव में था और किसी से बात तक नहीं कर रहा था। संभवतः इसी कारण उसने यह कदम उठाया। मृतक की उम्र 55 वर्ष थी, पिता का नाम स्व0 धनुक नोनिया, तथा वह काशी बिगहा का निवासी था। फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया। शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की विधि-सम्मत जांच जारी है।

## सड़क दुर्घटना में बिजली मिस्त्री की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** काम कर घर लौट रहे बाइक सवार बिजली मिस्त्री को तेज रफ्तार एक ट्रक ने रौंद दिया जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान दाउदनगर के वार्ड नंबर - 8 निवासी मोहम्मद शमीम अहमद के बेटे 40 साल के आरिफ हुसैन के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार मृतक पेशे से बिजली मिस्त्री था और वह सोलर पैनल लगाने वाली कंपनी के साथ औरंगाबाद में काम कर रहा था। मामला जम्होर थानाक्षेत्र के चित्रगोपी गांव के पास एनएच 139 का है। पीछे से आ रही ट्रक ने बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दिया। लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी जिसके आलोक में प्रभारी थानाध्यक्ष नितिन कुमार मिश्रा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

## प्रधानमंत्री की रैली को सफल बनाने पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी कुटुंबा मंडल पूर्वी के कार्यसमिति की बैठक शनिवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। इस दौरान प्रधानमंत्री की विक्रमगंज में प्रस्तावित सभा को सफल बनाने तथा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने बताया कि पूर्वी मंडल में सभी बूथ पर बूथ कमिटी का गठन कर लिया गया है। मंडल कमेटी के सभी कार्यकर्ता बूथ कमेटी के सभी सदस्यों से संपर्क बनाए रखें। पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों को धरातल पर उतारने का प्रयास करें और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकासोन्मुखी कार्यों को घर- घर जाकर बताएं। वहीं मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आगामी 30 मई को विक्रमगंज में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को लेकर सभा स्थल पर पहुंचें। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, महामंत्री अभय पासवान, अमरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, मंत्री सुजीत सिंह, मीडिया प्रभारी श्रीमन पांडेय, प्रवक्ता नवल किशोर पाठक उर्फ भोला पाठक समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा में डीएम ने दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में औरंगाबाद जिला अंतर्गत सभी नगर निकायों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बुनियादी सुविधाओं की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से नल-जल आपूर्ति, स्वच्छता मिशन, सार्वजनिक शौचालयों की उपलब्धता, स्ट्रीट लाइट की कार्यशीलता, नक्शा निर्गत की स्थिति, राजस्व संग्रहण, प्रधानमंत्री आवास योजना, पार्कों की दशा तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। नगर परिषद दाउदनगर द्वारा अवगत कराया गया कि 06 वार्डों में लक्षित 1645 घरों में नल जल आपूर्ति की जा रही है, जबकि बुडको द्वारा 21 वार्डों में 8000 लक्षित घरों में से 5939 घरों में जलापूर्ति सुनिश्चित की गई है। शेष वंचित घरों में चापाकल, ओवरहेड टैंक एवं जल टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है। रफीगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पीएचईडी द्वारा 08 वार्डों में नल जल आपूर्ति की जा रही है एवं शेष 08 वार्डों में कार्य प्रक्रियाधीन है। आवश्यकतानुसार स्टैंड पोस्ट पेयजल व्यवस्था से नागरिकों को जल-आपूर्ति की जा रही है। नगर पंचायत देव द्वारा 1040 घरों में नल-जल आपूर्ति की जा रही है, जबकि अन्य घरों में चापाकल एवं 16 स्थायी प्याऊ के माध्यम से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर परिषद औरंगाबाद में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण, स्त्रोत पर कचरे के पृथक्करण एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान जारी है। नगर परिषद क्षेत्र में नियमित झाड़ू, सफाई तथा प्रमुख नालों की वार्षिक उड़ाही और छोटी नालियों की सतत सफाई की व्यवस्था लागू है। रफीगंज नगर परिषद में सफाई कार्य दो पालियों में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसमें व्यवसायिक क्षेत्रों में द्वितीय पाली की सफाई प्रमुखता से की जाती है।

## बालिका सशक्तिकरण अभियान में बीआरबीसीएल निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बीआरबीसीएल में शनिवार को बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के उद्घाटन समारोह पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) एवं बीआरबीसीएल के निदेशक सुदीप नाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनएसटीपीपी के परियोजना प्रमुख एल. के. बेहरा सहित अन्य अतिथि भी सम्मिलित हुए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी ने



स्वागत संबोधन में बीआरबीसीएल की ओर से बालिका सशक्तिकरण अभियान में निभाई जा रही भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही आगामी एक माह तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा भी प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि सुदीप नाग ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में बालिका सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया और उपस्थित बच्चियों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। उन्होंने इस अभियान के अंतर्गत चुनी गई 40 बालिकाओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 की बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और अपने अनुभव साझा किए। इसके अतिरिक्त संगिनी लेडीज क्लब की सदस्यों और बाल भवन के बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया।

## इवीएम व वीवीपैट का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से प्रखण्ड परिसर अन्तर्गत अवस्थित ई0वी0एम0/ वी0वी0पैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार प्रत्येक माह में ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया जाना है। निरीक्षण के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मानकों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। ई.वी.एम. एवं वीवीपैट के मासिक निरीक्षण के अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली, जनता दल यूनाईटेड के प्रखंड महासचिवसह जिला कार्यकरणी सदस्य रितेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के पंकज कुमार , भारतीय जनता पार्टी के रंजीत कुमार, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनेश कुमार, सीपीआईएम जिलाध्यक्ष कपील कुमार सिंह मौजूद रहे।

## बीडीओ ने चुनावी तैयारी के लिए दिए निर्देश

**ओबरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को बीएलओ के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनुस सलीम ने की। बैठक में बीएलओ सहित प्रखंड शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदाताओं को बूथ पर पहुंचने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि बूथ तक जाने के लिए एप्रोच पथ की स्थिति सुदृढ़ होनी चाहिए और हर केंद्र पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। यूनुस सलीम ने लिंगानुपात, 99 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के भौतिक सत्यापन, दिव्यांग मतदाताओं की सूची तैयार करने और भीआपी (बीएलओ एप्स पर इनएक्टिव) मतदाताओं के नाम छूटने से रोकने पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने सभी बीएलओ से यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे। बैठक के दौरान उन्होंने कर्मियों को चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध वरीय अधिकारियों को कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

## 26 मई तक हस्तांतरण का प्रस्ताव करें समर्पित : डीएम

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परियोजना से संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता दो दिनों के भीतर पुनर्वास एवं पुनर्रस्थापन (आरएनआर) से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करें ताकि अगली कार्यवाही यथाशीघ्र प्रारंभ की जा सके। साथ ही, अंचल अधिकारी देव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि गैरमजरूआ भूमि का हस्तांतरण एवं रैयती भूमि का शत्तलीज हेतु निःशुल्क निबंधन के लिए आवश्यक विस्तृत प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने अंचल अधिकारी नवीनगर को निर्देशित किया कि वे परियोजना से संबंधित शेष सरकारी भूमि के हस्तांतरण का प्रस्ताव 26 मई 2025 तक समर्पित करें।

## माध्यमिक शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी करेंगे प्रदर्शन

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार प्रदेश माध्यमिक शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के बैनर तले औरंगाबाद जिला इकाई से जुड़े सभी अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी 27 मई को अपनी मांगों को लेकर समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में संघ के संयोजक प्रदुम्न सिंह और सदस्य विवेक कुमार ने औरंगाबाद जिला पदाधिकारी को आवेदन प्रेषित किया है। आवेदन में बताया गया है कि बिहार के 715 अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों पर राज्य सरकार द्वारा पूर्व में निर्धारित वितरित संबद्धता नियमावली 2011 को लागू कर दिया गया है, जो शिक्षकों और कर्मियों के हित में नहीं है।